सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 6:49

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.6 न्यू | 24.3 अधि |
| धर्मशाला | 16.9 न्यू | 27.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72488.99 |
| निफ्टी | 21995.85 |
| सोना 73,800 | चांदी 86,216 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 | 7 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 121, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- कंगना ने चंबा के राख में ढाबे में बनाई चाय
- तीन बार बढ़ी चुनावी क्षेत्रों की संख्या एक-एक क्षेत्र से दो बार दोहरा प्रतिनिधित्व

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- पिंजौर-नालागढ़ फोरलेन निर्माण कार्य में देरी
- चेक बाउंस और धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

पृष्ठ 12 पर पढ़ें



- राज्य के अधिकांश भागों में आज बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट
- मिड-डे मील कर्मियों को मई से मिलेगा बढ़ा हुआ मानदेय

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- डेवोन कॉनवे चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर
- पर्चा दाखिल करने से पहले साणंद में अमित शाह का शक्ति प्रदर्शन

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## आज का मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स vs चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान: लखनऊ, समय : रात 7:30 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ी



**दिल्ली।** शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को वीरवार को झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इससे पहले कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ाई थी।

### जुब्बल में बोलेरो कैंपर दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**रोहड़ू।** जुब्बल की झगटान पंचायत में कोठु संपर्क मार्ग पर वीरवार शाम को बोलेरो कैंपर के दुर्घटनाग्रस्त होने से महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। मृतकों की पहचान दिनेश कुमार(35) पुत्र गिरजानंद गांव झगटान, घामती देवी (52) पत्नी ध्यान सिंह गांव झगटान के रूप में हुई है। कपिल पुत्र साधु राम निवासी कोठू गंभीर रूप से घायल हुआ है। डीएसपी रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है। एसडीएम राजीव सांख्यान ने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत प्रदान की गई है।

### सलमान खान गोलीकांड मामले में एक और शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक और शख्स को गिरफ्तार किया है। 14 अप्रैल को बाइक सवार दो बदमाशों ने गैलेक्सी अपार्टमेंट की तरफ पांच गोलियां चलाईं थीं। इन बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद अब एक और गिरफ्तारी हुई है। यह शख्स लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और शूटरों के संपर्क में था। इस शख्स को पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अकाउंट डिपार्टमेंट

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**लोकसभा चुनाव :** कुल 1625 प्रत्याशी, 8 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 1 पूर्व राज्यपाल का भाग्य होगा ईवीएम में कैद

# पहले चरण की वोटिंग आज

एजेंसी, नई दिल्ली

**देश** के 21 राज्यों की 102 सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग शुक्रवार को होगी। इस चरण में नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल के आठ केंद्रीय मंत्री, सदस्यों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद होगा।

- 21 राज्यों की 102 सीटों पर होगा मतदान
- 1625 प्रत्याशी अजमा रहे किस्मत

कुल 1625 प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण में अरुणाचल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुड्डुचेरी में मतदान होगा। वहीं, मतदान को लेकर राज्यों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। 2019 में पहले चरण में कुल 91 सीटों के लिए मतदान कराए गए थे। इनमें से 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस के महज नौ उम्मीदवार जीतने में सफल रहे थे। इसके अलावा 51 सीटों पर अन्य दलों ने कब्जा जमाया था।

मतदान के लिए चुनावी टीम तैयार



**कहां, कितनी सीटों पर वोटिंग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुड्डुचेरी | 1 | जम्मू-कश्मीर | 1 |
| मिजोरम | 1 | लक्षद्वीप | 1 |
| मेघालय | 2 | राजस्थान | 12 |
| मध्य प्रदेश | 6 | सिक्किम | 1 |
| मणिपुर | 2 | तमिलनाडु | 39 |
| महाराष्ट्र | 5 | त्रिपुरा | 1 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2 | उत्तराखंड | 5 |
| असम | 5 | उत्तर प्रदेश | 8 |
| बिहार | 4 | पश्चिम बंगाल | 3 |
| छत्तीसगढ़ | 1 | नगालैंड | 1 |
| | | अंडमान निकोबार | 1 |

- 1,491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार मैदान में
- 450 यानी 28 फीसदी उम्मीदवार हैं करोड़पति
- 252 उम्मीदवारों पर हैं क्रिमिनल केस दर्ज, 10 ने अपनी संपत्ति बताई शून्य
- सफल चुनाव करवाने के लिए राज्यों में सुरक्षा कड़ी




## प्रदेश में एक माह में पकड़ी 5.51 करोड़ रुपए की शराब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** में आचार संहिता के बीच शराब माफिया पर पुलिस और एक्साइज विभाग की पैनी नजर है। 16 मार्च से 16 अप्रैल तक 5.51 करोड़ रुपए की शराब पकड़ी है। प्रदेश में एक जून को लोकसभा की चार और विधाससभा की छह सीटों पर उपचुनाव होंगे।

राज्य में 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हुई थी। एक माह में अब तक 7,85,51,662 रुपए की अवैध शराब, नकदी, आभूषण आदि जब्त किए हैं। 5.51 करोड़ रुपए की 3,81,343 लीटर शराब, 64.18 लाख की 32 किलो चरस, 1.03 करोड़ की 1.47 किलो हेरोइन और 25 लाख की नकदी जब्त की है। वहीं, 3.35 लाख के सोने और चांदी के गहने भी जब्त किए हैं। हिमाचल में आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होना है। चुनावी प्रक्रिया के लिए सात मई को अधिसूचना जारी होगी।

**हर बार मामलों में बढ़ोतरी**

निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में चुनाव के दौरान हर बार मामलों का आंकड़ा बढ़ा है। 2014 में एक्साइज एक्ट के तहत 176 मामले दर्ज हुए थे। 2017 में विधानसभा चुनाव में दर्ज मामलों की संख्या बढ़कर 337 हो गई। 2019 में 17वीं लोकसभा चुनाव के दौरान 734 मामले दर्ज हुए। 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान मामलों में कुछ कमी देखी गई थी। इस दौरान प्रदेशभर में कुल 651 मामले दर्ज किए गए।

## छेड़छाड़ पर ताया को पांच साल की सजा

**मंडी।** मंडी की अदालत ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के दोषी ताया को पांच साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन पक्ष ने अदालत में 15 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाए थे। अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने यह सजा सुनाई। मामला 9 दिसंबर 2019 का है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस चौकी गागल थाना बल्ह में मामला दर्ज हुआ। शिकायत में बताया कि वह करीब 5 बजे सायं लेंटल पर घूम रही थी, तभी उसके ताया ने उसे नीचे बुलाया और दरवाजा खोलने को कहा। जब पीड़िता ने दरवाजा खोला, तो वह उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर ताया ने उसे पैसे देने की बात कही, जिस पर पीड़िता अपनी बुआ के घर भाग गई और अपने माता-पिता को सब बताया।

## डिप्टी सीएम मुकेश की बेटी आस्था अग्निहोत्री का चुनाव लड़ने से इनकार

### कहा -मां की यादों से जूझ रही हूं, मुझे इस काबिल समझने के लिए कांग्रेस का शुक्रिया

अनंत ज्ञान, ऊना



**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री की बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। दरअसल, हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से उनके नाम की चर्चा थी, लेकिन अब खुद आस्था अग्निहोत्री ने इन चर्चाओं पर विराम लगाया है।

हालांकि, इस संसदीय सीट से पहले ही ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा प्रचार अभियान शुरू कर चुके थे। आस्था ने कहा कि मैं आलाकमान का शुक्रिया करती हूं कि उन्होंने मुझे चुनाव लड़ने के काबिल समझा। यह मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन मेरी मां के देहांत को अभी दो महीने ही हुए हैं। मैं फिलहाल अपनी मां से जुड़ी भावनाओं और उनकी यादों से जूझ रही हूं। चुनाव लड़ने की परिस्थितियां नहीं हैं, इसलिए मैंने विनम्रतापूर्वक चुनाव लड़ने में असमर्थता जाहिर की है। डॉ. आस्था अग्निहोत्री ने विदेश में पढ़ाई की है। लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल कर चुकी हैं। बेटी के चुनाव लड़ने से इनकार करने की बात को खुद डिप्टी सीएम ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ छह विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने सभी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस अभी सिर्फ शिमला और मंडी संसदीय सीटों पर ही अपने प्रत्याशी घोषित कर पाई है, जबकि दो लोकसभा सीटों के अलावा अन्य सभी छह विधानसभा के उपचुनाव को लेकर उम्मीदवारों की तलाश अभी जारी है।

राज्य ड्रग विभाग कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में, प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल हुए हैं फेल

## फेल दवाओं का स्टॉक मार्केट से होगा वापस

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**प्रदेश** में जिन दवा उद्योगों के बार-बार दवाइयों के सैंपल फेल हो रहे हैं, उनके खिलाफ राज्य ड्रग विभाग कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने ड्रग अलर्ट जारी किया है। राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर ने कहा कि सीडीएससीओ के ड्रग अलर्ट में शामिल सभी संबंधित दवा कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए संबंधित बैच का पूरा स्टॉक वापस मंगवाने के निर्देश दिए हैं।

- आदेश : फील्ड स्टाफ सैंपल फेल होने के कारणों का लगाएं पता

फील्ड स्टाफ को ड्रग अलर्ट में सूचीबद्ध दवाओं के खराब पाए जाने के पीछे के कारणों की जांच करने को कहा गया है। बता दें कि हिमाचल में बनी 20 दवाओं के सैंपल एक बार फिर सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। हिमाचल के विभिन्न उद्योगों में बनी दवाओं में जीवन रक्षक दवाओं समेत विभिन्न बीमारियों की दवाएं शामिल हैं।

**इन उद्योगों में बनी दवा नहीं उतर पाई मानकों पर खरा**



**परवाणू** के लीगन हेल्थकेयर की फॉक्सीजेन-200 और 550 के दो सैंपल, बद्दी के अस्ट्रिका हेल्थकेयर की एस्ट्रिपारिन इंजेक्शन, सिरमौर के जेएमएम लैबोरेट्री में निर्मित पार्डिक-एसपी टैबलेट, झाड़माजरी स्थित टॉर्क फार्मास्यूटिकल की मेंटोर एलसी टैबलेट, बद्दी के सिग्मा साफ्टजैल एंड फार्मूलेशन में निर्मित एसिमेटिल-एसपी दवा, बद्दी के बॉयोलटस फार्मास्यूटिकल में निर्मित टेल वर्ज एच दवा, कालाअंब सिरमौर की फार्मा उद्योग की दवा ओपिसोपरोट-200 दवा, बरोटीवाला के फार्मारूटस हेल्थकेयर में निर्मित कैल्सियम कार्बोनेट टेबलेट 500 एमजी के दो सैंपल, पांवटा साहिब के एमसी फार्मास्यूटिक्स उद्योग में निर्मित एक्सीफ्लो-ओजैड टैबलेट, बद्दी की सालस फार्मास्यूटिक्स में निर्मित सालूजिंक-20 दवा, बद्दी के एएनजी लाइफ साइंस उद्योग में निर्मित इनालाप्रिल माइलेट 5 एमजी दवा, परवाणू के मोरपेन लैबोरेट्री में निर्मित डोमिपेन टैबलेट, बद्दी के ऑर्चिड मेड लाइफ की दवा आरबेन-20, परवाणू के एक्सेस लाइफ साइंस उद्योग की दवा एब्रोडोल एस कफ सिरप और एल मैल्ट सिरप दो सैंपल फेल हुए हैं। कालाअंब के साइटैक मेडिकेयर उद्योग में निर्मित ट्रायपोड-200, कालाअंब के उद्योग की अलर्नो टैबलेट व बद्दी के फारजेन हेल्थकेयर उद्योग में बनी दवा शामिल है।

ईडी का आरोप : मेडिकल बेल के लिए खेल

## जमानत के लिए आम और मिठाई खा रहे केजरीवाल

एजेंसी, नई दिल्ली

**तिहाड़** जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक याचिका को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई है। कोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी दलीलें देते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल हेल्थ ग्राउंड पर बेल लेने की कोशिश कर रहे हैं।



- जानबूझ ले रहे हाई ब्लड शुगर फूड

जेल में केजरीवाल पूड़ी-आलू, आम और मिठाई खा रहे हैं, ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए और वह बेल हासिल कर सकें। अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिन पहले एक याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने गुहार लगाई थी कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए निरंतर अपने चिकित्सक के संपर्क में रहना चाहते हैं। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को घर से गिरफ्तार किया था। ईडी के वकील जोहेब हुसैन स्पेशल जज कावेरी बावेजा के सामने यह जानकारी दी।

वकील हुसैन के मुताबिक, हमने डाइट चार्ट अदालत के सामने रखा है। इस चार्ट में आम और मिठाई थी। केजरीवाल ने खासकर मिठाइयों का सेवन किया था, जिन्हें खाने की किसी भी डायबिटिक को अनुमति नहीं होती।

## ईवीएम-वीवीपैट मामले का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** ईवीएम के वोटों और वीवीपैट पर्चियों की क्रॉस चेकिंग की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग की दलीलें सुनीं और फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में शुचिता होनी चाहिए।

- सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- वोटर्स को वोटिंग पर्ची क्यों नहीं दे सकते
- चुनाव आयोग बोला- इसका गलत इस्तेमाल होगा

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अपनाए कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कहा। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटर्स को वीवीपैट स्लिप देने में बहुत बड़ा रिस्क है। इससे वोट की गोपनीयता से समझौता होगा और बूथ के बाहर इसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दूसरे लोग कैसे कर सकते हैं, हम नहीं कह सकते।

**वर्ल्ड लिवर डे** चिट्टा और शराब के सेवन से बढ़े मामले, हर माह में करीब 150 मरीज करवा रहे उपचार

# नशे से 35% हिमाचलियों के लिवर हो रहे खराब

रविंद्र जस्टा, शिमला

अनंत ज्ञान विशेष

**हिमाचल** में चिट्टा और शराब के सेवन से 35 फीसदी हिमाचलियों के लिवर खराब हो रहे हैं। शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में हर माह करीब 150 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, जिसमें 35 फीसदी मरीज लिवर की बीमारियों से ग्रस्त होते हैं। आईजीएमसी गैस्ट्रोलॉजी विभाग के डॉक्टर राजेश ने बताया कि 2015 की अपेक्षा ज्यादा मामले आ रहे हैं।

स्पीति में हेपेटाइट्स-बी पाया जाता है। हेपेटाइट्स-सी जो कि चिट्टे के सेवन से होता है। लिवर खराब होने का पता अल्ट्रासाउंड व ब्लड टेस्ट करने से चलता है। हिमाचल में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा नहीं है। मरीजों को बाहरी राज्यों में रेफर करना पड़ता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में मृत्यु का 10वां सबसे आम कारण लिवर की बीमारी है। (अनंत ज्ञान)



**हेपेटाइटिस-बी और सी की स्क्रीनिंग भी जरूरी**

स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या होने पर हेपेटाइटिस-बी और सी की भी स्क्रीनिंग करवा लेनी चाहिए। कभी जाने-अनजाने में ड्रग्स के प्रयोग, असुरक्षित यौन संबंध जैसे कारणों से भी हेपेटाइटिस की आशंका रहती है। इस बीमारी का बचाव संभव है। बशर्ते सही समय पर जांच हो और सही उपचार हो।

**30 से 35 लाख में होता लिवर ट्रांसप्लांट**



**लिवर** ट्रांसप्लांट करने में 30 से 35 लाख रुपए का खर्च आता है। डोनर कम ही मिलते हैं। पहले लिवर को मैच करना पड़ता है। लिवर पेट के दाहिने तरफ रिब केज के नीचे मौजूद मानव शरीर का आवश्यक अंग है। लिवर पित्त का उत्पादन करता है, जो भोजन को पचाने में मदद करता है। ऐसे में लिवर से जुड़ी कोई समस्या या बीमारी न केवल पाचन तंत्र को प्रभावित करती है, बल्कि गुर्दे, फेफड़े, हृदय और मस्तिष्क के कार्य कर भी असर डालती है।

**लक्षण**

लिवर समस्या का शुरुआत में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं उभरता है। नियमित अंतराल पर जांच से ही पता लगा सकते हैं। कुछ लक्षण होते हैं, जिसको लेकर सतर्क हो जाना चाहिए। खासकर, सीधे हाथ में ऊपर की तरफ थोड़ा भारीपन महसूस हो सकता है। आमतौर पर लिवर की बीमारी एडवांस चरण में पकड़ में आती है। गंभीरता बढ़ने पर पैरों में सूजन, पेट का आकार बढ़ने, पेट में पानी इकट्ठा होने जैसे लक्षण होने लगते हैं।

**खानपान और व्यायाम जरूरी**

**लिवर** को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज करें। भोजन में चीनी, फैट कम से कम लें। प्रोटीन का अनुपात बढ़ाकर रखना चाहिए। पनीर, सोया, बादाम, अखरोट, मछली और अंडे का सेवन करें। रोजाना कम से कम 15 मिनट की हेवी एक्सरसाइज करना जरूरी है। ब्रिस्क वॉक, वजन उठाने वाले एक्सरसाइज, साइकिलिंग, पैडलिंग आदि लिवर को सेहतमंद रखने में उपयोगी साबित होते हैं।

## स्वदेशी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारत ने लंबी दूरी की स्वदेशी 'निर्भय' सबसोनिक क्रूज मिसाइल का वीरवार को सफल परीक्षण कर फिर इतिहास रचा है।

यह मिसाइल बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

## शिल्पा शेट्टी का फ्लैट और राज कुंद्रा की 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

एजेंसी, मुंबई

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की करीब 98 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। इसी के साथ एजेंसी ने जुहू का वह फ्लैट भी कुर्क किया है, जो शिल्पा के नाम पर है।

ईडी की ओर से जब्त की गई संपत्तियों में जुहू का एक फ्लैट, पुणे का बंगला और राज कुंद्रा के नाम से कई इक्विटी शेयर भी शामिल हैं। बता दें, ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। आरोप है कि 2017 में 10 प्रतिशत मासिक रिटर्न के झूठे वादे करके में बिटकॉइन के रूप में 6,600 करोड़ रुपए का फंड जुटाया था। ईडी की जांच में पाया गया कि राज कुंद्रा को इस पूरे घोटाले के मास्टरमाइंड अमित भारद्वाज से यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग में निवेश करने के नाम पर 285 बिटकॉइन मिले थे, लेकिन यह निवेश नहीं हुआ और और ये बिटकॉइन आज भी कुंद्रा के पास हैं। इन बिटकॉइन्स की मौजूदा वैल्यू इस समय 150 करोड़ रुपए से ज्यादा है।



# फतेहपुर चडेई माता मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के अंतर्गत फतेहपुर स्थित चडेई माता मंदिर में आयोजित भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा पहुंचे। उनके साथ पूर्व महापौर एवं भाजपा नेता औंकार नैहरिया सहित भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने मंदिर में माथा टेका और आगामी चुनावों में अपनी जीत की प्रार्थना की। इस दौरान वह स्थानीय लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को भी सुना। सुधीर शर्मा का यह दौरा गैर राजनीतिक था।



फतेहपुर स्थित चडेई मंदिर में आशीर्वाद लेते भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा।

# पौंग किनारे गेहूं की फसल तैयार कटाई पर असमंजस बरकरार

## किसान सोच में वन्य प्राणी विभाग कंबाइन के माध्यम से कटाई की परमिशन देगा या नहीं

**अनिल छांगू, जवाली**

पौंग झील किनारे बिना परमिशन बीजी गई गेहूं की फसल अब पक कर तैयार हो गई है तथा ऐसे में फसल की कटाई भी शुरू होने वाली है, लेकिन सवाल यह उठता है कि अब वन्य प्राणी विभाग कंबाइन के माध्यम से फसल की कटाई करने देगा या नहीं। पौंग झील किनारे वन्य प्राणी विभाग की जमीन पर खेती करना प्रतिबंधित है, लेकिन इस बार सुक्खू सरकार ने घोषणा करके बीजाई करने की परमिशन दे दी, लेकिन वन्य प्राणी विभाग के पास इसकी कोई भी नोटिफिकेशन नहीं है।

मात्र कुछ एक कांग्रेस समर्थित कार्यकर्ताओं को पंचायत प्रतिनिधियों सहित साधन संपन्न परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए कांग्रेस सरकार ने मौखिक रूप से वन्य प्राणी विभाग की खाली जमीन पर बीजाई करने की परमिशन दे दी जिस कारण इस बार पौंग झील में करीबन 22 हजार प्रवासी परिंदे कम पहुंचे तथा पर्यटक भी कम ही आए।

फसल की आड़ में प्रवासी परिंदों का जमकर शिकार भी हुआ। साधन संपन्न परिवारों ने फसल को बचाने के लिए धागे व डोरियां खेतों में लगा रखी थीं जिसमें फंसकर प्रवासी पक्षी मौत का ग्रास बन गए। जहरीली दवाइयां डालकर भी प्रवासी परिंदों को मार डाला गया। साधन संपन्न परिवारों ने इस बार फसल में जमकर कीटनाशक का छिड़काव किया है जोकि झील किनारे पलने वाले जीव-जंतुओं व झील में पलने वाली मछलियों के लिए खतरनाक साबित होंगे। अब साधन संपन्न परिवारों द्वारा कटाई के लिए कंबाइन मंगवा ली गई हैं जिनसे झील किनारे बीजी गई फसल की कटाई करवाई जाएगी और अवशेष को आग लगाकर जला दिया जाएगा जिससे पर्यावरण प्रदूषण होगा। (अनंत ज्ञान)



पौंग झील किनारे तैयार हुई गेहूं की फसल।

### सरकार ने बनाया मूर्ख

पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा व कुलवंत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने झील किनारे बीजाई करने की बात कहकर जनता को मूर्ख बनाया है, लेकिन इस खेती को करने की कोई नोटिफिकेशन वन्य प्राणी विभाग के पास नहीं है। अब झील किनारे फसल बीजने वाले किसी भी व्यक्ति को कंबाइन से कटाई की परमिशन नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि कंबाइन से कटाई करने वालों व कंबाइन चालकों पर सख्त एक्शन लिया जाए।

### कंबाइन से कटाई नहीं करने दी जाएगी : डीएफओ

इस बारे में वन्य प्राणी विभाग हमीरपुर के डीएफओ रेजीनोड रॉयस्टोन ने कहा कि हमारे पास झील किनारे खेती करने की कोई नोटिफिकेशन नहीं आई है। किसी को भी कंबाइन से कटाई नहीं करने दी जाएगी।

# कांगड़ा में 37 हजार नकदी के साथ गहने चोरी

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत घर में चोरी की वारदात सामने आई है। सेवकरा के वार्ड नंबर तीन के निवासी किशोरी लाल की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता किशोरी लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत मंगलवार को वह परिवार सहित अपने ससुराल भनाला गए हुए थे। जब वह वीरवार को वापस घर लौटे तो घर के मेन दरवाजे का कुंडा टूटा हुआ मिला। जब उसने अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी व बैड बॉक्स इत्यादि खुले पड़े थे और उनमें रखा सामान बिखरा हुआ था। घर की जांच करने पर पाया गया कि अलमारी में रखे 37500 रुपए नकद, सोने के आभूषण, दो मोबाइल फोन तथा एक स्मार्ट वॉच गायब थे। पुलिस थान कांगड़ा में चोरी की इस घटना को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर पुलिस थाना कांगड़ा के एसएचओ संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

## बीएड छात्रा की संदिग्ध मौत का मामला

# मौत की गुत्थी सुलझाने जुटी फोरेंसिक टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**शीला में बाथरूम में लटका मिला था युवती का शव**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

धर्मशाला में बीएड छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले में फोरेंसिक टीम जांच में जुट गई है। फोरेंसिक टीम द्वारा मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं और टीम बारिकी से साक्ष्यों का अध्ययन कर रही है। युवती के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि युवती के शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अभी नहीं आई है।

रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही युवती के मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि युवती के कॉल डिटेल को खंगाला जा रहा है, साथ ही युवती के सहपाठियों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टि में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन जांच के बाद ही मौत के असल कारण सामने आएंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को धर्मशाला के शीला में किराए के मकान में रह रही युवती का शव बाथरूम में लटका हुआ मिला। मकान मालिकों ने जब बाथरूम की लाइट लंबे समय से ऑन देखी तो उन्होंने युवती के कमरे का दरवाजा खोला और देखा कि युवती बाथरूम के अंदर फंदे से लटकी हुई है। मकान मालिकों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। युवती जिला शिमला के रोहडू की रहने वाली थी और धर्मशाला बीएड कर रही थी।

# वोटर हेल्पलाइन ऐप से स्लिप करें डाउनलोड: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मतदाता सूची में नाम ढूंढना और नाम दर्ज करवाना हुआ आसान**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के 'वोटर हेल्पलाइन ऐप' से पात्र मतदाता अपनी डिजिटल फोटो वोटर स्लिप भी डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप आम मतदाताओं के लिए काफी मददगार साबित हो सकता है। वोटर हेल्पलाइन ऐप में आम मतदाताओं के लिए कई सुविधाजनक फीचर्स उपलब्ध करवाए गए हैं। मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढना, मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना, मतदाता के विवरण को दुरुस्त करवाना और मतदाता पहचान पत्र को आधार नंबर या मोबाइल नंबर से लिंक करवाना जैसे महत्वपूर्ण कार्य इस ऐप के माध्यम से घर बैठे ही करवाए जा सकते हैं।



इसके अलावा उम्मीदवारों का विवरण, निर्वाचन प्रक्रिया, चुनाव परिणाम और ईवीएम से संबंधित कई जानकारियां भी इसी ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। निर्वाचन संबंधी शिकायत भी इस ऐप से की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर हेल्पलाइन ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से फ्री में डाउनलोड किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इस ऐप में पुख्ता प्राइवेसी फीचर्स मौजूद हैं और यह यूजर्स की किसी भी प्रकार की जानकारी स्टोर नहीं करता है। राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल एनवीएसपी और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी छूटे लोगों से अपील की है कि वे चार मई से पहले अपने नाम मतदाता सूचियों दर्ज करवाना सुनिश्चित करें, ताकि वे आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# बीजेपी के लिए फांस बनेगा चंदा : सुदर्शन

**नूरपुर।** जसूर में प्रेसवार्ता के दौरान सुदर्शन शर्मा ने बताया कि बीजेपी द्वारा अंदरखाते चलाया जा रहा चुनावी चंदे (इलेक्टोरल बॉन्ड) का धंधा देश में आगामी लोकसभा चुनावों में बीजेपी के लिए फांस का फंदा बन चुका है। इलेक्टोरल बॉन्ड पर मोदी जी से पूछे गए सवालों पर देश में चुनावी चंदे को पारदर्शिता बताया लेकिन प्रशन उठता है कि 80 फीसदी चंदे का हिस्सा बीजेपी को हो क्यों मिला जिस चंदे का एसबीआई से अधिकतम राशि की निकासी को आम जनमानस में उजागर नहीं किया गया जो संदेह के घेरे में है।

## न्यूज ब्रीफ

### बस स्टैंड इंदौरा में जागरण व भंडारा कल

**इंदौरा।** जय मां क्लब इंदौरा द्वारा 17वां विशाल जागरण व भंडारा 20 अप्रैल को बस स्टैंड इंदौरा में हर साल की तरह इस बार भी बड़ी धूमधाम व उत्साह से मनाया जा रहा है। यह जानकारी प्रेस सचिव सौरव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि महामाई की विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ भव्य झांकियां व बैंड बाजों भक्तजनों के साथ बड़ी प्रातः 6:15 बजे बस स्टैंड इंदौरा से मां चिंतपूर्णी मंदिर सनौर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा वापस बस स्टैंड इंदौरा में पहुंचेगी। उसके बाद मां का भंडारा प्रात 9:15 बजे से माता रानी की इच्छा तक चलता रहेगा। महामाई के जागरण में रामस्वरूप एवं भारद्वाज बद्रर्स द्वारा महामाई का गुणगान किया जाएगा। उसके उपरांत अंतरराष्ट्रीय गायक मनी लाडला महामाई के जागरण में माता रानी की भेंटों का गुणगान करेंगे ,वहीं रात को धनी सज्जनों द्वारा विभिन्न प्रकार के खाने पीने के स्टॉल श्रद्धालुओं के लिए लगाए जाएंगे।

### आठ दिन बाद मनियाला पहुंचा आकाश का शव

**गरली।** मलेशिया में 10 अप्रैल को अचानक पैर फिसलने से समुंद्र में डूबे 23 वर्षीय आकाश जम्वाल पुत्र सुरेंद्र जम्वाल का शव वीरवार को आठ दिन बाद पैतृक गांव मनियाला (गरली ) पहुंचा। नौजवान बेटे का शव जैसे ही गरली के गांव मनियाला पहुंचा तो सैकड़ों ग्रामीणों की आंखे नम हो गई। आकाश के निधन ने न केवल पीड़ित मां-बाप व अन्य परिवार की कमर तोड़ दी है बल्कि समूचा क्षेत्र दुखी है। आकाश का कालेश्वर महादेव स्थित ब्यास नदी के किनारे सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम सस्कार किया। बता दें कि 10 महीने पहले ही आकाश मर्चेंट नेवी में भर्ती हुआ था। 10 अप्रैल को मलेशिया में शिप पर ड्यूटी के दौरान उसका पैर अचानक फिसला और आकाश समुंद्र में गिर गया। लिहाजा वहां गोताखोरों की टीम ने उसे लगातार तलाश किया तो उसका शव 13 अप्रैल को सर्च ऑपरेशन के दौरान घटना स्थल से 4 किलोमीटर दूर मिला। आकाश के पिता सुरिंद्र क्षेत्र के नामी कारोबारी है। बेटे की मौत से घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूर्व पंचायत प्रधान अंजना शर्मा ने बताया कि आकाश का एक बड़ा भाई है जो की अपने पिता के साथ ही कार्य करता है। इसी बीच घर का छोटा चिराग अचानक बुझ गया है ,परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्राम पंचायत मनियाला ने इस प्रकरण पर दुख व्यक्त किया है।



## ब्लॉक अध्यक्ष हरभजन चौधरी, देविंद्र जग्गी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# चैतड़ू, घणा व पदर में प्रदेश सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश की सबसे हॉट सीट बन चुकी धर्मशाला में चुनावी सरगर्मियों का पारा भी चढ़ने लगा है। चुनावों में जीत हासिल करने के लिए ब्लॉक कांग्रेस ने कमर कस ली है। इसी के चलते वीरवार को ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी हरभजन सिंह, प्रदेश महासचिव देविंद्र जग्गी और कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश पप्पी ने लगातार तीन जगह बैठकों का आयोजन किया।

ये बैठकें धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की निचली बैल्ट के चैतड़ू, घणा और पदर में की गई। इस मौके पर कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और चुनावों को लेकर आगामी रणनीति पर मंथन किया। चौधरी हरभजन सिंह ने बताया कि गांव में की जा रही नुक्कड़ बैठकों में लोगों का काफी रूझान मिल रहा है, खासकर पुराने कार्यकर्ताओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है। इस दौरान प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम के सभी 17 वार्डों में वर्कर्स ने अपना काम शुरू कर दिया है। इसी तरह ब्लॉक की 29 पंचायतों में भी कांग्रेस की टीमें प्रदेश सरकार के 14 माह के काम को गिनाएंगी। इसमें ओल्ड पेंशन, राजीव गांधी स्टार्ट अप व इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना के बारे में जनता को बताया जाएगा।



वीरवार को आयोजित बैठक के दौरान मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी व ग्रामीण।

कांग्रेस ने पांच साल में दस गारंटियां पूरी करने की बात कही है, लेकिन पहले ही साल चार गारंटियों को पूरा किया है। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। हिमाचल में आपदा के समय केंद्र सरकार ने मदद नहीं की, उसके बावजूद कांग्रेस ने आपदा प्रबंधन किया। साथ ही सुख आश्रय जैसी योजना में प्रदेश के कई बच्चों को चिल्ड्रन आफ स्टेट का दर्जा दिया। सरकार इन बच्चों का खर्च उठा रही है। प्रदेश सरकार के कर्मियों के लिए अच्छा काम किया है। अब इन चुनावों के बाद जैसे ही कोड आफ कंडक्ट हटेगा, तो प्रदेश में विभिन्न विभागों में हजारों नौकरियां निकलेंगी। लोकसभा की चारों सीटें भी जनता कांग्रेस की झोली में डालेगी।

प्रदेश की जनता भाजपा के असली चेहरे को पहचान गई है। ऐसे में इन चुनावों में देश-प्रदेश से भाजपा का सूपड़ा साफ होगा। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश महासचिव देविंद्र जग्गी ने कहा कि धर्मशाला के जनादेश का अपमान करने वालों को जनता इस बार ऐसा सबक सिखाएगी कि कोई भी दोबारा जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करने के बारे में नहीं सोचेगा। जनादेश का अपमान कर दोबारा चुनाव थोंपने वालों को इस बार जनता जरूर सबक सिखाएगी। भज्जी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता और सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। वीरवार को भी तीन पंचायतों में बैठकें की गई, जिसमें कांग्रेस को लोगों का खूब समर्थन मिल रहा है। हाईकमान जिसे भी प्रत्याशी मैदान में उतारेगी, उसकी जीत के लिए पार्टी का हर कार्यकर्ता जी जान से मेहनत करेगा।

# सुधीर शर्मा भाजपा में तो गए दिमाग कांग्रेस के पास छोड़ आए : मदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मोदी की गारंटी उतनी ही सच्ची है जितनी कि मोदी की कही यह बात कि गटर से गैस निकाल कर चाय बनाई जा सकती है। मोदी की गारंटियां 15-15 लाख रुपए हर व्यक्ति के खाते में आएंगे जैसी झूठी और जुमलों से भरी हैं। जनता अब मोदी की गारंटियों पर भरोसा नहीं करती क्योंकि बाद में भाजपा नेता गारंटियों को जुमला करार दे देते हैं। यह तंज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को-ऑर्डिनेटर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल एवं उत्तराखंड युवा कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजन मदान ने प्रेस को जारी एक बयान में कसा है। उन्होंने धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा के दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होकर मोदी की गारंटियों का अब राग अलाप रहे हैं, लेकिन वह भूल गए कि गत विधानसभा चुनावों में जब वह कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ रहे थे तो महिलाओं को मिलने वाली प्रतिमाह 1500 रुपए की योजना का खुद प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी महिला समर्थक घर-घर जाकर महिलाओं को इस योजना की जानकारी दे रही थीं और उन्हें पंजीकृत करने के लिए फॉर्म भी भरवा रही थीं। मदान ने चुटकी लेते हुए कहा कि गत विधानसभा चुनावों में उक्त योजना की आगामी सफलता और महिलाओं के उत्साह को देखते हुए उनकी महिला समर्थक सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर रहीं थीं। मदान ने कहा कि सुधीर शर्मा कांग्रेस को तो छोड़ चुके हैं लेकिन अपना दिमाग कांग्रेस में ही छोड़ आए हैं और ऐसे बयान दे रहे हैं जिनसे लगता है वह अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सबसे महत्वपूर्ण गारंटी पुरानी पेंशन को बहाल कर पूरे देश में मिसाल कायम की है। भाजपा के पास अब कोई चुनावी मुद्दा ही नहीं बचा है।



### हार का शगुन देगी जनता

मदान ने दावा किया कि धर्मशाला की जनता सुधीर शर्मा को ऐसी हार का शगुन देगी जो कि आने वाली पीढ़ियों के लिए मसाल होगी। उन्होंने कहा कि धर्मशाला की जनता शगुन सहित सुधीर शर्मा को हराएगी और वापस बैजनाथ भेजेगी। बकौल मदान, सुधीर शर्मा अपनी जमानत बचाने की ओर ध्यान दें न कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करने में समय नष्ट करें।

# पुराना कांगड़ा में आज निकलेगी श्रीकृष्ण की बारात

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

पुराना कांगड़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। श्रीकृष्ण जन्म पर निकली झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस बेला पर यशोदा और कृष्णा का सखियों के साथ खेलना,नाचना और राक्षसों पूतना के वध के प्रसंग को सुनाया गया। चित्रकूट से आए कथावाचक प्रभु राम अवतार दास ने कहा कि एकादशी का व्रत मनुष्य को अवश्य रखना चाहिए। इससे पाप का नाश होता है। एकादशी के दिन पाप अन्न में समा जाता है और जो भी अन्न खाता है वह पाप का भागीदार होता है। एकादशी को राजा हरीश चंद्र से श्राप मिला था कि जो भी उस दिन अन्न खाएगा पाप उसको लगेगा। कथा के दौरान भगवान राम और सीता का मिलन और राम लक्ष्मण और हनुमान के वनवास दौरान भागवत कथा में शामिल स्कंद का वर्णन किया गया। इस दौरान कृष्ण कन्हैया और बलराम सखियों का माखन के साथ खेलना व चोरी करने पर भी श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई। भागवत कथा की मुख्य यजमान तृप्ता परवान ने बताया कि शुक्रवार को श्री कृष्ण का विवाह कथा स्थल पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कथा स्थल से बारात, झांकियां लेकर नगरवासी पुराना कांगड़ा का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया रोजाना सुबह प्रभात फेरी निकाल कर घर-घर जाकर सनातन धर्म का प्रचार किया जा रहा है।



पुराना कांगड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद श्रद्धालु।

## जागरूकता धीरा स्कूल में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में जागरूक किए वोटर्स

# दिव्यांग और बुजुर्ग घर पर ही कर सकेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धीरा में वीरवार को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) जागरूकता अभियान के तहत सुलह विधानसभा क्षेत्र के 130 बूथ लेवल अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार महेश्वर चौधरी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी है। उन्होंने कहा कि स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि हम सबको वोट डालने का अधिकार है। इसका हमें उपयोग करना चाहिए। इसलिए युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। हम सब 18वीं लोकसभा के लिए मतदान करेंगे, जिसमें नए मतदाताओं की सक्रिय भूमिका की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता पंजीकरण करना और निर्वाचन सहभागिता बढ़ाना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सुलह विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 105328 है जो कि प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर है। इस क्षेत्र में 130 मतदान केंद्र हैं। इस बार दिव्यांग और 85 वर्ष के बुजुर्ग घर पर ही मतदान कर सकेंगे। इसके लिए 12डी फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। धीरा उपमंडल सुलह विधानसभा स्वीप के नोडल अधिकारी प्रो. पवन राणा ने कहा कि स्वीप भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता फैलाने और मतदाता साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारत के चुनाव आयोग का कार्यक्रम है। उन्होंने युवा वर्ग को आगे आकर मतदान को एक उत्सव की तरह मानने का संदेश दिया तथा मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम 2024 लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिए एक प्रयास है, ताकि पिछले चुनाव की तुलना में अधिक मतदान हो सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुशील धीमान, राकेश कुमार, मनोज, प्राध्यापक राकेश कुमार, सुशील कुमार, अभिषेक, शांति स्वरूप, रजनीश, कमलेश, सुनील, अजीत, सुनीता, बीजम व अजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।



धीरा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बूथ लेवल अधिकारी व अन्य।






## चुनावी चुटकी

### पार्टी का गद्दार, टिकट का हकदार



पार्टी का काम भी किया है, कुछ न बदले में लिया है। सालों की मेहनत के बाद भी टिकट दूसरे को दिया है। पहले भी तो हमने इलेक्शन में खूब भितरघात किया था, लेकिन न जाने किसने विरोधी का साथ दिया था। अपने प्रभाव के सभी बूथों पर दिलाई थी विरोधी पार्टी को बढ़त, लेकिन जीतकर निकला वही जिसको दिखाई थी अकड़। अब फिर चुनाव आया है, जुगाड़ तो लगाया है, लेकिन आला कमान को फिर नहीं भाया है। भले ही कर दिया हो टिकट का ऐलान, हमने भी दिल्ली में नेता पर किए हैं एहसान। टिकट की बढ़ा दी है कीमत इतनी, विरोधी के पास संपत्ति भी नहीं उतनी। टिकट दिलाना हो गई है मजबूरी, दिल्ली की डील होनी थी जरूरी। भितरघात से जब बनी नहीं बात, तो पता चली थी एजेंट की औकात। मजबूती से अब नाम चला है, नोट से बड़ी न कोई बला है। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी सोच रहा है, चक्कर क्या टिकट के पीछे पड़ा है। उसका नाम अब फिर आया है, जिसने अपने बूथ पर भितरघात कराया था। पार्टी का गद्दार वही है, लेकिन टिकट का हकदार वही है। -राजेश शर्मा

### चुनावी डील बन रही है



चुनावी मौसम है, अब अगले चुनाव से पहले हाथ रंगने का मौका फिर नहीं मिलेगा। नेता जी ऐसी ही डील की डिटेल बन रही है। नेता जी से बढ़ चुकी जनता की दूरी है, डील फाइनल करना उनकी मजबूरी है। डील ठीक हो जाए तो बनेगी बात, नेता जी की चमचों को होगी यह सौगात। डील में सिर्फ पचास ठेकेदार बनाने हैं और तीन प्रोजेक्ट दिलाने हैं। प्रस्ताव बुरा नहीं है, पार्टी के संगठन में ओहदेदारी भी मांगी है। नेता जी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। ऐसे में डील की सूची उतनी लंबी हो रही है। पिछले चुनाव में डील में रही कमी थी, नेता जी से दस ठेके लिए थे, मात्र चार महकमों में तबादलों की लिस्ट मिली थी। अब तो नेता की चुनौती बड़ी है, डील की लिस्ट भी उसी के मुताबिक बनी है। आठ महकमे तबादलों के लिए मिलेंगे, वादा करो तभी प्रचार में चलेंगे। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी बना हुआ अनजान है, डील करने वाले नेता से उसकी नजदीकी पहचान है। पिछले चुनाव में उन्होंने कराया जो सौदा था, डील के पीछे बनाया पूरा मुसौदा था। अबकी नेता जी खुद डील करेंगे, खुफिया नजर थी फील करेंगे।

## हिमाचल लोकसभा चुनाव एक नजर

### हमीरपुर संसदीय सीटी

**1977** में ठाकुर रणजीत सिंह जनता पार्टी से सांसद बने

**2014** में यहां पर 'आप' प्रत्याशी कमलकांत बत्रा को 15,329 मत पड़े

**2009** में बसपा के मंगत राम शर्मा को 11,774 वोट पड़े

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस आखिरी बार साल 1996 में चुनाव जीती थी। साल 1996 में जनरल विक्रम सिंह (रिटायर्ड) ने प्रेम कुमार धूमल को चुनाव हरा दिया था।



सोलन जिले के अर्की ब्वॉयज स्कूल में मतदाताओं को जागरूक करती स्वीप की टीम।

### पहली तीन लोकसभा में हिमाचलियों की भागीदारी

# तीन बार बढ़ी चुनावी क्षेत्रों की संख्या एक-एक क्षेत्र से दो बार दोहरा प्रतिनिधित्व

भगत सिंह गुलेरिया, मंडी

देश में संविधान सभा और अस्थायी संसद के पश्चात पहली लोकसभा का गठन 1952 में हुआ। उस वक्त हिमाचल में मतदाताओं की संख्या 5,31,018 थी, जिनमें से 2,23,189 द्वारा वैध मतदान किया गया। तब हिमाचल में केवल दो लोकसभा चुनाव क्षेत्र एक चंबा सिरमौर व दूसरा मंडी महासू बनाए गए थे।




इन दो चुनाव क्षेत्रों में 6 दलों ने 10 उम्मीदवार खड़े किए। मंडी महासू सीट पर दो सांसदों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पक्ष में चंबा सिरमौर सीट पर कुल 1,80,581 मतों में से 47,812 मत पड़े और एआर सेवल सांसद चुने गए। इसी प्रकार से मंडी महासू सीट पर कांग्रेस के पक्ष में 3,50,437 मतों में से 1,75,377 मत पड़े और राजकुमारी अमृत कौर सांसद चुनी गई। इस तरह से पहली लोकसभा में हिमाचल के दो लोकसभा क्षेत्रों में से एक डब्बल सदस्यीय होने से कांग्रेस के तीन सांसद शामिल हुए।

कांग्रेस पार्टी को 1,17,036 यानी 52.4 प्रतिशत मत मिले। उस वक्त प्रदेश में किसान मजदूर प्रजा पार्टी 12.3 प्रतिशत यानी 27,368 मत लेकर दूसरे स्थान पर रही। इस पार्टी द्वारा दो उम्मीदवार खड़े किए गए थे, जो तीसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर 23,918 यानी 10.7 प्रतिशत मत लेकर ऑल इंडिया भारतीय जनसंघ रहा। जनसंघ ने दो उम्मीदवार खड़े किए थे, जिनमें से एक-दूसरे स्थान पर रहा। एक आजाद प्रत्याशी ने भी इन चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई और 19,099 मत यानी 8.6 प्रतिशत लेकर चौथा स्थान हासिल किया। ऑल इंडिया शेड्यूल कास्ट फेडरेशन द्वारा भी एक उम्मीदवार खड़ा किया गया था, जिसने 18,988 मत लेकर 8.5 प्रतिशत का समर्थन पाया। सोशलिस्ट पार्टी के एक उम्मीदवार को 16,786 यानी 7.5 प्रतिशत मत मिले। (अनंत ज्ञान)

### दूसरी लोकसभा

दूसरी लोकसभा के गठन के समय वर्ष 1957 में प्रदेश में चंबा, महासू व मंडी तीन लोकसभा चुनाव क्षेत्र बनाए गए थे। अबकी बार महासू क्षेत्र से दोहरे प्रतिनिधित्व का प्रावधान रखा गया था। कुल 6,71,906 मतदाता थे, जिनमें से 3,62,641 यानी 54 प्रतिशत मतदान हुआ। चंबा सीट पर कांग्रेस के पद्म देव 1,70,692 मतों में से 54,197 विजयी रहे। महासू सीट पर कांग्रेस के ही यशवंत सिंह 3,20,908 में से 2,17,844 लेकर विजयी रहे। मंडी सीट पर भी कांग्रेस के ही जोगिंदर सेन 1,80,306 मतों में से 90,640 मत लेकर विजयी रहे। दूसरी लोकसभा में भी हिमाचल से तीन क्षेत्रों में से एक पर डब्बल प्रतिनिधित्व के कारण कांग्रेस के चार सांसद शामिल हुए। इस बार भी छह दलों ने कुल 18 उम्मीदवार खड़े किए थे। कांग्रेस के तीनों विजयी उम्मीदवारों के हिस्से में 47.3 प्रतिशत 1,71,591 मत आए। मत प्राप्ति के हिसाब से दूसरा स्थान 29.6 प्रतिशत यानी 1,07,221 मत 9 आजाद उम्मीदवारों के हिस्से में आए। इनमें से दो उम्मीदवारों ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान 42838 मत लेकर प्रजा सोशलिस्ट पार्टी ने हासिल किया। इस दल के एक ही सदस्य ने चुनाव लड़ा जो तीसरे स्थान पर रहा। ऑल इंडिया शेड्यूल कास्ट फेडरेशन के एक उम्मीदवार के हिस्से में 31089 मत आए। तीसरे स्थान पर रहे सीपीआई के दो उम्मीदवारों द्वारा 9912 मत प्राप्त किए गए। इसी जोर आजमाइश में ऑल इंडिया भारतीय जनसंघ का एक उम्मीदवार भी शामिल रहा।

### तीसरी लोकसभा

तीसरी लोकसभा के गठन के समय 1962 में प्रदेश में कुल 7,11,596 मतदाता थे। इनमें से 35.5 प्रतिशत यानी 2,52,965 लोगों ने ही मतदान किया। इस बार चंबा, महासू, मंडी व सिरमौर चार लोकसभा चुनाव क्षेत्रों का गठन किया गया था। चारों ही क्षेत्रों से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विजयी रहे। चंबा से चतर सिंह को 1,81,428 में से 52,769 मत मिले। महासू से वीरभद्र सिंह को 1,60,883 में से 66,021 मत मिले। मंडी से ललित सिंह को 1,93,127 में से 76,787 मत मिले। इसी प्रकार से सिरमौर से प्रताप सिंह को 1,76,158 में से 57,388 मत मिले। इस बार पांच दलों ने 11 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। कांग्रेस के चारों विजयी उम्मीदवारों को कुल 1,66,749 मत मिले। मत प्राप्ति के हिसाब से स्वतंत्र पार्टी के दो उम्मीदवारों ने 31,049 मत लेकर दोनों ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह से दो हजार उम्मीदवारों ने भी 18,273 मत लेकर दूसरा वह तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिपब्लिक पार्टी के एक उम्मीदवार ने 15,941 मत लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। जनसंख्या के दो उम्मीदवारों को 10,896 मत मिले, इनमें से एक को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। ....शेष अगले अंक में...

# पहाड़ में जातीय समीकरण तय करते हैं उम्मीवारों की जीत

जयसिंह ठाकुर, शिमला

पहाड़ी क्षेत्रों की राजनीति में जातीय समीकरण उम्मीदवारों की जीत और हार को लेकर बड़ी भुमिका में नजर आती है। राज्य के प्रत्येक विधानसभा में राजनीतिक दलों द्वारा टिकट आबंटन को लेकर जातीय समीकरण का खासा ध्यान रखा जाता है। वहीं, मतदान करने तक इसका पूरा ध्यान रखते हुए पर राजनीतिक दल ही नहीं वोटर इस पर काम करते हैं।

राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन के लिए इसका ध्यान रखते हैं। वहीं, वोटरों को साथ लाने के लिए जातिवाद के नाम पर ध्रुवीकरण करने में राजनेता कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। मंडी में 2014 में हुआ चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। उस समय ब्राह्मण वाद पर पूरे ब्राह्मणों को एक साथ लाया। इसका असर यह रहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह को भाजपा के राम स्वरूप से हार का सामना करना पड़ा। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी पूरी तरह से जातीय समीकरण बनाते हुए प्रत्याशियों को चुनावी समय में आने वाले समय में उतारेगी। भाजपा ब्राह्मण, राजपूत और अनुसूचित जाति के नेता को प्रत्याशी बनाया जा चुका है। भाजपा ने अपने चार उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इसमें से दो राजपूत, एक ब्राह्मण और एक आरक्षित सीट से अनुसूचित जाति का प्रत्याशी शामिल है। कांग्रेस अभी ब्राह्मण और ओबीसी प्रत्याशी की तलाश में है। पार्टी ने अभी तक कांगड़ा व हमीरपुर से अभी तक प्रत्याशी का नाम फाइनल नहीं किया है। दो लोकसभा सीटों पर भाजपा ने अभी तक एक राजपूत और एक आरक्षित सीट से अनुसूचित जाति का प्रत्याशी मैदान में उतारा है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में ब्राह्मण जनसंख्या 8 फीसदी

इसी तरह से लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम, पंचायतों में इसका ध्यान रखा जाता है। हिमाचल में जातीय समीकरण पर ध्यान दे तो प्रदेश में 32 फीसद जनसंख्या राजपुतों की है। इसी तरह से 25 फीसद जनसंख्या अनुसूचित जाति के लोगों की है। हिमाचल में ब्राह्मण जनसंख्या 8 फीसद है।

### ओबीसी जनसंख्या पहाड़ी राज्य में 13 फीसद

ओबीसी जनसंख्या पहाड़ी राज्य में 13 फीसद के लगभग है। 5 फीसद के लगभग हिमाचल में अनुसूचित जनजाति वर्ग की जनसंख्या है। ऐसे में राज्य में जब जब भी राजनीतिक दल अपने प्रत्याशी उतारते हैं तो इसका पूरा ध्यान खा जाता है ।

## लोकसभा का चुनाव राष्ट्रवादी और परिवारवादी शक्तियों के बीचः बिंदल



शिमला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि एक जून, 2024 को होने वाला लोकसभा का चुनाव राष्ट्रवादी शक्तियों और परिवारवादी शक्तियों के बीच है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी है, जो गरीब कल्याण, महिला सम्मान, युवा उत्थान और देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर चली है, तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग हैं जो अपने परिवारों को बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। एक ओर दुनिया के महान नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को मिटाने का संकल्प लेकर चुनाव में उतरे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इनके साथी भ्रष्टाचारियों को बचाने चुनाव मैदान में उतरे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल में देश को पीछे धकलने का काम किया और थोथे नारे लगाकर वोट बटोरते रहे।

## मित्रों पर ही खजाना लुटा रही सुक्खू सरकारः राजेंद्र राणा



हमीरपुर। पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने कहा है कि हिमाचल में सुक्खू सरकार की एकमात्र उपलब्धि प्रदेश के स्वाभिमान को दांव पर लगाने की रही है। जनता से किए गए वादों को नजरअंदाज करके सिर्फ मित्रों पर ही प्रदेश का बजट लुटाया जा रहा है। वीरवार को सुजानपुर क्षेत्र में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए राजेंद्र ने कहा कि सुक्खू सरकार ने अपने मित्रों को लूट की छूट दे रखी है। उनके मित्रों द्वारा किए गए काले करनामे भी जल्दी ही जनता के सामने आ जाएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मित्रों को रेवड़ियां बांट कर और प्रदेश का स्वाभिमान दांव पर लगाकर व्यवस्था परिवर्तन नहीं किया जा सकता। सुक्खू सरकार प्रदेश के इतिहास की पहली सरकार है, जिसने चुने हुए विधायकों को न केवल जलील किया, बल्कि उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर भी विराम लगाने में पूरी ऊर्जा लगा दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की गारंटियां महज छलावा साबित हुई हैं।

# सुर्खियों में बनी मंडी सीट पर जीत को लेकर विक्रमादित्य सिंह आश्वस्त

अरविंद शर्मा, शिमला



देश भर की सुर्खियों नें बने मंडी संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त लग रहे हैं। मंडी लोकसभा सीट इस समय देश में सबसे हॉट सीट में मानी जा रही है। बॉलीवुड क्वीन कंगना के यहां से भाजपा टिकट पर मैदान में उतरने से मंडी सीट सभी की चर्चा के केंद्र में आ गई। उनके मुकाबले कांग्रेस ने युवा नेता और कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह को टिकट दिया है। दूसरी बार शिमला ग्रामीण सीट से विधानसभा चुनाव जीते विक्रमादित्य सिंह इस समय कैबिनेट मंत्री भी हैं। विक्रमादित्य सिंह ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अब दिल्ली का रुख किया है, तो वहीं जाएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में अपने निजी आवास होलीलॉज में बातचीत करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से ही शायद उन्हें टिकट मिला है। उन्होंने कहा कि वे चुनाव जीतने के लिए ही लड़ेंगे। युवा नेता ने कहा कि उनके पिता वीरभद्र सिंह दो दशक तक केंद्र में सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में सक्रिय रहे। पहाड़ी राज्य हिमाचल की मंडी सीट का देशभर में बड़ा शोर है। मंडी से बॉलीवुड क्वीन कंगना भाजपा तो बुशहर रियासत के किंग विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस की तरफ से मोर्चा संभाल चुके हैं।

शिमला ग्रामीण से दो बार विधायक बने विक्रमादित्य सिंह को कम उम्र में ही कैबिनेट मंत्री बनने का अवसर मिला। अब उनकी राजनीतिक राह में नया मोड़ आया है। विधायक और कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद उन्हें कांग्रेस ने मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। (अनंत ज्ञान)

# कंगना ने चंबा के राख में ढाबे में बनाई चाय

ओपी शर्मा, भरमौर

बॉलीवुड अभिनेत्री एवं भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने अपने भरमौर चुनावी अभियान के दौरान कई तरह से सुर्खियां बटोरीं। बुधवार को कंगना रनौत ने भरमौर से वापसी पर राख में एक ढाबे पर खुद चाय बनाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चाय में पत्ती तेज डालनी है, क्योंकि उन्हें आगे अभी लंबा सफर है। सोशल मीडिया पर भी यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है।



चंबा के एक ढाबे में चाय बनातीं कंगना।

गौरतलब है कि बॉलीवुड क्वीन कंगना 16 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर भरमौर में अपने चुनावी अभियान को धार देने के लिए पहुंची थीं। उनकी झलक देखने के लिए यहां लोगों में भी अच्छा खासा उत्साह देखा गया। अपने चुनावी अभियान के दौरान कंगना रनौत ने भरमौर की पारंपरिक वेशभूषा लवांचडी डोरा और चिडी पहनकर मंदिर में पूजा की जो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई।

हालांकि चुनावी माहौल है, इसलिए इस तरह के काम नेताओं को करने ही पड़ते हैं और इस तरह के अक्षर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी होते रहे हैं, लेकिन अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मंदिर में की पूजा का वीडियो और भरमौर के एक ढाबे में खुद चाय बनाकर पीने का वीडियो खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इस मौके पर उनके साथ भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# एग्जिट पोल के प्रकाशन-प्रसारण पर एक जून तक प्रतिबंध

अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर/ मंडी/सोलन/ हमीरपुर

**मतदान समाप्ति के समय तक की 48 घंटे की अवधि के दौरान ओपिनियन पोल के प्रसारण पर भी पाबंदी**

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024, विभिन्न प्रदेशों के विधानसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। लोकसभा आम चुनाव-2024 में पहले चरण का मतदान शुक्रवार 19 अप्रैल को होगा, जबकि अंतिम चरण का मतदान शनिवार एक जून को होगा, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग ने इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रसारण अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। भारत निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126-ए की उपधारा (1) के तहत यह आदेश जारी किया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126 ए की उपधारा (1-बी) के तहत भी आयोग द्वारा जारी एक अन्य आदेश के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी तरह के ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रसारण पर भी प्रतिबंध रहेगा।

# मई में हिमाचल आएंगे स्टार प्रचारक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल में लोकसभा चुनाव के चलते प्रधानमंत्री की रैलियों को लेकर भाजपा तैयारी कर रहे हैं। आगामी मई माह में प्रदेश के लगभग तीन स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल में रैलियां कर सकते हैं।

वहीं, भाजपा एक रैली मंडी में चाह रही है, दूसरी रैली सोलन और फिर कांगड़ा में भी किसी बड़े नेता की रैलियां करवाई जा सकती हैं। लोकसभा को लेकर भाजपा के स्टार प्रचारकों सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी इस लोकसभा चुनाव में हिमाचल की चुनावी माहौल को गर्म करेंगे। भाजपा द्वारा लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए भी स्थान फाइनल किए जाने हैं। इस समय मंडी संसदीय सीट देश भर में काफी हॉट मानी जा रही है। यहां भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने भी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को टिकट देकर मुकाबला कड़ा कर दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की भी हिमाचल में चुनावी रैलियां होंगी। उधर, कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिव कुमार और राजीव शुक्ला की चुनावी रैलियां करवाई जाएंगी।

# जो बेरोजगारी को मिटाएगा, उसे देंगे वोट

**प्रदेश की चार लोकसभा व छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का बिगुल बजने के बाद अब दोनों बड़े दलों भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि चुनाव को अभी करीब दो माह का समय शेष है, लेकिन प्रत्याशियों व पार्टियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवा-युवतियों में मतदान को लेकर काफी उत्साह है। साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने के लिए उत्सुक हैं। मतदाताओं में प्रत्याशियों के चयन को लेकर अपनी अलग-अलग राय है। कैसा हो हमारा प्रतिनिधि इस बारे में अनंत ज्ञान के प्रतिनिधियों ने मतदाताओं की राय ली, पेश हैं इसके कुछ अंश...**



यह मेरा सौभाग्य है कि मैं पहली बार वोटिंग करुंगा। मेरे विचार में नरेंद्र मोदी सबसे मजबूत प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत माता को अन्य देशों की सूची में सबसे ऊंचा उठाने का प्रयास किया है। भारत के गौरव को श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर एक नई दिशा दी है।

**हर्षित (नाहन)**



देश में बेरोजगारी बहुत बढ़ रही है। रोजगार के लिए युवा भटक रहा है। रोजगार उपलब्ध कराने और इस मुद्दे पर किसी भी सांसद ने आवाज नहीं उठाई है। इस पक्ष को देखते हुए अपना वोट डालेंगे। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें।

**अर्णव बैंस (ऊना)**



पहले परिवार के सभी बड़े सदस्य मतदान करने जाते थे, लेकिन इस बार मैं भी उनके साथ जाऊंगा, मुझे भी इस बार अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने का मौका मिलेगा। मेरा वोट उसी को जाएगा, जो युवाओं के लिए रोजगार व मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाएगा।

**रजत शर्मा (छतराड़ी)**



आज की राजनीति अपने-अपने फायदे के लिए हो रही है और अपने हित में दल बदल किया जा रहा है] जो कि गलत है। आज के समय राजनीति जनता हित में की जानी चाहिए, ताकि विकास को बढ़ावा मिल सके। आज युवा रोजगार के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। युवाओं को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करें।

**रोहित वर्मा (नालागढ़)**



इस बार वोट युवाओं को रोजगार देने वाली सरकार को दिया जाएगा। आज के समय में रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकार को युवाओं को रोजगार बढ़ाने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिएं, ताकि देश के युवा को रोजगार मिल सके। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांचें और सही व्यक्ति को मतदान करें।

**अभिषेक निवासी (नालागढ़)**



मेरी राय में क्षेत्र के आदर्श सांसद में प्रतिबद्धता और संचार कौशलता के गुण अवश्य होने चाहिए। सांसद जरूरत के समय में आलोचनात्मक सोच और संघर्ष प्रबंधन के प्रति परिपूर्ण होना चाहिए। सांसद की दूरगामी सोच रखकर निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। समस्याओं का ज्ञान और कानूनी तौर पर स्थानीय लोगों का पक्ष समझने की खूबी होनी चाहिए।

**मोक्षिता कौशल (मंडी)**



नेता ऐसा होना चाहिए, जो शहर और गांव का एक समान विकास करे और हर वर्ग के उत्थान के लिए तत्पर रहे। आज के दौर में युवाओं को रोजगार दिलाने और महंगाई को कम करने के कारगर कदम उठाने की जरूरत है। लोगों को अपने और देश के भविष्य के लिए मतदान करना चाहिए। सोच-समझ करें।

**सीएम देवी (छतराड़ी)**



हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले की अपनी मातृभाषा है। मंडी संसदीय क्षेत्र में मंडयाली, कुल्लवी, भरमौरी, बुशहरी, पंगवाली, किन्नौरी, लाहौली मुख्य है। आर्य भाषा परिवार की हिमाचली भाषा की मातृभाषाओं को सैकड़ों वर्षों से टांकरी लिपि में लिखा जाता रहा है। हमारी भाषाओं, लिपियों और लोक कलाओं के उत्थान के लिए जनप्रतिनिधियों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**पारुल अरोड़ा (मंडी)**



पिछले एक दशक के दौरान देश में मजबूत लीडरशिप के चलते राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा को बल मिला है साथ ही अंतरराष्ट्रीय संबंध भी मजबूत हुए हैं। विपक्ष में कोई नेता ऐसा नहीं जो पीएम नरेंद्र मोदी का विकल्प बन सके। देश पहले की सोच वाली पार्टी को सपोर्ट किया जाना चाहिए।

**त्रिलोकीनाथ नाथ वर्मा (सोलन)**



विकसित भारत के लिए केंद्र में स्थित सरकार की जरूरत है। केंद्र में सत्तारूढ भाजपा गठबंधन को छोड़कर इसके लिए कोई अन्य विकल्प मजबूत नहीं है। पहले विदेश जाने वाले भारतीयों की इज्जत नहीं की जाती थी, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद विदेशों में भारत का नाम रोशन हुआ है।

**अंग्रेज कपूर (भरमौर)**



स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करके युवा मजदूरी कर रहे हैं। आठ से दस पढ़े लोग सियासत के राजा बने हुए हैं। ऐसे लोग कैसे देश को आगे बढ़ने देंगे। कोई ठोस नीति नहीं बन पा रही है। लोगों को मूर्ख बनाया जा रहा है। व्यवस्था परिवर्तन के लिए मतदान होना चाहिए।

**यशपाल शर्मा (ऊना)**

## शादी मुबारक



मंडी के कर्ण और प्रियंका को परिणय सूत्र में बंधने पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।


# बज्रेश्वरी मंदिर में नौ दिनों में 38 लाख 18 हजार का चढ़ावा चढ़ा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

राम नवमी के दिन चैत्र नवरात्र का बड़ी धूमधाम से समापन हुआ। श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इन नवरात्र में व्यापार भी काफी अच्छा खासा रहा। बज्रेश्वरी देवी मंदिर में पीले वस्त्र धारी श्रद्धालुओं की संख्या अधिक थी। गौरतलब है की बज्रेश्वरी माता को उत्तर प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की कुल देवी माना जाता है।

मंदिर में जहां दिन रात लंगर व्यवस्था की गई वहीं दूसरी ओर सफाई व सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम मंदिर प्रशासन द्वारा किए गए थे। राम नवमी के दिन मंदिर में 7 लाख 6 सौ एक रुपए



मां के चरणों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए। नो दिन तक चलने वाले नवरात्र में श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में जहां 50 हजार से भी अधिक श्रद्धालु मां के दर्शनों को पहुंचे वहीं इन नौ दिनों में कुल 38 लाख 18 हजार 726 रुपए का चढ़ावा भक्तों द्वारा श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में मां के चरणों में अर्पित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# क्रिप्टो करंसी मामला : 51 के खिलाफ चार्जशीट

## लुक ऑफ्टर नोटिस के बावजूद अभी भी पकड़ से दूर आरोपी, फिर कोर्ट पहुंचेगी एसआईटी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल के बहुचर्चित क्रिप्टो करंसी घोटाले में प्रदेश पुलिस की एसआईटी ने 51 नई चार्जशीट तैयार कर ली हैं। 26 अप्रैल के बाद इन्हें कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। उधर, दूसरी तरफ दुबई में बैठे किंगपिन मंडी के सुभाष तथा मेरठ के मिलन गर्ग को प्रत्यर्पण संधी के आधार पर दुबई से लाने को लेकर औपचारिकताएं एसआईटी ने अब शुरू कर दी हैं।

क्रिप्टो करंसी में निवेश का झांसा देकर प्रदेश में करीब 2,500 करोड़ रुपए की ठगी मामले में दुबई में डेरा जमाए मास्टरमाइंड सुभाष तथा दूसरे आरोपी मिलन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने लुक आऊट नोटिस भी जारी कर रखा था। इस नोटिस के तहत दुबई से भारत लौटने पर एयरपोर्ट या कोर्ट में आरोपियों को अरेस्ट किया जा सकता है। इससे पूर्व मामले के आरोपी को दुबई से लौटने के बाद दो माह पहले एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। ठगी के इस मामले में अब कुल 21 लोगों के खिलाफ चार्जशीट तैयार करके 20 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है तो वहीं 51 लोगों के खिलाफ चार्जशीट तैयार हो चुकी हैं। इन्हें अब कोर्ट में प्रस्तुत करना बाकि है, अभी जांच जारी है, लेकिन करोड़ों रुपए के इस घोटाले में 100 से 120 लोगों के खिलाफ चार्जशीट होने के बाद उनकी गिरफ्तारी होने की संभावना है। प्रदेश के सबसे बड़े घोटाले की जांच में जिस तरह से तेज है तो ऐसे में हाल-फिलहाल दो लोग अरेस्ट हो सकते हैं। कांगड़ा पुलिस के लिए भी यह बड़ी कामयाबी होगी जब विदेश से मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर स्वदेश लाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### अपराधियों की शरणस्थली बना दुबई

6000 करोड़ रुपए के गोलमाल का मामला हो या करीब 2500 करोड़ के घोटाले का क्रिप्टो करंसी मामला, दुबई में बैठे आरोपियों को गिरफ्तार कर भारत लाना भारतीय एजंसियों के लिए चुनौती बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि दो राष्ट्रों में प्रत्यर्पण संधी होने के बावजूद इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। इसके चलते भले ही पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द होने का दावा करती हो, लेकिन उन्हें भारत लाना आसान नहीं होगा। दुबई जैसा देश सालों से अंडरवर्ल्ड तथा घोटालों से जुड़े लोगों की पसंद रहा है। भारतीय कानूनों की ढ़ील कहें या कुछ और, लेकिन इसी के चलते कई अपराधी विदेशों में बैठ कर अपने नेटवर्क तक चला रहे हैं।

### औपचारिकताएं शुरू

एसआईटी के चीफ धर्मशाला स्थित आईजी नॉर्थ अभिषेक दुल्लर ने 50 के करीब चार्जशीट तैयार किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इसी माह चार्जशीट को कोर्ट में रखा जाएगा। दुबई से आरोपियों के प्रत्यर्पण की औपचारिकताएं शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही मामले में दुबई में बैठे आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कावेश चौहान करेंगे हिमाचल टीम का नेतृत्व



**कांगड़ा।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर रामकृष्ण आश्रम में 21 अप्रैल को ऑल इंडिया फुटबाल एसोसिएशन द्वारा नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। इसमें हिमाचल फुटबाल टीम का नेतृत्व कांगड़ा जिले के शाहपुर के फुटबाल कोच कावेश चौहान करेंगे। यह कांगड़ा के लिए बड़े गर्व की बात है। कावेश चौहान इससे पहले 17 और 14 जूनियर फुटबाल टीम का नेतृत्व भी कर चुके हैं। आशा है कोच कावेश चौहान के नेतृत्व में फुटबाल टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी और हिमाचल का नाम रोशन करेगी।

### श्री सीताराम मंदिर बिजापुर में हवन



बिजापुर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन श्री सीताराम मंदिर में हवन करते लोग।

**जयसिंहपुर।** उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव बिजापुर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन श्री सीताराम जी के मंदिर में 46वें विशाल भंडारे का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। सबसे पहले श्री सीताराम जी के मंदिर में भक्तजनों ने पूजा-अर्चना करने के साथ हवन में आहुतियां डाली। इस दौरान महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। इसके साथ भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

### सब-स्टेशन सिद्धपुर के तहत कल पावर कट

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि विद्युत उपकेंद्र 33/11 सब-स्टेशन सिद्धपुर में विद्युत क्षमता के विस्तार हेतु नए पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक पावर कट रहेगा। इसके तहत सिद्धबाड़ी, सिद्धपुर, फतेहपुर, बागणी, रक्कड़ , तपोवन, झिओल, बरवाला, लोअर मोहली, गयतो मोनिस्ट्री, घिआरी पुल, रसां, बरेह, धिकतु, ठंबा, दाड़ी, शीला, पासू, आईटीआई, झाकड़ी, अप्पर बड़ोल, लोअर बड़ोल, कंडी, चोला, खनिआरा, थात्री, सुक्कड़, योल, योल बाजार, नरवाना, उथराग्राम, कस्बा, चतेहर, स्लेट गोदाम, खुई बारग आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में यह कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

### रास्ता रोक की मारपीट, मामला दर्ज

**ज्वालामुखी।** जिला के पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत कत्यालू में कमल चौधरी व देश राज ने सुरेंद्र कुमार निवासी कत्यालू का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की है। शिकायत के आधार पर इस संदर्भ में पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### धलूं में दुकान से अवैध देसी शराब पकड़ी

**धर्मशाला।** महिला पुलिस थाना धर्मशाला के तहत धलूं में प्रदीप कुमार निवासी धलूं की दुकान से देसी शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार महिला पुलिस थाना की टीम ने जब उक्त दुकान में दबिश दी तो तलाशी में 36,000 मिलिलीटर देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ में मामला महिला पुलिस थाना धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### इंद्रु नाग भगवान के दरबार हाजिरी 21 को

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान धर्मशाला में मई माह में होने वाले आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए बारिश के देवता इंद्रु नाग भगवान का आर्शीवाद लिया जाएगा। एचपीसीए पदाधिकारी 21 अप्रैल को इंद्रु नाग भगवान के दरबार हवन एवं पूर्जा अर्चना करेंगे और फिर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। एचपीसीए के निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि पांच और नौ मई को होने वाले आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए इंद्रु नाग भगवान से आशीर्वाद लेने के लिए उक्त आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एचपीसीए में होने वाले किसी भी आयोजन से पूर्व इंद्रु नाग भगवान के दरबार हाजिरी लगाने की रस्म है और उनके आशीर्वाद के बिना कोई भी आयोजन अधूरा है।

# पोस्टर बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

## गाहलियां स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट्स ने बनाए चित्र

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य को लेकर जिला और उपमंडल स्तर पर स्वीप के तहत अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उपमंडल कांगड़ा में स्वीप के तहत एआरओ एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी स्वीप लेखराज ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में चुनाव को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कार्यकारी प्रधानाचार्य, अध्यापकों और बच्चों ने भाग लिया। पाठशाला के बच्चों ने पोस्टर बनाकर और भाषण के माध्यम से चुनाव के पर्व में वोट करने का संदेश दिया। इसके उपरांत नोडल स्वीप अधिकारी ने ठाकुरद्वारा-79, जटेहर-80, गाहलियां-81 और बड़ी वेइ-82 में मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और वोटर कार्ड बनाने के बारे में भी बताया। उन्होंने मतदाताओं को चुनाव में निष्पक्ष वोट करने की शपथ दिलाई। स्वीप के इस जागरूकता कार्यक्रम में पंचायत के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने स्वीप अधिकारी से चुनाव के विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।





राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व अन्य।

### दक्षिण काली आश्रम भीड़ में लगाया भंडारा

**बैजनाथ।** दक्षिण काली आश्रम भीड़ में वीरवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दक्षिण काली आश्रम का निर्माण गुरुजी श्रीश्री विशुद्धानंद सरस्वती जी ने 70 के दशक में किया था। गुरुजी श्रीश्री विशुद्धानंद सरस्वती जी के लाखों की संख्या में शिष्य देश-विदेश के हर कोने में स्थित है। अधिकतर शिष्य यहां पर नवरात्र के दौरानआते हैं। 2 दिसंबर 2021 को गुरुजी श्रीश्री विशुद्धानंद सरस्वती 145 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गए थे। उसके बाद उनके शिष्य शंकर जी चैतन्य आश्रम की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। हालांकि गुरुजी ब्रह्मलीन हो गए हैं परंतु शिष्य पहले की ही तरह नवरात्र के दौरान यहां पर आते हैं। यहां पर हर वर्ष दसवीं के दिन भव्य भंडारे का योजना किया जाता है। जिसमें देश के हर कोने-कोने से तथा स्थानीय लोग भी भारी संख्या में यहां पर प्रसाद ग्रहण करते हैं।



दक्षिण काली आश्रम भीड़ में वीरवार को पूजा-अर्चना करते लोग।

# पंचायत स्तर तक पहुंचेगा अग्निशमन विभाग

- सरकारी विभागों, स्कूलों व पंचायतों में लगेंगे शिविर
- फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन सप्ताह मनाया जा रहा है। विभाग द्वारा अग्निशमन सप्ताह के तहत 14 से 20 अप्रैल के मध्य जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। फायर ऑफिसर अग्निशमन विभाग कर्म चंद कश्यप ने बताया कि देश भर में यह सप्ताह मनाया जा रहा है।

यह आयोजन 14 अप्रैल 1946 को मुंबई में हुई दुर्घटना जिसमें अग्निशमन विभाग के करीब 66 कर्मचारी मृत्यु का ग्रास बने थे, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विभाग की ओर से सरकारी विभागों, स्कूलों एवं पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर लगाए जाते हैं और लोगों को आगजनी से बचने के गुर सिखाए जाते हैं।

विभाग द्वारा धर्मशाला एवं आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में योल आर्मी छावनी में भी सेना के सहयोग से एक शिविर जल्द आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान आग से निपटने के तरीके बताए जाएंगे।

### पठियार में दुकान से अवैध शराब बरामद की

**कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत दुकान से शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो



बुधवार को झुरड्डु पठियार में अर्जुन सिंह निवासी झुरड्डु पठियार की दुकान में तलाशी की गई। तलाशी के दौरान दुकान से 4,500 मिलीलीटर अवैध देसी शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में पुलिस थाना कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

# मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लेंगे पन्ना प्रमुख: काजल

## कहा- भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव को दिलाएंगे रिकॉर्ड तोड़ लीड

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने कहा कि जून माह के बाद जहां केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीत की हैट्रिक लगाएंगे वहीं, हिमाचल में भी सत्ता का तख्तापलट हो जाएगा। यह बात उन्होंने मटौर में आयोजित ग्राम केंद्र प्रमुखों की बैठक के दौरान कही। इसी माह 21 अप्रैल को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के हजारों पन्ना प्रमुख नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेंगे। इस सम्मेलन में प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता और लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश की जनता ने हिमाचल की सरकार को बदलने का मन बना लिया है। यही वजह है कि कुछ माह से प्रदेश की सियासत में हलचल मची हुई है। कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज को रिकॉर्ड लीड दिलाई जाएगी। यही लीड कांगड़ा का भविष्य बनाएगी। ऐसे में ग्राम केंद्र प्रमुख हर घर, हर वर्ग और हर कस्बे में जाकर भाजपा सरकार की नीतियों को बताएं। बैठक में मंडल भाजपा अध्यक्ष सत प्रकाश, चंपा भारद्वाज, रजनीश मोना, अशोक कुमार, सुदेश्वर मनकोटिया, प्रिंस, रेखा चौधरी, विजय कुमार विज्जू , विजय कुमार , प्रमोद, अमर नाथ, जसवंत, विजय सिंह, कमल करण, राज कुमार, नसीब सिंह, रोशन लाल सिहोता, सुरेश, कैप्टन पुरुषोत्तम, रजनीश कुमार, अमितेश शाह, अरविंद शर्मा, मनोज मौजूद रहे।



मटौर में आयोजित ग्राम केंद्र प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते पवन काजल।

# 29 बेटियों को दिया फुटबाल प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के राजकीय उच्च विद्यालय नेरटी के मैदान में जागोरी ग्रामीण संस्था द्वारा चार ग्राम पंचायतों की 29 बेटियों को फुटबाल का प्रशिक्षण दिया गया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान फुटबाल के कोच व एक्सपर्ट्स ने बेटियों को विभिन्न टिप्स दिए तथा कई बारीकियां सिखाई।

इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल किशोरियों को फुटबाल बारे जानकारी देना व सीखना था, बल्कि उन्हें जेंडर समानता और अवसरों का समान मौका देना भी रहा। प्रशिक्षण के दौरान किशोरियों ने बताया कि उन्होंने आज तक फुटबाल नहीं खेला था, वे ज्यादातर खो-खो कबड्डी तक ही सीमित थी। इस शिविर के दौरान उन्होंने मैदान में आकर न सिर्फ फुटबाल खेला बल्कि बहुत कुछ सीखा भी। यहां ज्ञात रहे कि जागोरी ग्रामीण समय समय पर महिलाओं, युवतियों व किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए ऐसी खेलों का आयोजन करती रहती है, बल्कि कई प्रकार के जागरूकता शिविर भी समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके।





नेरटी में फुटबाल प्रशिक्षण के दौरान युवतियां व अन्य।

# गगल हवाई अड्डे पर बढ़ेगी कुर्सियों की संख्या

**अनंत ज्ञान, गगल**

यात्रियों की सुविधा के लिए गगल एयरपोर्ट पर बैठने और एयरपोर्ट के बाहर आंगन में बैठने के लिए शीघ्र ही कुर्सियों का इंतजाम एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को सामान आदि ले जाने के लिए 200 और ट्रालियां हवाई अड्डे पर गत दिनों में लाई गई है तथा हवाई यात्रियों के बैठने के लिए तीन-तीन लोगों के बैठने की क्षमता वाली 35 कुर्सियां शीघ्र लाई जा रही है। निदेशक ने कहा कि यात्रियों ने बहुत समय से बाहर कुर्सियां लगाने के लिए सुझाव दिए थे जिसको शीघ्र ही एयरपोर्ट प्रशासन पूरा करने जा रहा है ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।











**राहत** 15 लीटर या इससे अधिक दूध देने वाली गाय-भैंसों के पशुपालकों को मिलते हैं एक हजार

# उत्तम पशु पुरस्कार योजना पशुपालकों के लिए बनी वरदान

- प्रति किसान अधिकतम दो पशुओं को मिलेगा पुरस्कार

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

दुधारू पशुओं के पालन को प्रोत्साहन देने के लिए चलाई गई उत्तम पशु पुरस्कार योजना ने जिला कांगड़ा के पशुपालकों को उत्साहित किया है। योजना के तहत गत वित्त वर्ष करीब 2100 पशु पालकों को योजना का लाभ मिला है।

इस योजना के तहत चालू वित्त वर्ष में पशु पालन विभाग के पास आए कुल आवेदनों में से की गई छंटनी के बाद 2100 पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि एक-एक हजार रुपए वितरित की गई है। पशु पालन विभाग कांगड़ा इस योजना के प्रचार-प्रसार में भी कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। बहरहाल, यदि आप पशु पालक हैं और आपकी गाय या भैंस 15 लीटर अथवा इससे अधिक दूध देती है तो आपको पशु पालन विभाग की ओर से 1,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा उत्तम पशु पुरस्कार योजना चलाई गई है।

इस योजना के तहत अधिकतम उत्पादन के रूप में प्रतिदिन 15 लीटर या इससे अधिक उत्पादन वाली गाय-भैंसों का चयन किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सालयों एवं औषधालयों में दूध की रिकॉर्डिंग की जाएगी। दूध की रिकॉर्डिंग दुग्धकाल की अवधि के दौरान किसी भी समय की जा सकती है। प्रति किसान अधिकतम दो पशुओं को पुरस्कार दिया जाएगा।

दुग्ध उत्पादन की रिकॉर्डिंग एक समिति द्वारा की जाएगी जिसमें क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्र के संबंधित संस्थान के पशु औषधियोजक एवं ग्राम पंचायत पशुपालन सहायक शामिल होंगे। उक्त समिति सदस्यों से प्राप्त रिपोर्ट को संबंधित वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाएगा। चयनित पशुपालकों के बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि स्थानांतरित कर दी जाएगी। (अतंत ज्ञान)

### 2100 पशुपालकों को प्रदान किया लाभ

उपनिदेशक पशुपालन विभाग कांगड़ा संजीव धीमान ने बताया कि उत्तम पशु पुरस्कार योजना के लिए गत वित्त वर्ष में 2100 पशु पालकों को लाभ प्रदान किया गया। चालू वित्त वर्ष में योजना के तहत सरकार की ओर से कोई टारगेट नहीं आया है, लेकिन जैसे ही टारगेट मिलेगा, पशु पालकों के आवेदन स्वीकार करना शुरू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि योजना के लिए सभी पशु चिकित्सालयों, औषधालयों एवं संबंधित कार्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि इस योजना के बारे में पशुपालकों को अवगत करवाएं। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र निवेदन को पशु पालन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करना है। इसके बाद संबंधित समिति पशु के दूध की मात्रा की जांच करेगी। यदि पशु के दूध की मात्रा विभागीय मापदंडों के अनुरूप हुई तो पशुपालक के खाते में प्रोत्साहन राशि भेज दी जाएगी।

### बछड़ों को खरीदने का भी है प्रावधान

उच्च उत्पादन वाली मादा पशुओं से पैदा हुए नर बछड़ों को विभाग द्वारा खरीदने का भी प्रावधान है और उन्हें प्रजनन केंद्रों में रखा जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स ने किया ऊर्जा अध्ययन केंद्र का दौरा



एनआईटी हमीरपुर में ऊर्जा अध्ययन केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण करते स्टूडेंट्स।

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के पर्यावरण विज्ञान के दूसरे और चौथे सत्र के स्टूडेंट्स ने वीरवार को एनआईटी हमीरपुर में स्थित ऊर्जा अध्ययन केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने ऊर्जा अध्ययन केंद्र स्थापित संसाधनों और नवीकरणीय ऊर्जा के उपकरणों के बारे में जाना। ऊर्जा अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ एनएस ठाकुर और डॉ. ममता अवस्थी ने स्टूडेंट्स को केंद्र में संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक समझा। साथ ही स्टूडेंट्स ने जैव ईंधन, सौर फोटोवोल्टिक और सौर तापीय प्रयोगशालाओं में विभिन्न परिष्कृत उपकरणों की तकनीकों, कार्यप्रणाली और संचालन से परिचित करवाया। इस मौके पर पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. वैष्णव किरण और अभिनव जंवाल भी उपस्थित रहे।

### पहले चरण का प्रशिक्षण 23 से शुरू

**हमीरपुर।** लोकसभा के आम चुनाव व 2 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग हमीरपुर कार्यालय द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहले चरण का प्रशिक्षण 23 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। लोकसभा व विधानसभा चुनावों के लिए जिला के 3800 कर्मचारी लगाए गए हैं। इन कर्मचारियों को 23 से 25 अप्रैल तक ईवीएम और चुनाव संबंधी अन्य आवश्यक जानकारी दी जाएगी। प्रतिदिन 750 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। चुनाव तहसीलदार उपेंद्र नाथ शुक्ला ने बताया कि सुजानपुर और बड़सर के कर्मचारी पोस्टल बैल्ट पेपर से ही मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि सुजानपुर और बड़सर में एक प्रैजाइडिंग ऑफिसर और 5 पोलिंग ऑफिसर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित अच्छे तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे चुनावों के समय कोई गलती न हो। उन्होंने बताया कि चुनाव में लगाए गए कर्मचारियों को चुनाव संबंधी गाइडलाइन को भी बेहतर तरीके से जानकारी दी जाएगी और चुनावों के समय किसी प्रकार की कोई गलती करने का कोई चांस नहीं है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के वोटर कार्ड नहीं बने हैं वे 4 मई तक फार्म नंबर 6 भरकर अपना वोटर कार्ड बना सकते हैं।



### रिसर्च स्कॉलर्स ने कार्यशाला में सीखे नए कौशल



प्रो. अजय सरीन ने अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित की छात्राएं।

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग की छात्राओं ने पर्यावरण शिक्षा कार्यशाला के तहत हंस राज महिला महाविद्यालय जालंधर में दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में बॉटनी विभाग की तीन रिसर्च स्कॉलर आंचल, अंकिता व मोनिका ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ. आरती शर्मा ने बताया कि यह कार्यशाला पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यशाला का विषय था जल संरक्षण, कागज पुनर्चक्रण, वर्मी कम्पोस्टिंग और वनस्पति विज्ञान में उद्यमिता के विषय पर था। कार्यशाला में उन्होंने नए कौशल और विभिन्न तकनीक सीखी। प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को अपने कौशल को बेहतर बनाने और निखारने की तकनीकों के बारे में बताया। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से स्टूडेंट्स ने भाग लिया। जिसमें करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय की छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन कर कार्यशाला की आयोजक प्रो. अजय सरीन ने अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया।

### स्टूडेंट्स ने विरासत के संरक्षण की ली प्रतिज्ञा




विश्व विरासत दिवस पर प्रतिज्ञा लेने के बाद प्रधानाचार्य के साथ छात्र।

**हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में विश्व विरासत दिवस धूमधाम से मनाया गया। सभी स्टूडेंट्स ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय के सभी विद्यार्थी और शिक्षकों ने विरासत का संरक्षण करने की प्रतिज्ञा ली। छात्रा सानिया शर्मा ने भारतीय विरासत के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया। आठवीं कक्षा के छात्र प्रियांश डोगरा ने विरासत को संरक्षित करने और विरासत का महत्व को बताते हुए कविता प्रस्तुत की। साथ ही विरासत दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य सुनील चौहान ने शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विरासत किसी भी संस्कृति का आधार स्तंभ होती है और हम सभी को मिलकर इसका संरक्षण करना अति-आवश्यक है जिससे हमारी संस्कृति भी अधिक प्रबल बनेगी।

# हमीरपुर कॉलेज में आएगा गुणात्मक सुधार

## 22 से 24 अप्रैल तक बेंगलुरु की नैक पीयर टीम करेगी महाविद्यालय का निरीक्षण

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

नेता जी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय हमीरपुर द्वारा पांच साल में शैक्षणिक, खेल और अन्य गतिविधियां के अलावा मात्रामक और गुणात्मक ढांचे को कितना सुधार किया, इसका आकलन करने के लिए बेंगलुरु से नैक पीयर की टीम आ रही है। नैक पीयर की टीम हमीरपुर महाविद्यालय में गुणात्मक सुधार का निरीक्षण कर आंकलन करेगी।

गौर हो कि प्रत्येक महाविद्यालय को हर पांच साल बाद यह मान्यता या वैद्यता के लिए नैक पीयर की टीम द्वारा निरीक्षण करवाना पड़ता है। नैक यानी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन करती है और मान्यता देती है। मुख्यतः नैक की टीम निरीक्षण करने के बाद कॉलेज की ग्रेडिंग करती है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग महाविद्यालयों को ग्रांट उपलब्ध करवाता है। इस बार 22 से 24 अप्रैल तक नैक पीयर की टीम निरीक्षण करने के लिए हमीरपुर पहुंच रही है और इसकी मान्यता पांच साल की अवधि के लिए होती है और ए-प्लस और ए++ किसी भी महाविद्यालय के लिए सबसे अच्छी ग्रेडिंग है।




महाविद्यालय के भवन की छत पर लगाया गया सोलर पैनल।

बता दें कि टीम द्वारा मात्रात्मक ढांचे का निरीक्षण कर लिया है और अब महाविद्यालय में जो भी गुणात्मक सुधार किए हैं उसका निरीक्षण करेगी। प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने बताया कि महाविद्यालय में पांच वर्षों के दौरान कई मात्रात्मक और गुणात्मक सुधार किए हैं जिसके तहत छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्च स्थान प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि पढ़ाई पूरी करके कई छात्र उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में टीचर द्वारा क्या रिसर्च की है, उनके कितने पेपर पब्लिश हुए हैं और यूनिवर्सिटी से कितने प्रोजेक्ट लिए है व कितने सम्मेलन करवाए हैं इसका टीम आकलन करेगी। इसके अलावा स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक गतिविधियों में और खेलों में कौन-सी उपलब्धियां हासिल की हैं उसका आकलन करेगी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में पहले एक ही डिजिटल क्लासरूम होता था लेकिन वर्तमान में 28 से 30 क्लास रूम पूरी तरह से हाईटेक हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि ग्रीन एनवायरमेंट बनाने के लिए भी कॉलेज द्वारा बेहतर प्रयास किए गए हैं इसके लिए कॉलेज कैंपस में नवग्रह वाटिका और आयुष गार्डन तैयार किया गया है, जिसमें 37 प्रकार के हर्बल प्लांट लगाए गए हैं। पारंपरिक सोच से आगे बढ़ते हुए कालेज में सोलर पैनल लगाए गए हैं, पुस्तकालय को पूरी तरह से हाईटेक किया गया है। इसके अलावा कॉलेज के रोवर रेंजर्स क्लब द्वारा ईको क्लब बनाया है जो विभिन्न गतिविधियां एकजुट होने की भावना पैदा करता है। कॉलेज में स्थापित इग्नू केंद्र को बेस्ट सेंटर का अवार्ड भी मिल चुका है। डॉ. प्रमोद पटियाल ने बताया कि नैक पीयर की टीम के निरीक्षण के लिए वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)



महाविद्यालय में बनाया गया आयुष गार्डन।



महाविद्यालय का पुस्तकालय भवन।

## हमीरपुर डिपो की बसों के पहिये हो रहे जगह-जगह जाम, यात्री परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर डिपो की रैली जजरी से हमीरपुर लोकल बस सलौणी पेट्रोल पंप के पास खराब हो गई है। बस में सवार यात्रियों और स्टूडेंट्स को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, पीछे से आ रही दियोटसिद्ध-हमीरपुर बस के आ जाने से यात्रियों ने जरूर राहत की सांस ली। निगम की बसें कब और किस मोड़ पर बंद हो जाएं कोई नहीं जानता।

हमीरपुर डिपो की रैली-जजरी बस सुबह 9.45 बजे जैसे ही सलौणी चौक पर पहुंची तो बस में तकनीकी खराबी आ गया। ऐसे में बस को सड़क किनारे खड़ी करने के अलावा ड्राइवर के पास कोई चारा नहीं था। इसके चलते कई यात्रियों को सलौणी बस स्टैंड तक पैदल चलना पड़ा। यही नहीं जो यात्री भोटा हमीरपुर की जाने वाले थे वे सड़क किनारे बसों का इंतजार करने लगे। करीब 10 मिनट बाद दियोटसिद्ध-हमीरपुर बस आने से यात्रियों को उस बस में बिठाकर भेज दिया गया, ताकि लोग समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। हालांकि बस अढ़ाई घंटे के उपरांत ठीक हो पाई और उसे हमीरपुर पहुंचाया गया।



सड़क किनारे खड़ी हमीरपुर डिपो की बस।

### क्या कहते हैं डीडीएम

**वहीं** निगम के डीडीएम राजकुमार पाठक का कहना है कि रैली-जजरी से हमीरपुर आ रही बस में तकनीकी खराबी आ गई थी। बस की सवारियों को दूसरी बस के जरिए समय पर हमीरपुर तक पहुंचाया गया।

## हिमाचल में भाजपा ने राजनीतिक परंपराओं को किया कलंकित : दीपक शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा के चुनाव अंतिम चरण होंगे, लेकिन हिमाचल में जो राजनीतिक परंपराएं हैं, भाजपा ने उन परंपराओं को कलंकित किया है, जबकि प्रदेश में ऐसी परंपराएं रही हैं जिसमें लोकतंत्र को मजबूत करने में हिमाचल प्रदेश का इतिहास रहा है।

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समवयक दीपक शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि जिस तरह से भाजपा ने शह देकर चुने हुए बहुमत की सरकार को तोड़ने की कोशिश की, यह हिमाचल में कलंकित अध्याय के रूप में जाना जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री आए दिन बयानबाजी कर रहे कि 4 तारीख को चुनाव परिणाम आएंगे तो सरकार गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री का गणित सही नहीं है। वर्तमान में विधानसभा में विधायकों की संख्या 62 है और भाजपा को सरकार बनाने के लिए 31 विधायक चाहिए, जबकि कांग्रेस के पास 34 विधायक हैं।



प्रेस वार्ता करते अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के पास न तो बहुमत का आंकड़ा है और न ही यह सरकार गिरा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जो 6 बागी विधायक भाजपा में गए हैं उनसे दो सवाल हैं। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 10 गारंटियां देने का वादा किया था और ये 6 विधायक जीतकर विधानसभा आए थे, इन लोगों ने ओपीएस और महिलाओं को 1500 रुपए के मुद्दे के ऊपर चुनाव जीता था। अब इन विधायकों का ओपीएस पर क्या स्टैंड है। क्या यह इसका समर्थन करते हैं या विरोध करते हैं इसके बारे में स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि अंतिम चरण के मतदान तक भाजपा मात्र 150 सीटों के आसपास सिमट जाएगी।

## शादी समारोह में मारपीट, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन उपमंडल की मझियार क्षेत्र के गांव अमलैहड़ में एक शादी समारोह में मारपीट का मामला सामने आया है। गांव के केवल कृष्ण पुत्र गीजू राम गांव अमलैहड़ ने पुलिस थाना में शिकायत करवाई है कि उनके घर शादी समारोह लगा हुआ था, उसी दौरान रवि कुमार व अंकित कुमार ने उसके बेटे सुभाष चंद का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।



## बच्चों का चॉकलेट खिलाकर किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का आगाज निजी स्कूल से आए हुए बच्चों को चॉकलेट बांट कर किया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन सभा में ही निजी स्कूल के बच्चों को प्रधानाचार्य ओंकार सिंह भाटिया ने चॉकलेट्स बांटी तथा यह भी सुनिश्चित किया कि उनकी शैक्षणिक दिनों का पूर्णतया ध्यान रखा जाएगा और पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी सहभागिता को सुनिश्चित किया जाएगा।



बच्चे प्रधानाचार्य ओंकार सिंह भाटिया व स्टाफ के साथ।

प्रधानाचार्य ओंकार सिंह भाटिया ने निजी स्कूलों से आए हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका विद्यालय परिसर में आने पर स्वागत किया स्वागत किया और उनके अभिभावकों को भी संतुष्ट करते हुए यह कहा कि आपके बच्चों का बेहतर भविष्य निर्माण करने में स्कूल प्रशासन कोई कमी नहीं रखेगा तथा उनके बच्चों का भविष्य इस पाठशाला में पूरी तरह से सुरक्षित है।

### हनुमान मंदिर नरेली में दंगल 23 अप्रैल को

**हमीरपुर।** विकास खंड हमीरपुर की ग्राम पंचायत देई का नौण के गांव नरेली (अंद्रेली ब्राह्मणा) के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के परिसर में पहली बार 23 अप्रैल को दंगल का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान मंदिर छिंज मेला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस दंगल में हिमाचल सहित अन्य राज्यों से भी पहलवान भाग लेंगे। दंगल में छोटी व बड़ी माली करवाई जाएगी। कमेटी के प्रबंधक अश्वनी शर्मा ऊर्फ काकू ने बताया कि पंचायत में पहली बार दंगल का आयोजन किया जा रहा है, इसलिए सभी जिलावासी इस दंगल में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। उन्होंने बताया कि दंगल से पहले झंडा रस्म अदा करने के बाद भगवान हनुमान को मुकुट पहनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन अब 25 तक

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 (एचपीसीईटी) के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ाई है। पात्र अभ्यर्थी अब प्रवेश परीक्षा के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा 10 मई को होगी। तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर बीटेक, बी-फार्मेसी, एमसीए, एमबीए, एमबीए (पर्यटन) में प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। बीटेक, बी-फार्मेसी और एमसीए की प्रवेश परीक्षा सुबह के सत्र में होगी, जबकि एमबीए, एमबीए (पर्यटन) की परीक्षा सायं के सत्र में आयोजित की जाएगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि प्रवेश परीक्षा संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना विवरणिका देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा के लिए प्रदेश में चंबा, धर्मशाला, पालमपुर, नूरपुर, मंडी, कुल्लू, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, सोलन, शिमला, सिरमौर जिला में परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा एक परीक्षा केंद्र चंडीगढ़ में स्थापित किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में परीक्षा स्थल का चयन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्टूडेंट्स को परीक्षा केंद्र के साथ एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

## राज्यपाल ने की तकनीकी विवि के प्रयासों की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल से कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने शिमला राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने राज्यपाल को हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाया। साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रस्तावित नए बदलाव व प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। राज्यपाल ने तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा विक्रमी सम्वत-2081 पर आधारित वार्षिक टेबल कैलेंडर और बॉल कैलेंडर का भी विमोचन किया। उपरोक्त दोनों कैलेंडर में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले भारतीय वैज्ञानिकों व महान विभूति के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रकाशित की गई है। राज्यपाल ने तकनीकी विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।



कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट के दौरान सम्मानित करते हुए।

## महिलाओं को बताया मतदान का महत्व

**हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के माध्यम से गांव फरनोल में प्रशिक्षित की जा रही महिलाओं के लिए वीरवार को एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक अजय कुमार कतना की अध्यक्षता में आयोजित इस जागरूकता सत्र में महिलाओं को भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया तथा उन्हें हर निर्वाचन प्रक्रिया में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व, देश का गर्व नारा दिया है। निदेशक ने महिलाओं से कहा कि हमें अपने विवेक के अनुसार मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस दौरान महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव आदि की जानकारियां दी गईं।




## भारतीय लोकतंत्र की सफलता के लिए मतदान करना जरूरी : कुलवंत सिंह

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भारतीय सविंधान में हर नागरिक के अधिकार और कर्तव्य दिए गए हैं, इसलिए भारतीय लोकतंत्र की सफल व मजबूत बनाने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष चुनाव में मतदान करना बहतु जरूरी है।

वीरवार को भोरंज उपमंडल की खरवाड़ पंचायत के जख्योल में स्वीप कार्यक्रम के तहत खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल के 22 विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 60 से 70 प्रतिशत मतदान हुआ है जो कि भारतीय लोकतंत्र की सफलता और मजबूती के लिए अच्छा नहीं है।




स्वीप कार्यक्रम के तहत खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह व अन्य।

उन्होंने कहा कि रोजगार की दृष्टि के घरों से बाहर गए लोग पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदान में सभी लोगों की भागीदारी से न केवल भोरंज विधानसभा क्षेत्र की मत प्रतिशता बढ़ेगी बल्कि लोकतंत्र को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हर बार महिला मतदाताओं की संख्या अधिक रहती है। ऐसे में महिलाओं को मतदान के लिए पुरुषों को जागरूक करने का कार्य करना होगा। स्वीप के नोडल अधिकारी अनिल डोगरा ने भी ग्रामीणों को मतदान करने के लिए विस्तार से जागरूक किया। इस अवसर पर पवन रांगड़ा, कमल प्रकाश, भागां देवी, धर्मपाल, नरेशा देवी व अन्य उपस्थित रहे।

**सेहत** | गर्मियों का मौसम शुरू होते ही बीमारियों की हो रही भरमार, लोग परेशान

## मेडिकल कॉलेज में डायरिया-पीलिया के मरीजों में हो रहा इजाफा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर में लगातार हो रही डायरिया और पीलिया के मरीजों की बढ़ोतरी के चलते अस्पताल में रोजाना 40 से 50 लोग उपचार के लिए मेडिकल कालेज हमीरपुर पहुंच रहे हैं। यहां पर चिकित्सक उपचार के साथ ही उन्हें जीवनशैली में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दे रहे हैं। पिछले दिनों में मुकाबले अब मेडिसिन ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मेडिसिन ओपीडी 118, 119 के बाहर मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लगी है।

लाइनों में खड़े मरीजों को नंबर वाइज आधार पर उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए यहां पर एक स्पेशल कर्मचारी तैनात किया जा रहा है। इस कर्मचारी की ड्यूटी मरीजों को क्रमवार उपचार के लिए ओपीडी के अंदर भेजने की है। इसके साथ ही यह कर्मचारी रजिस्टर पर मरीजों की संख्या का रिकार्ड भी रख रहा है। बताया जाता है कि अब मेडिसिन ओपीडी के बाहर लग रही मरीजों की भीड़ दोपहर बाद तक भी समाप्त नहीं हो रही। (अनंत ज्ञान)




मेडिकल कॉलेज हमीरपुर मेडिसिन ओपीडी के बाहर लाइनों में खड़े मरीज।

### शुद्ध पानी का करें प्रयोग : चिकित्सक

**हमीरपुर** मेडिकल कालेज हमीरपुर में रोजाना हजारों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल में रोजाना करीब 18 से दो हजार के करीब पर्चियां बनाई जाती हैं, मरीजों की भीड़ इन दिनों बढ़ रही है। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही डायरिया और पीलिया के मरीज बढ़ने शुरू हो गए हैं। इसका मुख्य कारण शुद्ध पानी का प्रयोग न करना माना जा रहा है। चिकित्सकों की मानें तो आगामी समय में पीलिया के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। लोगों को चाहिए कि वे शुद्ध पानी का ही प्रयोग करें।

# एचआरटीसी बस के खुले पिछले टायर, बाल-बाल बचे 18 यात्री

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

जोगिंद्रनगर-सरकाघाट सड़क पर कोटला नामक जगह पर बस के पिछले चारों टायर निकल जाने से बड़ा हादसा टल गया। अगर टायर एक मोड़ आगे निकले होते तो बस सीधे दरिया में पहुंच जाती।

बस में बैठी सवारियों ने बताया कि अचानक बड़े जोर का धमाका हुआ और बस जमीन पर जा टिकी टायर निकल जाने से 18 सवारियां बाल-बाल बचीं। हादसा वीरवार को हुआ जब हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्मपुर डिपो की यह बस (एचपी28ए 7094) जोगिंद्रनगर से अमृतसर जा रही थी कि अचानक बस से चारों टायर ही खुल गए।

निगम के अधिकारियों द्वारा हादसे का कारण खराब सड़क में अचानक यू बोल्ट टूट जाना बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों रवि कुमार, बबीता, कश्मीर सिंह, बबली देवी, सीमा देवी और कृष्णा आदि का कहना है कि हादसा एक मोड़ आगे हुआ होता, तो बस में बैठी करीब डेढ़ दर्जन सवारियां जान से हाथ धो बैठतीं। जिस जगह बस के यू बोल्ट टूटे वहां सड़क समतल और चौड़ी होने से वाहन की चेसिस जमीन पर आ टिकी। घटना की जांच के लिए निगम द्वारा एक तकनीकी अफसर की अगुआई में टीम का गठन किए गया है। इस टीम को शीघ्र रिपोर्ट देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



सड़क पर बस से अलग हुए टायर का पूरा भाग।

> यू बोल्ट टूटने से एक बड़ा हादसा टल गया, 18 सवारियां थीं जिन्हें दूसरी बस में भेजा गया है। मामले की टेक्निकल टीम जांच कर रही है। स्टाफ भेजना सरकार और एमडी का काम है हर महीने रिक्त पदों को लेकर रिपोर्ट भेज दी जाती है।
> -विनोद कुमार, रीजनल मैनेजर।

**बसाही से चौस पुल तक सड़क खस्ताहाल**

**सरकाघाट** से जोगिंद्रनगर सड़क का बसाही से ब्यास नदी पर बने चौस पुल तक करीब 11 किलोमीटर भाग खस्ताहाल है। घुमावदार सड़क पर पड़े गड्ढे वाहनों के लिए खतरनाक साबित होते हैं। ज्यादातर तीखे और संकरे मोड़ों पर क्रैश बैरियर न होने के कारण करीब आधा दर्जन हादसे हो चुके हैं।

### राजनीति का शिकार धर्मपुर डिपो

**राजनीतिक** उठापटक का शिकार हुए धर्मपुर डिपो में तकनीकी स्टॉफ न के बराबर है, जबकि क्षेत्रीय प्रबंधक को बदल कर यातायात प्रबंधक को इस डिपो की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डिपो में प्रबंधक टेक्निकल साइड से न होने से बसों के काम नहीं हो पा रहे हैं। तकनीकी स्टॉफ की कमी के चलते हालात यह हैं कि इस डिपो की बसें कहीं भी हांफ जाती हैं। मैकेनिकल इंजीनियरों का कहना है कि जांच इस बारे में होनी चाहिए कि यू वोट निकला कैसे।

### बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमले का मामला, पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# हमलावरों पर हो सख्त कार्रवाई : चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व पंचायत प्रधान जबना चौहान की मां धर्मी देवी पर जानलेवा हमला करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करें। यह मांग दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता चमन राही ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी सागर चंद को एक ज्ञापन सौंप कर की।

उन्होंने कहा कि जबना की मां धर्मी देवी पिछले सात दिनों से आईजीएमसी शिमला में जिंदगी और मौत से जूझ रही है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि इन्हें इस स्थिति में पहुंचने वाले लोग खुलेआम बाहर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि एफआईआर में लगाई गई धाराओं में परिवर्तन कर इस मामले में सख्त कार्रवाई करें।

चमन रही ने वीरवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को यह ज्ञापन सौंपा। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी सागर चंद ने निष्पक्ष जांच करने का भरोसा दिया है।

इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के पूर्व प्रदेश सचिव यशवंत गुलरिया व जिला कांग्रेस के वरिष्ठ महासचिव भागमल भरमोरिया भी मौजूद रहे।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी सागर चंद को ज्ञापन सौंपते हुए चमन राही।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री चामुंडा मंदिर द्रंग में लोगों ने डाली पूर्णाहुति



**मंडी** । श्री चामुंडा मंदिर द्रंग में नवरात्र पारणा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले मंदिर में विधि-विधान के साथ माता की पूजा-अर्चना की गई और लोगों ने पूर्ण आहुति भी डाली। वहीं रात्रि जागरण का भी हर वर्ष की आयोजन कर माता का गुणगान किया गया। माता के गूर अमृत सोनी ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों में लगातार पाठ का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों ने मंदिर में शिरकत कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। चामुंडा माता हर व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण कर लोगों के दुखों का निदान भी करती है।

### छोटा पड्डल मंडी में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट आज

**मंडी** । वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन (एसडीएम) कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत 19 अप्रैल को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट बैंडमिअन कोर्ट के सामने की सड़क पर छोटा पड्डल मंडी में होंगे। ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए प्रतिभागी अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फोटो, बिना फाईल तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। 19 अप्रैल को होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए 16 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### एक जून को सभी करें मतदान : मनीश चौधरी

**जोगिंद्रनगर** । सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी एक जून को सभी मतदाता अपने मताधिकार का जरूर इस्तेमाल करें। लोगों की मतदान में ज्यादा भागीदारी से न केवल हमारा लोकतंत्र सुदृढ़ होगा बल्कि सरकार निर्माण में भी सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। एसडीएम वीरवार को आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से 31-जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों में चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत झमेहड़ व कुनकर में बोल रहे थे।

### पड्डल मैदान से निकल रहे कील और कांच के टुकड़े

**मंडी** । अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेला संपन्न होने के उपरांत खाली हुए पड्डल मैदान की साफ-सफाई आरंभ कर दी गई है। मैदान से महिलाओं द्वारा खुदाई कर कांच और लोहे की कीलें आदि निकाली जा रही हैं। इसके साथ ही पास बनी नालियों को भी साफ किया जा रहा है। बता दें कि पड्डल मैदान में व्यापारियों की दुकानों के नीचे से टूटा हुआ कांच व लोहे के टुकड़े निकाले जा रहे हैं, ताकि खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि पड्डल मैदान को खेलने योग्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### मतदान के लिए अभियान चलाएगी ब्राह्मण सभा

**मंडी** । हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा प्रदेश भर में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने का अभियान चलाएगी। प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम ने इस बारे में वीरवार को प्रदेश के मुख्य सलाहकार पंडित देवराज शर्मा, क्षेत्रीय महासचिव पंडित लीला गोपाल शर्मा के साथ उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रविश जिनके जिम्मे इस समय पूरे जिले की चुनाव गतिविधियां भी हैं, उसके साथ भेंट की तथा उन्हें अपने इस अभियान व उद्देश्य के बारे में बताया। प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम ने इस मौके पर कहा कि ब्राह्मण सभा सामाजिक दायित्व को बखूबी निभा रही है। ब्राह्मण दान करने व दान करवाने में विश्वास रखते हैं। आज चुनाव का समय है। सभा ने पूरे प्रदेश में काम कर रहे अपने सदस्यों से आह्वान किया है कि अपने क्षेत्र में निष्पक्ष व शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि ब्राह्मणों की मजबूती यजमानों की मजबूती पर निर्भर करती है, जब यजमान मजबूत होगा तो ब्राह्मण स्वतः ही मजबूत होगा। ब्राह्मण सभा चहुंमुखी विकास पर चिंतन करती है व निष्कर्ष निकालने का भी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के उपरांत सभा की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

### डीसी ने कबड्डी खिलाड़ी भूपेंद्र को किया सम्मानित



**मंडी** । मंडी के कबड्डी खिलाड़ी भूपेंद्र पॉल ठाकुर को डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने मोमेंटो और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। शीतला सेवक समाज पुरानी मंडी के प्रधान दिनेश कुमार और भीमाकाली मंदिर कमेटी के प्रधान पुष्पराज भी उपस्थित रहे। बता दें कि भूपेंद्र पॉल जेकेएल कबड्डी प्रीमियम लीग सेसन.13 टीम तमिल टाइटन की ओर से खेले कबड्डी प्रीमियम लीग का आयोजन राजस्थान ओपीजीएस यूनिवर्सिटी में भी भाग लिया। इसके साथ ही इंडियन नेवी की और से भी खेले हैं।

### 29 विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्य, प्रोग्रेस रिपोर्ट भेजनी होगी उच्चाधिकारियों को

# उच्च शिक्षा उपनिदेशक ने लोनिवि से मांगी रिपोर्ट

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**


उच्च शिक्षा विभाग के मंडी स्थित उपनिदेशक द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंताओं से अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत निर्माणाधीन कार्यों की त्रैमासिक रिपोर्ट तलब की है। कार्यक्रम के तहत जिला के 10 विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे लगभग अढ़ाई दर्जन निर्माण कार्यों की रिपोर्ट 11 मंडल अभियंताओं से मांगी गई है।

बता दें कि यह प्रोग्रेस रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को शिमला शिक्षा निदेशालय को भेजी जानी है।

गौर हो कि इन निर्माण कार्यों में स्कूल के कमरे, परीक्षा भवन, बरामदा, साइंस ब्लॉक और विज्ञान प्रयोगशालाओं आदि का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

शिक्षा विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग के मंडी स्थित प्रथम व द्वितीय मंडल के अलावा हिमुडा, धर्मपुर, गोहर, जोगिंद्रनगर, जंजैहली, सरकाघाट, करसोग, सुंदरनगर और नेरचौक के अधिशासी अभियंताओं को भेजे पत्र में कहा है कि गत 31 मार्च को खत्म हुई चौथी त्रैमासिकी की प्रोग्रेस रिपोर्ट शीघ्र प्रेषित की जाए, ताकि वह संकलित करके उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जा सके। पत्र के अनुसार मांग संख्या 32 के तहत जिला के तीन राजकीय उच्च विद्यालयों एवं 26 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के भवनों व कुछ अन्य निर्माण कार्यों की त्रैमासिक रिपोर्ट अभी तक नहीं पहुंची है। (अनंत ज्ञान)

**11 अधिशाषी अभियंताओं को भेजा लेटर**




### 29 विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्य

जिलाभर इस कार्यक्रम के तहत 29 विद्यालयों में निर्माण कार्य चल रहे हैं। विभिन्न विद्यालयों में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र के धार व साहल में 2, धर्मपुर के सारी बनेरड़ी कौन और ब्रांग में 4, सरकाघाट के ब्राड़ता व थौना में 2, नाचन के स्यांज, जहल, पिपलागलू, चैलचौक, किलिंग व मौवीसेरी में 6, जोगिंद्रनगर के बस्सी, चौंतड़ा व भराड़पट्ट में 3, करसोग के कशोहल व तेबन में 2, सुंदरनगर के तलेली, दोघरी, घैन व कपाही में 4, बल्ह के लोहार व टांवा में 2, सराज के बी सी जांच में 2 और मंडी के गोखड़ा व बाड़ी गुमाणु में 2 निर्माण कार्य चल रहे हैं।

### जल्द भेजी जाएगी रिपोर्ट : सुशील

वहीं उप निदेशक उच्च शिक्षा मंडी सुशील शर्मा ने कहा कि रिपोर्ट नियमित तौर पर उच्च अधिकारियों को भेजी जाती है, परंतु इस बार अभी तक यह संकलित नहीं हो पाई है। यह कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री ने ध्वस्त सात पुलों से एक भी नहीं करवाया तैयार : जयराम



बगस्याड़ सराज में शादी समारोह में वर-वधु को आशीर्वाद देने के उपरांत पूर्व सीएम व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- कांग्रेस का घोषणा पत्र सिर्फ झूठ का पुलिंदा है
- आपदा में राहत बांटने के नाम पर हुआ सबसे बड़ा घोटाला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दी हुई गारंटी चौबीस कैरेट सोने जैसी खरी है। भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी से युक्त है जो 2047 का रोडमैप दिखा रहा है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र सिर्फ झूठ का पुलिंदा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह कह रहे हैं कि आपदा में कंगना रनौत कहां थी और उन्होंने क्या दिया, लेकिन हम पूछना चाहते हैं कि जब आपदा में कुल्लू से मंडी तक सात पुल बहे तो आप बताएं कि बतौर लोक निर्माण मंत्री आपने कितने तैयार किए। सच्चाई तो यह है कि आपने अभी तक एक पुल तक नहीं बनाया। पंडोह और कुनका तर पुल की आखिर नौ माह बाद भी क्यों सुध नहीं ली गई।

उन्होंने कहा कि आपदा में राहत बांटने के नाम पर सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। कांग्रेस पार्टी से संबंधित जिन लोगों का मात्र आंशिक नुकसान हुआ है उन परिवारों को पूरा मुआवजा बांटा गया और जिन भाजपा से संबंधित लोगों के पूरे के पूरे घर तबाह हुए उन्हें आज तक मुआवजे और रिपोर्ट के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को इन चुनावों में इसका खामियाजा भुगतना ही पड़ेगा।

### विश्व धरोहर दिवस पर करवाया कार्यक्रम

**सुंदरनगर** । डीएवी पाठशाला सुंदरनगर में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा इस अवसर पर विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। प्रधानाचार्य मोहित चुघ ने विश्व धरोहर दिवस को मनाने का महत्व और उद्देश्य समझाया। उन्होंने कहा कि हमें विश्व के महत्वपूर्ण स्मारकों, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों के महत्व को समझना चाहिए और इनके संरक्षण को बढ़ावा देना चाहिए।

### महंगाई पर लड़ा जाएगा चुनाव : एनके पंडित

**मंडी** । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एनके पंडित ने भाजपा पर राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि यह लोकसभा चुनाव मीट मछली पर नहीं महंगाई और बेरोजगारी पर लड़ा जाएगा। एनके पंडित ने कहा कि अभिनेत्री कंगना रनौत तो चुनाव से पहले ही हार मान चुकी है, क्योंकि वह खुद कह चुकी हैं कि वह तो मोदी की डाकिया हैं।

### सुंदरनगर में परोसी जा रही घटिया खाद्य सामग्री

**सुंदरनगर** । मेले के दौरान जवाहर पार्क में लगी दुकानों में बेहद घटिया किस्म के खाद्य पदार्थ परोसे जा रहे हैं। लोगों ने फूड सेफ्टी विभाग से सैंपल जांच की मांग की है। खुले में रखी गई खाद्य सामग्री पर धूल का बसेरा है।

खराब हो चुकी ऐसे खाद्य पदार्थों को खाने से लोगों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। यही नहीं घटिया खाद्य सामग्री के सेवन से होने वाली बीमारियों की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता है।

# अभिलाषी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ली मतदान की शपथ



मतदान की शपथ लेते विद्यार्थी।

**सुनील शर्मा, गोहर**

नाचन विधानसभा के में 'मा भी पाणा वोट' अभियान के तहत एसडीएम गोहर की अध्यक्षता में अभिलाषी यूनिवर्सिटी नाओ ग्राओं में स्वीप टीम द्वारा युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया।

एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने प्रशिक्षुओं को 1 जून 2024 को मतदान करने की शपथ दिलवाई।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जो युवा 18 साल के हो गए है या जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में ईमानदारी से दर्ज करवा लें। (अनंत ज्ञान)

# भाषण प्रतियोगिता में रिबैला प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एबीवीपी परिषद सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्र निर्माण में समरसता के महत्व पर अपने विचार रखे।

प्रतियोगिता में भौतिक विज्ञान की रिबैला ने प्रथम स्थान हासिल किया। इकाई अध्यक्ष हर्षित मिंहास ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के रूप में मनाया जाता है। विद्यार्थी परिषद ने अंबेडकर के विचारों को सम्मान देने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।

कार्यक्रम में सह प्राचार्य डॉ. मंजुला शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और अभाविप प्रदेश सह मंत्री विशाल ठाकुर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मंजुला शर्मा ने छात्रों को कहा कि आज के छात्रों को पुनः एक बार फिर ऑनलाइन स्टडी से हट कर पुस्तकों की ओर अपना रुझान करना चाहिए। प्रतियोगिता में कुल 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें से प्रथम स्थान भौतिक विज्ञान विभाग की रिबैला ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान एमबीए की ईशा चंदेल ने हासिल किया और तृतीय स्थान भौतिक विज्ञान के प्रियांशु ने प्राप्त किया।



भाषण प्रतियोगिता के विजेता आयोजकों के साथ सामूहिक चित्र में।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, मंडी**

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप सिद्ध होने पर अदालत ने दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 13 अगस्त, 2022 को पीड़िता के पिता ने पुलिस थाना गोहर में आकर एक शिकायत दर्ज करवाई कि वह बामडा गुमला, झारखंड का रहने वाला है और हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के गांव खयोड़ में मेहनत मजदूरी का काम करते हैं व वहीं करीब एक वर्ष से अपने परिवार के साथ रहता है।

13 अगस्त, 2022 को दोषी उसके कमरे में आया और पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस थाना गोहर में दोषी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। छानबीन पूरी होने पर थानाधिकारी द्वारा मामले के चालान को अदालत में दायर किया था।

उक्त मामले में सरकार की तरफ से मामले की पैरवी उप जिला न्यायवादी नितिन शर्मा द्वारा की गई। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 50,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई व जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को 2 वर्ष के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भी सुनाई।

### बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता फार्म 12-डी का प्रयोग कर करें मतदान

**मंडी** । करसोग विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज करसोग में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम करसोग राजकुमार ने की।

उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर द्वार पर मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा प्रदान की जा रही है। फार्म 12-डी के माध्यम से इस आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर, घर बैठ कर ही मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। एसडीएम ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी फॉर्म 12-डी के माध्यम से 12 मई, 2024 तक सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# हिम साहित्य परिषद करवाएगी साहित्यिक आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक में उपस्थित परिषद के पदाधिकारी।

**कार्यकारिणी की बैठक में लिया निर्णय**

हिम साहित्य परिषद द्वारा इस वर्ष एक राज्य स्तरीय साहित्यिक आयोजन करने पर विचार किया जा रहा है। इस बात पर आज परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में विचार किया गया। परिषद के अध्यक्ष डॉ. पीसी कौंडल की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया कि इस आयोजन से पहले परिषद के पुराने सदस्यों का नवीनीकरण किया जाएगा तथा नए सदस्य भी बनाए जाएंगे। बैठक में सलाहकार बीरबल शर्मा ने सुझाव दिया कि ऐसे कार्यों के लिए अन्य सिस्टर ऑर्गेनाइजेशंज का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। कोषाध्यक्ष उत्तम शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव रखा जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति व्यक्त करते हुए अगली बैठक में विचार कर कार्य योजना बनाने का निर्णय लिया गया। महासचिव भगत सिंह गुलेरिया ने शीघ्र ही नई कार्यकारिणी के गठन की बात कही।

**चिंताजनक** महाराष्ट्र में सर्वाधिक सार्वजनिक पुस्तकालय, केरल व कर्नाटक दूसरे व तीसरे स्थान पर

# हिमाचल में सिर्फ 945 सार्वजनिक पुस्तकालय

**अनंम ज्ञान, मंडी**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

देश में लगभग 47000 सार्वजनिक पुस्तकालय हैं, इनमें से 40 प्रतिशत गैर सरकारी संगठनों व ट्रस्टों के द्वारा संचालित की जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के हिस्से में यह आंकड़ा एक हजार से नीचे ही है।

सर्वाधिक सार्वजनिक पुस्तकालयों वाला राज्य महाराष्ट्र हैं जहां 12000 सार्वजनिक पुस्तकालय हैं। दूसरे नंबर पर केरला में 8500 और तीसरे नंबर पर कर्नाटक में 7000 सार्वजनिक पुस्तकालय हैं।

इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल में 5000, तमिलनाडु में 4500 व गुजरात में 3500 को भी जोड़ दें तो शेष सभी राज्यों में यह आंकड़ा एक हजार से नीचे हैं।

काबिले जिक्र है के पूरे देश में राज्य स्तरीय केंद्र सार्वजनिक पुस्तकालयों की संख्या 31 है, जबकि राज्य स्तरीय विशेष सार्वजनिक पुस्तकालयों की संख्या 11 है व लगभग 600 जिला स्तरीय सार्वजनिक पुस्तकालय और लगभग 550 क्षेत्रीय, मंडलीय या उपमंडलीय सार्वजनिक पुस्तकालय कार्यरत हैं।



देश में लगभग 19000 सार्वजनिक पुस्तकालय ऐसे हैं जो गैर सरकारी संस्थानों या ट्रस्ट के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। लगभग 2000 पब्लिक लाइब्रेरियां अन्य श्रेणियों में शामिल हैं। देश में सार्वजनिक पुस्तकालयों में टाउन या सिटी लाइब्रेरियों की संख्या 11000, पंचायत या ग्रामीण लाइब्रेरियों की संख्या 13000 है। दो राज्यों कर्नाटक में 13 व तमिलनाडु में 14 मोबाइल लाइब्रेरियां भी हैं।

### हिमाचल में नाममात्र हैं सार्वजनिक पुस्तकालय

हिमाचल में 945 सार्वजनिक पुस्तकालय लेकिन इनमें से 917 स्कूल पब्लिक लाइब्रेरियां ऐसी हैं जिन्हें आम जनता के लिए केवल 2 घंटे खोलने का प्रावधान है। वर्तमान में इनमें से एक दो को छोड़ कर किसी में भी लाइब्रेरी प्रोफेशनल नहीं है। इनका प्रभार किसी शिक्षक के पास है। वे अपने ड्यूटी आवर्ज्व के बाद इन लाइब्रेरियों को पब्लिक के लिए उपलब्ध नहीं करवा पाते हैं। 13 पंचायत या ग्रामीण, 2 सिटी, 11 जिला 1 राज्य केंद्र सार्वजनिक पुस्तकालय ही असल में कार्यरत हैं।

### गुम्मा का दो दिवसीय देवता मेला शुरू

**मंडी** । ग्राम पंचायत गुम्मा का दो दिवसीय देवता मेला वीरवार को हिडिंबा माता मंदिर परिसर में धूमधाम से शुरू हो गया। मेले में माता हिडिंबा सहित चौहारघाटी के पहाड़ी बजीर नाम से प्रसिद्ध देव पशाकोट व देव बरनाग का लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

मेले के शुभारंभ पर ग्राम वन विकास समिति जनवाण के प्रधान राम सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। राम सिंह ठाकुर ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के परिचायक है। इस दौरान मुख्यातिथि ने मेले के आयोजकों को नकद राशि प्रदान की। वहीं समाजसेवी विवेक आनंद ज्वैलरी द्वारा 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की।

### वोट करेगा जोगिंद्रनगर




सेल्फी प्वाइंट पर चित्र खिंचवाते हुए मतदाता। बता दें कि लोकतंत्र के इस महापर्व से मतदाताओं को जोड़ने के लिए सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए जा रहे हैं। इन सेल्फी प्वाइंट के प्रति मतदाताओं में खासा उत्साह पाया जा रहा है।

# क्षेत्रीय अस्पताल में सुविधाओं की होगी मॉनिटरिंग

## रोजाना सुबह अस्पताल प्रबंधन की टीम अस्पताल परिसर का करेगी दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में रोगियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की अब रोजाना मॉनिटरिंग होगी। अस्पताल प्रबंधन की ओर से लगातार सुधार के साथ रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के सामने कुछ शिकायतें भी पहुंची थीं, जिसके बाद अस्पताल में व्यवस्था परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

नई व्यवस्था के मुताबिक रोजाना सुबह के समय अस्पताल प्रबंधन की ओर से एक टीम अस्पताल परिसर का दौरा करेगी और मरीजों को आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करेगी। टीम इन समस्याओं का त्वरित हल भी कराएगी साथ ही गंभीर मसलों को भी मौके पर हल करने का प्रयास करेगी। इसके साथ ही उक्त टीम अस्पताल के चिकित्सक अधीक्षक को भी रिपोर्ट सौंपेंगी, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना न करने पड़े।



क्षेत्रीय अस्पताल ऊना की फाइल फोटो।

बता दें कि जिले के सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों को व्यवस्था से संबंधित आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए अनूठा प्रयास शुरू किया गया है। इस प्रयास के तहत रोजाना सभी वार्डों का निरीक्षण किया जाएगा। इस टीम के अलावा चिकित्सा अधीक्षक भी निरीक्षण करेंगे, ताकि अस्पताल में चल रही किसी भी कमी का समय रहते पता लगाकर उसे दूर किया जा सके।

### रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए किया जा रहा प्रयास

अस्पताल में मरीजों को उपचार के दौरान कई बार सुस्त कार्यप्रणाली के चलते परेशानी झेलनी पड़ती है। इस प्रकार के मामले अस्पताल प्रबंधन तक मरीजों में जागरूकता का अभाव होने के कारण नहीं पहुंच पाते हैं। इससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को परेशान होना पड़ता है। ऐसी समस्याओं को दूर करने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने रोजाना एक चिकित्सक और वार्डन की एक टीम को ऐसी समस्याओं का निरीक्षण के माध्यम से पता लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद चिकित्सा अधीक्षक तक इन समस्याओं को बताकर उनका हल करने का काम किया जाएगा।

# लठियानी पंचायत कार्यालय में अक्सर लटके मिलते हैं ताले

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

बंगाणा उपमंडल के लठियानी कस्बे की ग्राम पंचायत कार्यालय में अक्सर ताले लटके मिलते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी विनोद कुमार, यशपाल, राजेश आदि ने बताया कि अक्सर ग्राम पंचायत लठियानी के भवन में जो कार्यालय है उसमें ताले लटके नजर आते हैं। वे जब भी कोई काम करवाने के लिए इस ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचते हैं, वहां ताले लगे होते हैं।



लठियानी ग्राम पंचायत के गेट में वीरवार सुबह 11 बजे लटका मिला ताला।

पंचायत क्षेत्र के लोगों को परिवार नकल के अलावा जन्म और मृत्यु पंजीकरण करवाने के लिए भी काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जब स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बातचीत की जाती है तो वे भी कार्यालय में सचिव की अनुपस्थित होने का कारण स्पष्ट नहीं कर पाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन लोगों ने खंड विकास अधिकारी बंगाणा से इस मामले की उच्च स्तरीय छानबीन करने की मांग की है। ग्राम पंचायत के प्रधान जोगिंद्रपाल शर्मा का कहना है कि लोगों की शिकायत जायज है। कई दफा उनको भी जानकारी नहीं होती है कि सचिव छुट्टी पर है या किसी अन्य कार्य में व्यस्त है। प्रधान को भी इसकी सूचना नहीं होती। इस संबंध में उन्होंने बीडीओ को मौखिक शिकायत भी की है।

# महिलाओं को सम्मान निधि फार्म भरने की अनुमति भाजपा के मुंह पर तमाचा : मीना

**ऊना।** युवा कांग्रेस की संयुक्त सचिव मीना कुमारी ने प्रदेश में महिलाओं की सम्मान निधि के आवेदन भरे जाने की चुनाव आयोग की अनुमति को भाजपा के मुंह पर तमाचा बताया है।



उन्होंने कहा कि जो योजना चुनाव की घोषणा से पहले शुरू कर दी गई हो उसको रोक लगाने की भाजपा की मांग अनुचित थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का महिला विरोधी होने का चेहरा सामने आ गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों के मध्य उनको जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वे बखूबी निभाने का प्रयास करेंगी। जिला ऊना में युवा कांग्रेस के संयुक्त सचिव बनाए जाने पर उन्होंने आला कमान का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि वह जनता की ओर से प्रदेश सरकार के बड़े आभारी हैं जिन्होंने पिछले दिनों महिलाओं के लिए 18 वर्ष से 59 वर्ष तक जो 1500 रुपए की इंदिरा सम्मान राशि लागू की थी, जिसे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने चुनाव आयोग के पास इसे रोकने की गुहार लगाई थी। आज उन्हें खुशी है कि प्रदेश के चुनाव आयोग ने महिलाओं के लिए जारी की सम्मान राशि के फॉर्म भरने की जो अनुमति दी है उसके लिए वे चुनाव आयोग के भी आभारी हैं। उन्हें यह मालूम है कि हिमाचल प्रदेश में चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए अग्रसर है। उन्होंने सभी मतदाताओं से निवेदन किया है कि अपना एक-एक कीमती वोट प्रदेश में सुक्खू सरकार के हक में डालें।

# सोशल मीडिया पर प्रचार में जुटी कुटलैहड़ भाजपा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा धरातल के साथ सोशल मीडिया पर भी प्रचार करने में डटी हुई है और केंद्र सीकर के दस वर्षों की योजनाओं और साथ में कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के 26 वर्ष के राजनीतिक सफर को जनता के बीच रख रही है।

बता दे कि देवेंद्र कुमार भुट्टो सक्रिय राजनीति के आने के बाद लंबे समय से कुटलैहड़ की जनता की सेवा मां समर्पित रहे है। हालांकि, कुटलैहड़ की जनता के प्रति देवेंद्र कुमार भुट्टो का अच्छा रुझान है और देवेंद्र कुमार भुट्टो हमेशा कुटलैहड़ की जनता के बीच रहकर उनके सुख दुख में बराबर की हिस्सेदारी निभाते आ रहे है।

कुटलैहड़ की जनता फिर एक बार देवेंद्र कुमार भुट्टो को विधायक बनाने के लिए उत्सुक दिख रही है, जिस प्रकार कुटलैहड़ की जनता का अटूट विश्वास भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के प्रति छलक रहा है और हर जगह देवेंद्र कुमार भुट्टो को जनता का समर्थन मिल रहा है। उससे देवेंद्र कुमार भुट्टो के समर्थक साफी उत्साहित भी दिख रहे है। बता दे कि देवेंद्र कुमार भुट्टो के 14 माह के कार्यकाल को भी कुटलैहड़ की जनता ने देखा है।


देवेंद्र कुमार भुट्टो अपने समर्थकों के साथ।

कुटलैहड़ की जनता भुट्टो की कार्यशैली से खुश भी नजर आती है क्योंकि देवेंद्र कुमार भुट्टो ने 14 माह के विधायक कार्यकाल में कोई बदले की भावना से काम नही किया। हर समय कुटलैहड़ की जनता की सेवा में प्रति समर्पित रहे है। वहीं 14 माह के कार्यकाल में विधायक सैलरी भी

### हर घर दस्तक दे रहे कार्यकर्ता

कुटलैहड़ की जनता की सेवा में समर्पित करते रहे और जो भी व्यक्ति मदद के लिए विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के पास आया।

उसकी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मदद जरूर की है। जब कुटलैहड़ के गांवों में जनता का रुझान देखना चाहा तो 80 प्रतिशत जनता को गांव गरीबी रेखा से नीचे है। उन्हें केवल मात्र देवेंद्र कुमार भुट्टो के प्रति रुझान और उन्हे मतदान करने की बात कही।

गौर रहे सन दो हजार से लेकर 2020 तक बीस वर्षों तक भुट्टो बंगाणा उपमंडल के बीडीसी अध्यक्ष एवम उपाध्यक्ष रहे। और बही से कुटलैहड़ की जनता का समाजसेवी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने करवा जुड़ता गया। देवेंद्र कुमार भुट्टो कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी बनकर जब कुटलैहड़ के आए थे। उस समय से कुटलैहड़ की जनता का रुझान एक बार फिर देवेंद्र कुमार भुट्टो के पक्ष में होने लगा। (अनंत ज्ञान)

# फर्जी प्रमाण पत्रों से नौकरी लेने के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले के संतोषगढ़ में भाई ने भाई पर नौकरी के लिए फर्जीवाड़ा करने का आरोप जड़ा है। शिकायत में फर्जी जन्म एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी एवं पेंशन लेने के आरोप लगाए गए हैं। बकायदा भाई के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया गया है। आरोपी भाई सीआरपीएफ में नौकरी करता था, जिस पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर अर्द्धसैनिक बल में नौकरी हासिल करने एवं अब रिटायरमेंट के बाद पेंशन सहित तमाम अन्य वित्तीय लाभ लेने के आरोप हैं।

पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राम कुमार कपिला पुत्र ओम प्रकाश ने बताया कि उसके भाई प्रमोद कुमार ने अपनी नौकरी एवं सेवानिवृत्ति फर्जी दस्तावेज से ली है। प्रमोद की सही जन्म तिथि 24 जून 1969 है, लेकिन उसने 3 अक्तूबर 1966 तिथि का अपना फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर अर्द्धसैनिक बल में नौकरी हासिल की। नौकरी के लिए फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी बनाया है। राम कुमार ने आरोप लगाया कि उसके भाई प्रमोद कुमार ने फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर न केवल नौकरी की, बल्कि अब रिटायरमेंट के बाद गैर-कानूनी तरीके से पेंशन और अन्य तमाम वित्तीय लाभ भी हासिल किए।

उधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का संजीव कुमार भाटिया ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रमोद के खिलाफ केस दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### थड़ा लडोली गांव में भंडारा 19 मई को

**दौलतपुर चौक।** चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के गांव थड़ा लडोली में देहरियां जठेरियां मंदिर में तक्खी परिवार की ओर से एक विशाल भंडारे का आयोजन 19 मई रविवार को किया जा रहा है। मंदिर के सेवकों राकेश कुमार, गुरदेव कुमार, बलवंत सिंह आदि ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के बाद झंडे चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी तथा दोपहर एक बजे भोग लगाकर लंगर शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि इस धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।



### बिजली बिल जमा नहीं कराया तो कटेगा कनेक्शन

**हरोली।** विद्युत उपमंडल हरोली के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे 27 अप्रैल तक बिजली बिल जमा करवा दें अन्यथा उनके बिजली कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे। यह जानकारी विद्युत उपमंडल हरोली के सहायक अभियंता इंजीनियर सुरेश कुमार ने दी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### नियमों की अवहेलना करने पर काटे 141 चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 141 वाहनों के चालान किए गए व जुर्माने के रूप में 24,900रुपए वसूल किए गए। वहीं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर 2 व्यक्तियों के चालान धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत किए गए व जुर्माने के रूप में 200 रुपए वसूल किए गए हैं। इसी कड़ी में जिला पुलिस द्वारा अवैध खनन अधिनियम के तहत अवैध खनन करने पर एक वाहन का चालान किया गया व जुर्माने के रूप में 5000 रुपए वसूल किए गए हैं।

# चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की बढ़ी आस्था

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

भारत के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी में इस बार श्रद्धालुओं के आवागमन में भी वृद्धि दर्ज की की गई है। नवरात्र में 1 लाख 60 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता के दर्शन कर शीश नवाया है और इस बार 45 हजार अधिक श्रद्धालुओं ने माता चिंतपूर्णी के मंदिर में माथा टेकर आशीर्वाद प्राप्त किया है।

एसडीएम अंब विवेक महाजन के अनुसार मंदिर में की गई तमाम तरह की व्यवस्था में परिवर्तन के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर आय के भी नए स्त्रोत बने हैं। नवरात्रि में इस दफा 80 लाख से अधिक चढ़ावा प्राप्त हुआ, वहीं बीते वर्ष चार लाख कम था। जहां गत पूरे वर्ष सात करोड़ 50 लाख रुपए आय मंदिर को हुई थी। वहीं, इस बार 9 करोड़ के करीब आमदनी मंदिर प्रशासन को अर्जित हुई है। श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होने से मंदिर के चढ़ावे में भी डेढ़ करोड़ रुपए अधिक इजाफा हुआ है। मंदिर में पहली बार माता के दर्शन करने के लिए सुगम दर्शन प्रणाली व्यवस्था शुरू की गई, जिसके जहां एक ओर सार्थक परिणाम देखने को मिले हैं, तो वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की संख्या में भी वृद्धि हुई है और लोगों को भी अब घंटों कतारों में अपने बारी का इंतजार करने से भी राहत मिली है।


चिंतपूर्णी धाम में नवरात्र के दौरान कुल एक लाख साठ हजार श्रद्धालु पहुंचे और इस दौरान करीब अस्सी लाख का नकद चढ़ावा चढ़ाया गया। पिछले साल करीब 76 लाख चढ़ावा प्राप्त हुआ था।

महज 10 से 15 मिनट में ही श्रद्धालूओं को अब माता के दर्शन हो रहे हैं। इसके लिए मंदिर प्रशासन ने अगस्त 2023 में इस प्रद्धति की व्यवस्था शुरू की, जिसमें 1100 की पर्ची कटवाकर पांच लोग इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं। दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए यह सुविधा पूरी तरह से निशुल्क है। उनके साथ एक तीमारदार से 50 रुपए टोकन फीस ली जाती है। मंदिर परिसर में वर्ल्ड क्लास का एक एसी लॉज स्थापित किया गया है। इसके अलावा आम जनता की सुविधा के लिए मोबाइल वैन और निशुल्क चिकित्सा सुविधा भी मेडिसिन सहित प्रदान की जाती है, तो वहीं दूसरी ओर गरीब कन्याओं की शादी के लिए भी 21 हजार रुपये सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

# राजेंद्र मलांगड़ कुटलैहड़ भाजपा के महामंत्री बने

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय होटल में भाजपा मंडल की बैठक हुई इस बैठक में राजेंद्र मलांगड़ को कुटलैहड़ भाजपा मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया। और तत्काल प्रभाव से नियुक्ति अमल में लाने के आदेश दिए। राजेंद्र मलांगड़ लंबे समय से भाजपा के साथ धरातल पर कार्य कर रहे हैं। राजेंद्र मलांगड़ पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व रामदास मलांगड़ के पुत्र है। स्व रामदास मलांगड़ कुटलैहड़ विस क्षेत्र में 1993 और 1998 में दो बार भाजपा विधायक रहे हैं।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने की पुष्टि



ज्ञात रहे राजेंद्र मलांगड़ कुटलैहड़ विस क्षेत्र में अच्छी पैठ रखते हैं और समर्थकों के दुख-सुख में बराबरी की हिस्सेदारी निभाते आ रहे हैं। इस संबंध में जब कुटलैहड़ भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री राजेंद्र मलांगड़ से बात की गई तो उन्होंने सबसे पहले भाजपा के शीर्षक नेताओं का आभार प्रकट किया। मलांगड़ ने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे भाजपा ने महामंत्री पद पर बैठाया है, उसकी हम पूरी गरिमा रखेंगे।

राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक बड़ा समुद्र है और बड़े परिवार के साथ मुझे जोड़कर भाजपा शीर्षक नेताओं ने मुझ पर बड़ा एहसान किया है। उन्होंने कहा कि मेरा रुझान पार्टी की सेवा करना था और हम खुद भी चाहते थे कि भाजपा संगठन में कोई जिम्मेदारी मिले तो पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करूंगा। और आज भाजपा संगठन में मुझे महामंत्री की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा मंडल पूरी ईमानदारी से दिन-रात एक करके कुटलैहड़ विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को बड़ी बढ़त के साथ जिताकर भाजपा की झोली में डालेगी।

## बसाल में 15 बोतल देसी शराब पकड़ी

**ऊना।** जिला पुलिस ने बसाल गांव में 15 बोतल देसी शराब पकड़ी है और आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर ऊना के मुलाजिम यातायात चैकिंग के लिए डेरा बाबा नारी में मौजूद थे तो गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर में झुंगी झोंपड़ी में रह रहे प्रबासी मजदूरों व स्थानीय लोगों को शराब पिलाने व बेचने का काम कर रहा है यदि इसी समय गुरमेल सिंह उपरोक्त के रिहायशी मकान की तलाशी ली जाए तो शराब बरामद हो सकती है। इसी आधार पर पुलिस ने गुरमेल सिंह (55) निवासी वार्ड नंबर-1 अप्पर बसाल के घर छापा मारा तो तलाशी लेने पर 15 बोतल शराब देसी बरामद की गई। इस संदर्भ में उपरोक्त व्यक्ति गुरमेल सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# टकारला और पेखूवेला ग्रेडिंग सेंटरों पर खरीदी जाएगी गेहूं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले में गेहूं की फसल की सरकारी खरीद के लिए तैयारी लगभग पूरी हो गई है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की तरफ से गेहूं की खरीद के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गेहूं की फसल की खरीद के लिए विभाग ने ग्रेडिंग सेंटर को उचित व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश हैं। जिला में टकारला और पेखूवेला ग्रेडिंग सेंटर में गेहूं की खरीद पहली मई से शुरू हो रही है।



जिलेभर में गेहूं फसल की खेती मुख्य रूप से होती है। ऊना में हर वर्ष 35,514 हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की खेती की जाती है, जिसमें 20941 हेक्टेयर गैर सिंचित क्षेत्र और 14573 हेक्टेयर सिंचाई वाले क्षेत्र में गेहूं की खेती होती है। हर वर्ष किसानों को करीब 80 मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार होती है। इस बार भी किसानों को अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है। इस समय जिले में गेहूं की फसल 70 फीसदी पक कर तैयार है। 10 से 15 दिनों में फसल की कटाई प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस बीच किसानों से उचित मूल्यों पर गेहूं की खरीद के लिए टकारला और पेखूवेला में स्थित ग्रेडिंग सेंटर पहली मई से शुरू कर दिए जाएंगे, जिससे पहले ग्रेडिंग सेंटर के कर्मचारियों को परिसर की साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

मई माह की शुरुआत से ही पंजीकृत किसान गेहूं की फसल इन सेंटरों में सरकारी स्तर पर बेच सकते हैं। बता दें जिला ऊना के 244 किसान कृषि विभाग के पास पंजीकृत हैं, जिन्हें विभाग फसल के अच्छे उत्पाद के लिए बेहतर किस्म का बीज उपलब्ध करवाता है।

**क्रिकेट टूर्नामेंट** | कुटलैहड़ प्रीमियर लीग सीजन-3 के विजेता को 51 हजार व उपविजेता को 31 हजार का इनाम

# महाराणा प्रताप क्लब ऊना बना विजेता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ प्रीमियर लीग सीजन तीन का खिताब महाराणा प्रताप क्लब ऊना के नाम रहा। पहले दो सीजन सफल आयोजन के बाद कुटलैहड़ प्रीमियर लीग का टूर्नामेंट सीजन 3 का आगाज 7 अप्रैल को बंगाणा के डुमखर ग्राउंड में शुरू हुआ था। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए व ट्रॉफी सहित कुटलैहड़ क्रिकेट क्लब बंगाणा की तरफ से दिया गया। बता दें कि प्रदेश में इस तरह का कुटलैहड़ में यह पहला क्लब है जो इतनी बड़ी इनामी राशि का क्रिकेट का टूर्नामेंट करवाता है।

टूर्नामेंट का समापन 17 अप्रैल राम नवमीं के शुभ अवसर पर हुआ, जिसमें हिमाचल की 16 टीमों ने भाग लिया। पहला सेमीफाइनल मैच कुरियाला क्रिकेट क्लब व विक्रांत शर्मा मेमोरियल क्रिकेट क्लब के बीच हुआ जिसमें कुरियाला की टीम ने जीत हासिल की। दूसरा सेमीफाइनल मैच महाराणा प्रताप क्रिकेट क्लब व तनोह 11 के बीच खेला गया, जिसमें महाराणा प्रताप टीम ने मैच अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच कुरियाला क्रिकेट टीम व महाराणा प्रताप क्रिकेट क्लब टीम के बीच खेला गया, जिसमें कुरियाला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 113/10 रन ही बनाए, स्कोर का पीछा करने उतरी महाराणा प्रताप क्लब ने 18.2 ओवर में ही 115/7 रन बनाकर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द सीरीज कुरियाला टीम के राघव बाली रहे, जिनको अभय राणा ने स्मार्ट एलईडी से सम्मानित किया। महाराणा प्रताप क्लब के रितविज को बेस्ट बैट्समैन व विक्रांत टीम के चंदन को बेस्ट बॉलर चुना गया। फाइनल मुकाबले में पहुंचे मुख्यातिथि अंकुश ब्रजाता ने विजेता टीम को 51,000 व उपविजेता टीम को 31,000 रुपए इनामी राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।


विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते आयोजक।


मैन ऑफ द सीरीज राघव बाली, बेस्ट बैट्समैन रितविज व बेस्ट बॉलर चंदन।

अंकुश ब्रजाता ने अपनी ओर से क्लब को 11,000 रुपवए प्रोत्साहन राशि के रूप में भेंट किए और क्लब को बधाई दी। इस अवसर पर कुटलैहड़ क्रिकेट क्लब के मुख्य आयोजक अरुण ठाकुर ने क्रिकेट क्लब के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

जो सेवा बिना आनंद के की जाती है, वह न तो सेवक की मदद करती है और न ही सेवा करने वाले की। –महात्मा गांधी

संपादकीय

# फैटी लिवर से बचना है तो हेल्दी डाइट लें

आज वर्ल्ड लिवर डे है। हर साल 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। मकसद सिर्फ एक ही है, लिवर की बढ़ती समस्याओं को लेकर लोगों को जागरूक करना और युवाओं को इस रोग के जोखिमों से बचाने को लेकर शिक्षित करना। लिवर संबंधी बीमारियों से हर साल भारत में करीब चार लाख मौतें हो जाती हैं। भारत में सिरोसिस लिवर फेलियर के रोगी हाल-फिलहाल बहुत ज्यादा बढ़े हैं। पूरी दुनिया में लिवर संबंधी रोगों का प्रतिशत बढ़ने का सबसे बड़ा कारण गलत खानपान माना जाता है, जिसकी वजह से करीब एक-तिहाई व्यस्क गैर अल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे हैं।

वास्तव में लिवर शरीर के पाचन तंत्र का महत्वपूर्ण अंग होता है। यह प्रतिरक्षा, चयापचय और शरीर के भीतर पोषक तत्वों के भंडारण से जुड़े कई अहम कार्य करता है। हम जो कुछ खाते-पीते हैं, सब लिवर से ही होकर गुजरता है। यहां तक कि दवाइयों को भी लिवर ही पचाता है, अगर इसमें खराबी आ जाए तो बहुत बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई अध्ययनों से स्पष्ट हो चुका है कि भारत में भी लिवर रोगों का खतरा और इसके कारण मौत के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। यह सब लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हो रहा है। ऐसा नहीं है कि बड़े ही लिवर की समस्या से जूझ रहे हैं, बल्कि कम आयु के लोग भी इससे अछूते नहीं हैं। कई बार लिवर के मामले इतने बढ़ जाते हैं कि स्वास्थ्य संस्थानों में हर किसी का इलाज मुश्किल हो जाता है।

फैटी लिवर के ग्रेड या स्टेज इस बीमारी की गंभीरता को दिखाते हैं। हेल्थ विशेषज्ञों के मुताबिक, फैटी लिवर की समस्या दो तरह की होती है- एक अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज और दूसरा नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर। सामान्य फैटी लिवर ग्रेड में लिवर की कोशिकाओं में थोड़ी सी वसा होती है। यह स्थिति आमतौर पर समस्याओं का कारण नहीं बनती है। मध्यम फैटी लिवर वाले इस ग्रेड में लिवर कोशिकाओं में फैट की मात्रा अधिक होती है और लिवर के कुछ हिस्से पर परिवर्तन दिखाई देता है। इससे लिवर की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। गंभीर फैटी लिवर वाले ग्रेड में लिवर की कोशिकाओं में बहुत ज्यादा फैट जमा होने लगते हैं। ग्रेड थ्री फैटी लिवर में लिवर सिरोसिस, लिवर कैंसर और लिवर फेलियर जैसी स्थितियों का खतरा बढ़ जाता है। ग्रेड थ्री फैटी लिवर के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक माना जाता है। फैटी लिवर के कारण शरीर में हेपेटाइटिस लिवर से जुड़ी एक गंभीर बीमारी पैदा हो जाती है। फैटी लिवर के कारण हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। गंभीर फैटी लिवर की स्थिति में स्थायी नुकसान होता है, जिससे सिरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। यही नहीं, फैटी लिवर वाले व्यक्तियों में लिवर कैंसर का खतरा भी बहुत ज्यादा है। फैटी लिवर और मेटाबोलिक सिंड्रोम के बीच सीधा संबंध होता है। मेटाबोलिक सिंड्रोम के कारण डायबिटीज, हाई बीपी समेत कई बीमारियां हो सकती हैं। फैटी लिवर के लक्षण दिखने पर सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। उचित समय पर कदम उठाने से इस गंभीर बीमारी की चपेट में आने से बचा जा सकता है।

खानपान और जीवनशैली में बदलाव बेहद जरूरी है। हेल्दी डाइट लेने से फैटी लिवर से बचा जा सकता है। नियमित व्यायाम करने से फैटी लिवर को कंट्रोल किया जा सकता है। वजन के कारण भी फैटी लिवर का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन इसे कंट्रोल कर लिया जाए तो समस्या ज्यादा नहीं रहती। शराब और स्मोकिंग से हमेशा दूरी ही रखनी चाहिए। बहुत ज्यादा शराब का सेवन और स्मोकिंग करने वाले लोगों में फैटी लिवर की समस्या सबसे ज्यादा होती है। नियमित चेकअप और लिवर की स्क्रीनिंग फैटी लिवर को समय पर पहचानने में मदद कर सकते हैं। फैटी लिवर एक गंभीर और जानलेवा स्थिति हो सकती है। आओ, वर्ल्ड लिवर डे पर लिवर समस्याएं खत्म करने का संकल्प लें ताकि खुद भी सुरक्षित रहें और हमारे कारण घर वाले भी परेशान न हों।

# पूरी दुनिया में तेजी से फैल रहा है सनातन हिंदू धर्म

पूरे विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है। आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न-भिन्न हो गया है।

इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता-पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं।

विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है एवं केवल अपने धर्म को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म के रूप में पेश किया जाता है। इससे इन बच्चों में अन्य धर्मों के प्रति सद्भावना विकसित नहीं हो पाती है। कई बार तो अन्य धर्म को मानने वाले नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर उन्हें अपना धर्म मानने को मजबूर भी किया जाता है। इसके ठीक विपरीत सनातन हिंदू धर्म किसी अन्य मजहब को मानने वाले व्यक्ति पर कभी भी कोई दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू संस्कृति अन्य धर्मों के नागरिकों को किसी प्रकार का धर्म मानने की खुली स्वतंत्रता प्रदान करती है। ऐसा कहा जाता है कि जब इस दुनिया में कोई भी धर्म नहीं था, तब इस धरा पर निवास करने वाले लोग केवल सनातन हिंदू धर्म का ही पालन करते थे। सनातन हिंदू धर्म बहुत ही ज्यादा संयमित धर्म है, जो किसी अन्य धर्म की न तो उपेक्षा करता है और न ही वह अपने धर्म के वर्चस्व को सबके सामने रखने का प्रयास करता है। इसी कारण से कट्टरता के इस माहौल में आज पूरे विश्व में सनातन हिंदू धर्म के प्रति लोगों की आस्था एवं रुचि बढ़ रही है।



लेखक : प्रहलाद सबनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सनातन हिंदू धर्म आज विश्व में तीसरा सबसे बड़ा धर्म है और भारत में अधिकतर लोग इस धर्म को मानते हैं। एक अनुमान के अनुसार सनातन हिंदू धर्म इस पृथ्वी पर 10,000 सालों से हैं, लेकिन यदि वेदों और उपनिषदों में लिखी बातों को मानें तो सनातन हिंदू धर्म की उत्पति लाखों वर्ष पहले हुई थी, उस समय यह सनातन धर्म के नाम से जाना जाता था। हिंदू धर्म को मानने वाले लोग भारत में रहते थे। इस धर्म को बहुत प्रभावशाली माना गया है। अन्य कुछ धर्मों के संस्थापक रहे हैं, जैसे ईसाई धर्म के संस्थापक के रूप में प्रभु यीशु को माना जाता है तथा इस्लाम धर्म के लिए मोहम्मद साहिब को संस्थापक माना जाता है और बौद्ध धर्म के लिए गौतम बुद्ध को संस्थापक जाना जाता है, परंतु हिंदू धर्म के बारे में कहा जाता है कि कुछ संतों एवं महापुरुषों ने एक होकर जीवन को सही तरीके से व्यतीत करने का तरीका विकसित किया था। सनातन हिंदू संस्कृति को, धर्म नहीं बल्कि यह, जीवन जीने का एक तरीका भी माना जाता था।

सनातन हिंदू धर्म का यह मानना है कि प्रभु परमात्मा ने इस धरा पर सबको खुलकर हंसने, उत्सव मनाने और मनोरंजन करने की योग्यता दी है। यही कारण है कि सनातन हिंदू धर्म में सबसे अधिक त्योहार और संस्कार होते हैं। उत्सव, जीवन में सकारात्मक संदेश लेकर आते हैं और हमारे संस्कार मिलन सरिता को दर्शाते हैं। सनातन हिंदू धर्म की यही प्रक्रिया दुनिया पसंद करती है, तभी तो ब्रज की होली और कुंभ के मेले का अवलोकन करने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत में आते हैं। यही एक कारण है कि आज पूरी दुनिया के कोने-कोने में लोग हिंदू धर्म में अपनी रुचि दिखा रहे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के अनुसार, आबादी के लिहाज से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े देश अमेरिका में अब हिंदुओं की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है और हिंदू वहां राजनीतिक रूप से भी सक्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, कोरोना महामारी के बाद से पूरे अमेरिका एवं विश्व के अन्य देशों में योग और ध्यान की ओर लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। योग और ध्यान पूरे विश्व को सनातन हिंदू धर्म की ही देन है। सनातन हिंदू धर्म बिलकुल ही कट्टरपंथी धर्म नहीं है। अन्य धर्मों की तरह इसमें किसी भी प्रकार का सामाजिक दबाव नहीं है। इस धर्म में धार्मिक शिक्षा के लिए कोई भी जोर-जबरदस्ती नहीं है जैसा कि कुछ अन्य धर्मों में होता है। हिंदू धर्म मानता है कि शिक्षा सभी तरह की होनी चाहिए, केवल धार्मिक आधार पर शिक्षा देना उचित नहीं है। किसी भी बच्चे की शिक्षा में अगर संस्कार जुड़ जाएं तो वह बच्चा बड़ा होकर एक जिम्मेदार नागरिक बनता है और वह एक अच्छा इंसान बनता है। सनातन हिंदू धर्म में परोपकार की भावना होती है। अन्य धर्मों की तरह यह केवल अपने वर्चस्व के बारे में नहीं सोचता है।

इंडोनेशिया जो कि एक मुस्लिम बहुल देश है, वहां पर सनातन हिंदू धर्म से जुड़े संस्कार आज भी पाए जाते हैं। मुस्लिम लोग भी अपना नाम हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर रखना पसंद करते हैं। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी नागरिक पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं डालता है। सनातन हिंदू धर्म कभी भी किसी को लालच देकर धर्म परिवर्तन नहीं करवाता है, परंतु आज प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में बहुत से लोग अन्य धर्मों को छोड़कर स्वप्रेरणा से हिंदू धर्म अपना रहे हैं। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों को जितना सम्मान दिया जाता है, उतना किसी भी अन्य धर्म में नहीं दिया जाता है। सनातन हिंदू धर्म में स्त्रियों की पूजा की जाती है। सनातन हिंदू धर्म में आस्था का मतलब है कि जीवन में उमंग, उत्साह, उल्लास और मानवता की ओर झुकाव। जहां भारत में सनातन हिंदू धर्म को मिटाने की नाकाम कोशिश की जाती है, वहीं रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, घाना, सूरीनाम जैसे देशों में हिंदू धर्म तेजी से फैल रहा है। सनातन हिंदू धर्म पूरी दुनिया को शांति का संदेश देता है। कई देशों में तो आज सनातन हिंदू संस्कारों का अनुपालन करते हुए विशेष गांव स्थापित किए जा रहे हैं।

आयरलैंड में 22 एकड़ का एक हिंदू आइलैंड बन गया है। इसे हरे कृष्णा आइलैंड का नाम दिया गया है। यहां निवासरत समस्त नागरिक नशीले पदार्थों, शराब एवं सिगरेट आदि पदार्थों से भी दूर रहते हैं। इसी प्रकार के गांव जहां हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन किया जाता है, अन्य कई देशों यथा घाना, फीजी एवं अन्य कई अफ्रीकी देशों, सुदूर अमेरिका, यूरोप के देशों आदि में भी तेजी से फैलते जा रहे हैं। एक कजाकिस्तानी महिला मारीना टारगाकोवा की भगवत गीता को पढ़कर हिंदू धर्म के प्रति रुचि इतनी बढ़ी है कि अब उसने जैसे बीड़ा ही उठा लिया है कि वह कजाकिस्तान में सनातन हिंदू धर्म को फैलाने का प्रयास लगातार करती नजर आ रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं, वहां की जनता एक बार फिर लोकसभा चुनाव में तैयार है अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं।

पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।



लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

पूर्वोत्तर की 'सेवन सिस्टर्स' या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है।

ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## सीखने खुद आएगा

जग्गू नौरिया

*होगी जरूरत तो सीखने खुद आएगा*
*बस खरीदने वाले बनो, ड्राइवर बिकने खुद आएगा।*
*थाप लगाओ तो ढोल पर, नर्तक नचने खुद आएगा।।*
*यह दुनिया बाजारु है, धूल से लेकर हीरे बिकते रोज।*
*दुकान तो सजाओ जरा सौदागर देखने खुद आएगा।।*
*परेशान न हों यह सब देख कर, खाली नजर पैनी रख।*
*छिटका जो जमीन से, जमीन में मिलने खुद आएगा।।*
*ऊंचा कोई कितना भी उड़ ले, ठिकाना गगन नहीं रहा।*
*मिलेगा आराम कहां, आशियाना दिखने खुद आएगा।।*
*जो जैसा करेगा बैसा भरेगा, नियम लागू होता है जग्गू।*
*उडारी भरी जिसने जब ज्यादा, बही पिसने खुद आएगा।।*

# हीटवेव का खतरा : आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं

भारतीय मौसम और जीवन दोनों में सूर्य और ऊर्जा की तपिश अपने चरमोत्कर्ष की ओर जाती हुई दिखाई दे रही है। विश्व भर में सभी आर्थिक एवं सामाजिक एजेंसियों के आंकड़े बता रहे हैं कि भारत की मानव शक्ति इस समय जिस तरह से कार्य कर रही है, वह भविष्य में श्रेष्ठ और सबसे आगे के भारत के होने का संकेत देती है। ऊर्जा की अधिकतम उपयोगिता को जानकर भारत के नागरिक इन दिनों अपने कार्य को करते हुए प्राय: सहज ही देखे जा सकते हैं। इस बीच ऊर्जा का दूसरा पक्ष भी देखने को मिल रहा है। इस ऊर्जा के अपार स्रोत के लिए सूर्य रश्मियां जिम्मेदार हैं। गर्मी समय बीतने के साथ अपने शीर्ष पर जाने के लिए प्रयासरत है और भारतीय हैं कि ऐसे में बिना सूर्य तपिश की चिंता किए वगैर दिन-रात अपने सुनिश्चित किए कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में यह जरूरी है काम और जीवन दोनों में संतुलन बना रहे। कहीं ऐसा न हो कि बदलते और तेज हीटवेव के इस मौसम में हम काम करने लायक भी न रह जाएं। इसलिए जरूरी है कि हीटवेव से आप भी बचें और अपने परिवार को भी बचाएं।



लेखक : मनोहर यडवट्टि
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस संबंध में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पहले ही बता दिया है कि आगामी जून तक गर्मी अपने चरम पर रहेगी, ऐसे में हीटवेव दौरान स्वस्थ रहने के लिए छोटे बच्चों, बुजुर्गों और प्रेग्नेंट महिलाओं को खास देखभाल की जरूरत है। इस हीट एक्सॉशन की वजह से मितली, उल्टी और यहां तक कि बेहोशी भी हो सकती है। उचित सावधानी के बिना, अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक और इससे भी बदतर, मृत्यु हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप, गर्मी की लहरें अधिक लंबी, और अधिक गंभीर होती जा रही हैं। इसके लिए हमें सबसे पहले मानसिक रूप से तैयार रहना है, साथ ही इससे निपटने के लिए अपनी जरूरी तैयारी करके रखनी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में गर्मी से जुड़ी बीमारियों को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। गर्मी से बचने के लिए अकेले रहने वाले बुजुर्ग या बीमार लोगों की देखभाल करना, अपने घरों को ठंडा रखने, दिन के दौरान पर्दे और शटर या सनशेड का उपयोग करने और रात में खिड़कियां खोलने जैसे निर्देश दिए गए हैं। अब प्रश्न है कि हीट स्ट्रोक के संकेतों को कैसे पहचानें और यदि आवश्यक है तो आपको क्या कदम उठाने चाहिए? वास्तव में हीट स्ट्रोक तब होता है, जब शरीर अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में आता है और शरीर का मुख्य तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) और उससे अधिक तक बढ़ जाता है। सूर्य की तपिश कम न हो जाए, बाहर न निकलें। सिर पर सीधी सूर्य की किरणों से बचकर और बीच-बीच में दो घूंट पानी पीते रहते हुए आप अपने को बहुत हद तक हीटवेव के संकट में बचा लेते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खानपान, रहन-सहन और परहेज ही पीलिया से बचाव

जीवन की आपाधापी में हमारे रहन सहन और खानपान में बहुत ज्यादा परिवर्तन हो गया है। इस वजह से इंसान को नई-नई बीमारियों लग रही हैं। वर्ल्ड लिवर डे पर हमें यह जानना जरूरी है कि लिवर हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी अंग है और इसके फेल होने से स्वास्थ्य संबंधी क्या-क्या समस्याएं आ सकती हैं। दरअसल, लिवर हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है या यूं कहें कि यह शरीर का स्टोर हाउस है, तो कोई अतिश्याक्ति नहीं होगी। हम जो भी खाते-पीते हैं, उसका सीधा प्रभाव लिवर की कार्यक्षमता पर पड़ता है। लिवर द्वारा विसर्जित पाचक तत्व हमारी पाचन प्रणाली पर सीधा प्रभाव डालते हैं। यह विडंबना है कि इंसान जाने-अनजाने सबसे ज्यादा अनदेखी भी लिवर की ही करता है। हम बिना सोचे-समझे कई ऐसी चीजें खा लेते हैं, जिनसे लिवर दूषित हो जाता है। इस लेख में हम लिवर के मुख्य रोग पीलिया पर चर्चा करेंगे।

सर्दियां जैसे ही खत्म होती हैं, तो मौसम एकदम से करवट लेता है, तो दूषित जल और भोजन के संक्रमण से पीलिया रोग अपने पैर पसारना शुरू कर देता है, जो यकृत (जिगर) या लिवर को खराब कर देता है। इस रोग को जॉन्डिस, कामला, पांड, कुंभकामला और हलीमक जैसे नामों से भी लक्षणभेद के आधार पर जाना जाता है। जैसा कि नाम से ही विदित होता है, पीलिया रोग में मरीज के शरीर में पीलापन नजर आता है। आंखों में पीलापन के साथ मूत्र का रंग भी गाढ़ा पीला हो जाता है, साथ ही बुखार, ठंड लगना, जोड़ों में दर्द, कमजोरी महसूस होना, नाक से खून आना, उलटी होना, सिर चकराना भी इस रोग के लक्षण हैं। लिवर का संक्रमण विशेष परिस्थितियों को छोड़कर आमतौर पर हेपेटाइटिस ए वायरस के कारण ही होता है। यह दूषित जल और दूषित खाने के कारण ही पैदा होता है। पीलिया के लक्षण रोगी में धीरे-धीरे ही दिखते हैं, जिससे बीमारी का पता जल्दी नहीं लगता और रोगी को इस बीमारी से पूर्णतया ग्रस्त करने में काफी समय लगाता है। इसी वजह से इलाज में देरी होना स्वाभाविक है। पीलिया होने पर लिवर काम नहीं करता और 0.1 प्रतिशत रोगी मृत्यु के शिकार भी हो जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में 10 से 15 लाख रोगी हर वर्ष इस रोग से ग्रस्त होते हैं। लिवर रोग के कई कारण हैं, जिनमें से ये मुख्य हैं।

## वर्ल्ड लिवर डे



लेखक : डॉ. रामस्वरूप चांद
बीएएमएस, डीएनएनवाई
नगरोटा बगवां

(1) मानव मल से दूषित जल और खाने की वस्तुओं के सेवन से फैलता है। दूषित जल, भोजन और दूध पीलिया को तुरंत एक स्थान से दूसरे स्थान तक मनुष्यों द्वारा पहुंचा देते हैं। शौचालयों का फालतू पानी, गंदी नालियों का पानी, तालाबों में रुका पानी और सीवरेज की लीकेज भी पीलिया बढ़ाते हैं। खाने के बर्तनों को दूषित जल से धोने से भी यह बीमारी फैलती है।

(2) हेपेटाइटिस ए वायरस के कारण खून व चमड़ी के दूषित होने व एक ही सिरिंज का बारंबार प्रयोग इसके फैलने का कारण हो सकता है।

(3) लिंग द्वारा : बहुपति और बहुपत्नी प्रथा भी इस रोग को बढ़ाने में सहायक है।

समान्यता यह रोग 15 से 45 दिनों के बीच ही पनपता है, परंतु ज्यादा संक्रमित क्षेत्र में यह समय कम भी हो जाता है। पीलिया से बचाव के लिए बेहतर हो कि जल स्रोत को ढक कर रखें और जल स्रोत के नजदीक मल-मूत्र त्याग निषिद्ध कर दें। व्यक्तिगत सफाई, पानी उबाल कर पीना या फिर क्लोरीन युक्त जल का प्रयोग तथा साफ जल से बर्तन धोना, साफ-सुथरा पर्यावरण और वाटर सील शौचालयों का होना आवश्यक है। एक रोगी को एक ही सिरिंज का इस्तेमाल इस रोग से बचाता है। पीलिया रोग का आभास होने पर तुरंत चिकित्सीय सलाह लेकर धैर्यपूर्वक इलाज करवाना चाहिए। मानवीय लापरवाही से होने वाली इस बीमारी का इलाज भी दवाइयों से ज्यादा खानपान, रहन-सहन और परहेज से ही होता है। पीलिया रोग के बारे में कई भ्रांतियां भी इस रोग के बारे में दहशत फैलाती हैं। उदाहरण के तौर पर अगर हम नवजात शिशुओं को होने वाले पीलिया, जिसे नीयोनेटल या फिजिओलिजिकल जॉन्डिस भी कहा जाता है, की चर्चा करें तो इस बारे नीम हकीम, झोलाछाप चिकित्सकों और अनुभवहीन दाइयों के गलत परामर्श के कारण छोटे-छोटे बच्चों को गलत और प्रतिबंधित दवाइयां ही दे दी जाती हैं, जिसका उनकी सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ता है। असल में शिशुओं को जन्म के समय ही प्रारंभिक शारीरिक प्रक्रियाओं के चलते पीलिया हो जाता है, जो अपने आप ही 5-7 दिनों के अंतराल के बाद ठीक हो जाता है। अगर पीलिया निर्धारित मात्रा में ही रहे, तो इस दौरान किसी भी प्रकार की दवाई की जरूरत नहीं पड़ती।

इस दौरान अनुभवी चिकित्सक से ही सलाह लेकर उपचार करना बेहतर होता है। यह बेहद आवश्यक है कि लिवर के प्रति जागरूकता बढ़ाएं, लिवर की प्रयोगशाला जांच पर जोर दें और फैटी लिवर डिजीज से बचाव करें। वर्ल्ड लिवर डे मनाने का उद्देश्य तभी सार्थक हो सकता है, जब हम लिवर की अच्छे से देखभाल करेंगे, लोगों को जागरूक करेंगे और नियमित चेकअप करवाते रहेंगे। आओ, वर्ल्ड लिवर डे के बहाने संकल्प लें कि फैटी लिवर की नौबत तक पहुंचने से पहले ही हम उसका उपचार कर लेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोकसभा में क्यों घट रही स्वतंत्र उम्मीदवारों की तादाद

बुजुर्ग हिंदुस्तानियों को याद होगा कि एक दौर में वीके कृष्ण मेनन, आचार्य कृपलानी, एसएम. बनर्जी, मीनू मसानी, लक्ष्मीमल सिंघवी, इंद्रजीत सिंह नामधारी, करणी सिंह, जीजी स्वैल जैसे बहुत सारे नेता आजाद उम्मीदवार होते हुए भी लोकसभा का कठिन चुनाव जीत जाते थे, पर अब इन आजाद उम्मीदवारों का आंकड़ा लगातार सिकुड़ता ही चला जा रहा है। अगर 1952 के पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हमें इन विजयी आजाद उम्मीदवारों की संख्या 36 मिलेगी, तब इनका समूह कांग्रेस के बाद दूसरा सबसे बड़ा था, यानी किसी भी गैर-कांग्रेसी दल से बड़ा था। निवर्तमान लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या सिर्फ तीन रह गई थी। अभी तक मात्र 202 निर्दलीय उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे हैं।

बेशक, लोकसभा का चुनाव अपने बलबूते पर लड़ना कोई बच्चों का खेल नहीं होता। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बहुत सारे संसाधनों की दरकार रहती है। इसके बावजूद अगर कोई निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है, तो इतना तो माना ही जा सकता है कि उसका आम जनता में गहरा प्रभाव है। पहले लोकसभा चुनावों के बाद 1967 के लोकसभा चुनावों में 34 आजाद उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे थे। देश में इमरजेंसी लगने के बाद 1977 में चुनाव हुआ। तब सिर्फ सात आजाद उम्मीदवार सफल रहे। यह संख्या 1980 में मात्र चार रह गई।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

1984 और 1989 के लोकसभा चुनावों में क्रमश: 9 और 8 आजाद उम्मीदवार ही निर्दलीय रूप से लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। कह सकते हैं कि हरेक लोकसभा चुनावों में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले कुछ न कुछ विजयी रहे हैं। बेशक, ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जुझारू प्रतिबद्धता के साथ कुछ काम तो करते होंगे। वर्ना ये सब लोकसभा में कभी नहीं पहुंच पाते। खासतौर पर तब, जबकि चुनावों में धन का इस्तेमाल बढ़ता ही जा रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा का चुनाव जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवार अपने आप में बहुत बुलंद शख्सियत के मालिक होते हैं। इनमें से कुछ मनीषी भी रहे हैं। कृपलानी जी 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वे गांधी जी के सबसे उत्साही और विश्वासपात्र शिष्यों में से एक थे। उन्होंने लगभग एक दशक तक कांग्रेस के महासचिव के रूप में भी कार्य किया था।

लक्ष्मीमल सिंघवी जैसे सरस्वती पुत्र भी सदियों में पैदा होते हैं। वे ख्यातिलब्ध न्यायविद, संविधान विशेषज्ञ, कवि, भाषाविद एवं लेखक थे। वे 'धर्मयुग' में विधि संबंधी मामलों में खूब लिखते थे। जब मैं 'धर्मयुग' में आवरण कथाएं लिखा करता था। उनका जन्म जोधपुर में हुआ था। वे 1952 से 1967 तक तीसरी लोकसभा के सदस्य रहे। चाहे सांसद रहे हों या किसी और संस्था से जुड़ गए हों, लेकिन उन्होंने वेतन के रूप में हमेशा एक रुपया लिया था। एसएम. बनर्जी एक विख्यात मजदूर नेता थे। वे पश्चिम बंगाल से कानपुर में नौकरी करने के लिए आए थे। कानपुर को उन्होंने अपनी कर्मभूमि बना लिया था। कोलकाता से आए मजदूर नेता एसएम बनर्जी ने 1957 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की तो 1962, 1967 और 1971 तक जीत का सेहरा वही पहनते रहे। शायद कानपुर अकेला शहर होगा, जहां चार बार लगातार कोई निर्दलीय सांसद चुना गया हो।

आपको विजयी हुए निर्दलीय उम्मीदवारों में इस तरह के कई नाम मिल जाएंगे, जो उस लोकसभा क्षेत्र से विजयी हुए, जहां से उनका उस क्षेत्र से कोई सीधा संबंध नहीं था। वहां पर जनता से जुड़कर और उनके सुख-दुख का हिस्सा बनकर वे वहां के हो गए। कृपलानी 'सिंध' (अब पाकिस्तान) से आए थे। वे बिहार से सांसद बने। इंद्रजीत सिंह नामधारी का परिवार देश के विभाजन के वक्त पाकिस्तान से बिहार आकर बस गया था। वह बरसों बिहार के ट्रांसपोर्ट मंत्री भी रहे।

बिहार के विभाजन के बाद वे झारखंड में सक्रिय हो गए। इंदर सिंह नामधारी झारखंड के पहले विधानसभा अध्यक्ष बने। वे वनांचल राज्य आंदोलन के प्रमुख नेता थे, जिसने दक्षिण बिहार के लिए अलग राज्य की मांग की थी। इसके अलावा भी अन्य कई उदाहरण हैं। लोकसभा चुनाव का उत्सव देश देख रहा है। सारा देश जानता है कि अब चुनाव लड़ना कितना खर्चीला हो गया है। इसके बावजूद जनता के बीच में काम करने वाले राजनीतिक कार्यकर्ता चुनावी रणभूमि में कूदने से पीछे नहीं रहते।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**मतदान** नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान की ओर से प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें। एक अच्छी सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। देश में शांति और समृद्धि आती है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें। मतदान के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह का समाज हो तथा हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और समाज में परिवर्तन लाएं।

**आनंद, नगरोटा बगवां**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098


# खड़ामुख–होली मार्ग तीसरे दिन भी बंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खड़ामुख–होली मार्ग तीसरे दिन भी वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल नहीं हो पाया है। लगातार हो रही लैंडस्लाइड के चलते तीसरे दिन की यह सड़क पैदल चलने के लिए भी बहाल नहीं हो पाई है । लिहाजा लोगों को अतिरिक्त सफर तय करके एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार तीसरे दिन भी यहां पर लगातार भूस्खलन जारी है जिसके चलते मुख्य मार्ग पर मशीनों व कर्मचारियों द्वारा काम करना मुश्किल हो रहा है। हालांकि विभाग व विद्युत परियोजना द्वारा लगातार इस सड़क को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन मुख्य मार्ग के ऊपर जमीन में भारी दरारें आने का सिलसिला जारी है। जिसके चलते नीचे काम करना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। सड़क बंद होने के कारण तहसील होली के कई गांव तीन दिनों से पूरी तरह से सड़क सुविधा से कट गए हैं। हालांकि इमरजेंसी में जाने वाले लोग बाय सियूंर भरमौर होकर एक जगह से दूसरी जगह पहुंच रहे है।

मंगलवार को खड़ा मुख होगी मार्ग पर एडिट सिक्स एप्रोच रोड के समीप भारी लैंडस्लाइड हुआ था, जिसके चलते ऊपर से 100 मीटर सड़क का हिस्से पर मलवा मार्ग पर पहुंच गया है। लगातार हो रहे लैंडस्लाइड के चलते यहां पर पैदल आने जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**कई गांवों के लोगों को सियूंर-भरमौर से होकर करना पड़ रहा सफर**

मार्ग को बहाल करने में जुटे कर्मी।

## बिजली गिरने से आठ मवेशियों की मौत

**चुवाड़ी।** उपमंडल भट्टीयात के तहत ग्राम पंचायत बैनेट के गांव भागदोतरा में बिजली गिरने से दो बैल व 6 बकरियों की मौत हो गई। यह घटना रात बारिश के साथ हुई।

घटना की सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग और पशुपालन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार की, जो मंडलीय प्रशासन को सौंपी जाएगी। वहीं प्रभावित को नुकसान के आधार पर उचित मुआवजा दिया जाएगा। भगड़ोतरा गांव में रात को अचानक बिजली गिरने के दौरान प्रीतम पुत्र धर्म सिंह की गौशाला में 6 बकरियां विचित्र सिंह पुत्र बखोतर के दो बेलों की बिजली गिरने से मौत हो गई। नायब तहसीलदार चुवाड़ी सतविंद्र सिंह का कहना है कि प्रभावित ग्रामीणों को जल्दी ही राहत राशि दी जाएगी।

# पंचायत भडियां मार्ग की सुध ले प्रशासन व विभाग : ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंचायत भडियां मार्ग क्षतिग्रस्त होने के चलते स्थानीय लोगों को मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा हे। मार्ग की खस्ता हालत के चलते बड़े वाहनों की आवाजाही एक लंबे अर्से से बंद पड़ गई है। जिसके चलते ग्रामीणों को छोटे टैक्सी वाहनों के भारी भरकम किरायों को अदा कर आवागमन करना पड़ रहा है। इस दिशा में ग्रामीणों द्वारा लोक निर्माण विभाग व जिला प्रशासन से कई मर्तवा गुहार लगाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

जिसके चलते ग्रामीणों में जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के प्रति गहरा रोष पनप गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग को दो टूक में चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द इस मार्ग निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीण इस दिशा में उग्र कदम उठाने पर विवश हो जाएंगे। क्षेत्र ग्रामीणों में अजय राणा, बिंदु कुमार, नरेश कुमार, पवन कुमार, शम्मी कुमार, छोटू, धीरज, प्रकाश, किरण, राजकुमार, कमलेश और पप्पू ने बताया कि पंचायत भडियां मार्ग की खस्ता होने चलते बड़े वाहन नहीं आ जा सके है। वहीं इस समस्या का प्रशासनिक या विभागीय समाधान न होने की सूरत में लोगों आर्थिक क्षति का सामना भी करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है कि पंचायत भडियां मार्ग की जल्द से जल्द सुध ली जाए।

## निजी बस में यात्रियों को नहीं मिल रही टिकट

**चुवाड़ी ।** उपमंडल भटियात के अंतर्गत निजी बसों में सफर करने वाले लोगों को परिचालक टिकट नहीं देते हैं, जबकि सभी बस आप्रेटरों को निर्देश हैं कि वे अपनी बसों में सवारियों को टिकट दें। इसके अलावा कई रूटों में चलने वाली निजी बसों में सवारियों से ज्यादा कराया भी वसूला जाता है।

ऐसे निजी अस बस आप्रेटरों के खिलाफ ठोस कार्यवाई अमल में लाई जा रही है। इसकी शिकायत कई बार सवारी पुलिस व जिला प्रशासन से कर चुके हैं लेकिन अभी तक निजी बस आप्रेटरों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। जब कोई विभागीय अधिकारी सड़क पर चालान काटने के लिए नाका लगाते हैं तो परिचालक द्वारा सवारियों को टिकटें दे दी जाती हैं ।

## न्यूज ब्रीफ

### एकलव्य आदर्श विद्यालय की पांच को होगी प्रवेश परीक्षा

**चंबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय होली में कक्षा नौवीं में रिक्त सीटों (छात्रा-01 छात्र-02) के लिए 'प्रवेश परीक्षा' का आयोजन रविवार पांच मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक इएमआरएस होली में किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में केवल हिमाचल प्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित छात्र-छात्राएं जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में आठवीं कक्षा के उत्तीर्ण ही पात्र होंगे व इस शैक्षणिक सत्र में नौवीं कक्षा में अध्यनरत होने चाहिए। प्रवेश-परीक्षा के परिणाम को मैरिट के आधार पर छात्र-छात्राओं को कक्षा 9वीं में प्रवेश दिया जाएगा।

### चंबा-टिकरीगढ़ मार्ग की हालत खराब

**तीसा ।** चंबा-टिकरीगढ़ मार्ग जहां खस्ताहालात के आलम को झेल रहा है। वहीं मार्ग पर पैरापिट अभाव हर पल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है, जिसके चलते राहगीरों व वाहन धारकों को रोजना परेशानी एवं डर-डर के उक्त मार्ग पर आवागमन करना पड़ रहा है। राहगीरों में रोशन सिंह, मनोज, परसो, मुकेश, राज सिंह, राजेंद्र कुमार, हंस कुमार, मनोज, प्रदीप, रमेश, मनीष, दीपक, बुद्धि सिंह, विशाल, अमित कुमार, राजीव व कमलेश आदि का कहना है चंबा-टिकरीगढ़ मार्ग के जीर्णोद्वार करने के लिए लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा कई कदम उठाए है। वहीं मार्ग दिन-प्रतिदिन खस्ता होने सहित उक्त मार्ग कई जगहों से भूस्खलन जदोजहद को झेल रहा है। उन्होंने लोनिवि से गुहार की है कि चंबा-टिकरीगढ़ मार्ग का निरीक्षण कर क्रैश बैरिकेटस लगाए जाए। उधर जोगिंद्र सिंह अधिशाषी अभियंता लोनिवि उपमंडल तीसा ने बताया कि चंबा-टिकरीगढ़ मार्ग का निरीक्षण करवाया अवश्य इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे।



जोगिंद्र सिंह ।

### मतदाताओं को मतदान की दिलाई शपथ



**भरमौर ।** स्वीप कार्यक्रम के तहत भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों कलाह, न्याग्रा, उरई और कलवाड़ा मतदान केन्द्रों में बीएलओ की अध्यक्षता में व स्वीप के तहत गठित टीमो ने मतदाताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रमों का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के प्रति विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाई और मतदान करने के लिए शपथ भी दिलवाई ।

### विश्व विरासत दिवस पर लिया 'चलो चंबा' का प्रण



**चंबा ।** चमीणू में स्थित एचटूओ हाउस में विश्व विरासत दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नाट आन मैप संस्था की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें चलो चंबा अभियान व जिला की संस्कृति के प्रचार व प्रसार के लिए प्रण लिया गया। इस वर्ष विश्व विरासत दिवस की थीम डिस्कवर एंड एक्सपीरियंस डायवर्सिटी रही। संगोष्ठी में नाट आन मैप संस्था के सह-संस्थापक मनुज शर्मा ने बताया कि हर साल 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व विरासत दिवस का मकसद दुनियाभर में मौजूद विरासत स्थलों के बारे में लोगों को बताना और उनके संरक्षण के प्रति उन्हें जागरूक करना है। मनुज शर्मा ने कहा कि चंबा की विरासत के संरक्षण व प्रचार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। वहीं विश्व विरासत दिवस पर 'चलो चंबा' का प्रण दिलाया।

# बारिश से फसलों को हुआ नुकसान

**आरके रांगड़ा, चंबा**

गत दिनों प्रदेश भर में हुई भारी बारिश के कारण चंबा के किसानों व बागवानों को लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। बारिश ने अच्छी फसल होने की आस लगाए बैठे किसानों और बागबानों की मेहनत पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है। अब किसानों और बागबानो को अपने आने वाले दिनों की चिंता भी सताने लगी है।

गौरतलब है कि जिला में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण जहां सेब के पेड़ों से फूल पूरी तरह से तहस–नहस हो गए हैं तो वहीं फसलो को भी अच्छा खासा नुकसान हुआ है। वहीं बेमौसमी हुई बारिश से जिला चंबा में फसलों को करीब पांच करोड़ का नुकसान हो गया है। बारिश ने अच्छी फसल होने की उम्मीद लगाए बैठे किसानों की मेहनत पर पूरी तरह पानी फेर दिया है।

कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चंबा जिला में अब तक अनुमानित 50 लाख रुपए की सब्जियां व नकदी फसलें तबाह हो चुकी हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिला भर में सर्वे आरंभ कर दिए है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार चंबा जिला के तीसा, सलूणी, भरमौर व मैहला ब्लॉक में बारिश ने सबसे अधिक कहर बरपाया है। हालांकि चंबा व भटियात ब्लॉक में हुए सब्जियों और फसलों के नुकसान का आंकड़ा कम है। (अनंत ज्ञान)

### फसलों के नुकसान का होगा सर्वे : कुलदीप

कृषि विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने जिला भर में हुई बेमौसमी भारी बारिश से फसलों व सब्जियों को हुए नुकसान के प्राथमिक आंकड़ों को एकत्रित किया जा रहा है, जिसमें भटियात में सबसे कम नुकसान हुआ है। विभाग द्वारा जिले के सभी खंडों में फसलों का सर्वे कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के बाद निदेशालय को भेज दी जाएगी।

# कंगना जनसभाओं में नहीं जुटा पाई भीड़ : सुरजीत

**एमएम डैनियल, चंबा**

मंडी–भरमौर लोस भाजपा प्रत्याशी कंगना अपनी जनसभाओं में मतदाताओं की भीड़ नहीं जुट पाई, जिसके चलते यह कहना गलत नहीं होगा कि मंडी–भरमौर लोस भाजपा प्रत्याशी कंगना का भरमौर विस हल्के का दौरा एकदम फ्लोप रहा है। कंगना अपने चुनाव प्रचार–प्रसार में हिमाचल/मंडी जिला की बेटी बता रही है। वह मंडी–भरमौर लोस भाजपा प्रत्याशी कंगना से पूछना चाहेंगे कि जब हिमाचल के मंडी जिला व उसके साथ लगते कुल्लू–मनाली में गत वर्ष भंयकर आपदा घटित हुई थी उस समय उन्हें हिमाचल या मंडी जिला की बेटी होने का एहसास नहीं हुआ।



जानकारी देते सुरजीत व अन्य।

इसके अतिरिक्त जब हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से उन्हें पर्यटन विभाग का प्रदेश एंबेस्टर बनने का आमंत्रण प्रस्ताव भेजा तो उसके बदले उन्होंने करोड़ों रुपए की मांग रखी तब उन्हें हिमाचल या मंडी जिला की बेटी होने का एहसास नहीं हुआ और अब जब लोस चुनाव में भाजपा की ओर टिकट मिला है तो जनता में जाकर अपने को हिमाचल की बेटी बता रही है। उन्होंने कहा कि अपने अभिवादन में मंडी–भरमौर लोस भाजपा प्रत्याशी कंगना रंनौत अपने को डाकिया के रूप में जनता की सेवा करने का दावा कर रही है।

लेकिन जब सेवा का मौका मिला तो मोल–तोल में उन्होंने सरकार को जवाब दिया। वहीं आऊटसोर्स व कोविड स्टाफ को निकाले जाने व उसका लोस चुनाव में कांग्रेस मत प्रतिशत पर असर पड़ने के तहत निदेशक सुरजीत भरमौरी ने कहा कि इसका कांग्रेस प्रत्याशियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## अवैध शराब बरामद

**मंडी ।** आबकारी विभाग की टीम ने धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के सजाओपीपलू बाजार में एक नामी कारोबारी के यहां से अवैध शराब का बहुत बड़ा जखीरा बरामद किया है।

विभाग मंडी के उपायुक्त मनोज डोगरा के अनुसार जब क्षेत्र के नाम में कारोबारी किशोरी लाल गुप्ता सजाओपीपलू के यहां दबिश दी तो उसके घर से 94 अंग्रेजी शराब और 14 देसी शराब की अवैध बोतले बरामद की है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चुराह शशि पाल शर्मा की अध्यक्षता में आज बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) तथा सुपरवाइजर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने चुनावों से संबंधित को विभिन्न कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने को के निर्देश दिए । उन्होंने अनुपस्थित मतदाता की श्रेणी में 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके व दिव्यांग मतदाताओं को द्वारा घर मतदान करवाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए ।

उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को मतदान दलों की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को सुनिश्चित बनाने को भी कहा। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बूथ स्तर पर लोगों को जागरूक करने हेतु बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के गठन को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने मिशन 414 के तहत जागरूकता गतिविधियों में दूर दराज के क्षेत्र को शामिल करने तथा प्रभावी जागरूकता गतिविधियां सुनिश्चित बनाने के निर्देश भी दिए ।

## मौसम ने फिर से बदली करवट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला में वीरवार को मौसम ने फिर से करवट बदल ली है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाने शुरू हो गए तथा दोपहर तकजिले में हल्की बारिश भी हुई।

बारिश के बाद तापमान में थोड़ी गिरावट आई है, इससे मौसम थोड़ा ठंडा हो गया है। इससे लोगों को गर्मी से निजात मिल गई है। डलहौजी और खजियार में भी ठंड काफी बढ़ गई है।

स्थानीय निवासी राकेश कुमार, दीपक, सोनू, प्रताप चंद, लोकेश तथा प्रताप चंद का कहना है कि मौसम के करवट बदलने से मौसम सुहाना हो गया है, इससे गर्मी बढ़ रही गर्मी पर एक बार फिर से ब्रेक लग गई है। वहीं, मौसम के बार–बार करवट बदलने के कारण किसानों तथा बागवानों की चिंताए जरूर बढ़ गई हैं।

# ऑनलाइन राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन करवाया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला चंबा इकाई के द्वारा ऑनलाइन राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रीता सिंह अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने की। जबकि मुख्यातिथि के रूप में हरमहेंद्र सिंह बेदी और विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार गौतम शर्मा ने शिरकत की।

हरमहेंद्र ने भारत के साहित्य में प्रभु श्रीराम की उपस्थिति पर प्रकाश डाला, साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि राम न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में एक आदर्श के रूप में स्थापित है और आज भी प्रासंगिक है। विशिष्ट अतिथि श्री गौतम व्यथित ने भारत के लोक साहित्य में विभिन्न रूपों में प्रभु श्री राम की अमिट छाप पर चर्चा की।

इस आयोजन के दौरान राज्य के 11 जिलों से विभिन्न रचनाकार उपस्थित रहे, जिसमें बिलासपुर से डॉ. अनेक राम संख्यान, ब्रिज लखनपाल, कांगड़ा से राजेंद्र स्वच्छंद, प्रभात राणा, कुल्लू से सरला चंब्याल और सोमलता, लाहौल स्पीति से नवांग उपासक मंडी से सुरेंद्र शर्मा, चंबा से भूपेंद्र जसरोटिया और किरण कुमार वशिष्ठ, हमीरपुर से सुशील गौतम, शिमला से डा. पान सिंह सोलन से ज्ञान, ऊना से मधु, चंबा से बालकवि कल्पना ने अपनी उपस्थिति दी।

# शरारती तत्वों ने काटी सिंचाई पाइप

**आजम डार, तीसा**

पीर पंजाल वाटर यूजर एसोसिएशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पुखथला और कल्हेई वार्ड के नौ गांवों में बिछाई सिंचाई पाइप के करीब 800 मीटर लंबे रबर पाइप को शरारती तत्वों ने दराट से छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर फैंक दिया है। चुराह उपमंडल की गुवाड़ी पंचायत के बनियोट गांव की यह घटना है। मामले में शरारती तत्वों के खिलाफ तीसा थाने में शिकायत दी गई है। ठेकेदार ने पीर पंजाल वाटर यूजर एसोसिएशन गुवाड़ी को इसकी सूचना दी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करने के बाद तीसा थाने में शरारती तत्वों के खिलाफ शिकायत दी। उधर, शिकायत करने के बाद पुलिस टीम ने मौके का जायजा लिया है।

उधर, उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रमोद शाह ने बताया कि मामले के बारे में जानकारी नहीं हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस थाना में इस बारे में शिकायत पहुंची है। पुलिस शिकायत के आधार पर अपने स्तर पर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए जुट गई है।

# कंगना का भरमौर दौरा पूरी तरह से रहा फ्लॉप : चंद्रमणि कुलेठी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव चंद्रमणि कुलेठी ने कहा कि भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत का भरमौर दौरा फ्लॉप शो बनकर रह गया।

उन्होंने कहा कि कंगना की जनसभा में बहुत ही कम भीड़ देखने को मिली। जिसको देखकर यह लगता है कि आने वाले समय में लोग कांग्रेस के पक्ष में जमकर मतदान करेंगे और भाजपा से लोगों का मोह भंग हो चुका है। चंद्रमणि ने कहा कि कंगना रनौत जनसभा में कह रही थी कि वह हिमाचल की बेटी है तो उन्होंने कहा है कि विक्रमादित्य सिंह भी हिमाचल का बेटा है और उसे किसी से भी हिमाचली होने का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। चंद्रमणि कुलेठी ने कहा कि नितिन गडकरी ने होली–उतराला की मांग को पूरा करने का झूठा आश्वासन दिया है।

## छतराड़ी व कूंर स्कूल में रिक्त पदों को भरे सरकार

**भरमौर ।** पंचायत समिति मैहला के वाइस चेयरमैन एवं छतराड़ी व कूंर के पंचायत समिति सदस्य सूरज शर्मा ने सरकार से जल्द से जल्द सीनियर सैकेंडरी स्कूल छतराड़ी व कूंर में रिक्त चल रहे पदों को जल्द भरने की गुहार लगाई है।

पिछले कई सालों से यहां पर एक दर्जन से अधिक अध्यापकों व प्रवक्ताओं के पद खाली चले हुए हैं। जिस कारण यहां पर पढ़ाई कर रहे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीनियर सैकेंडरी स्कूल छतराड़ी में ही करीब एक दर्जन अध्यापकों व प्रवक्ताओं के पद रिक्त चल हुए हैं, तो वहीं पर सैकेंडरी स्कूल कूंर में भी इतने ही पद खाली चले हुए हैं। दुर्गम क्षेत्र होने की वजह से यहां के अभिभावकों के पास इतना पैसा भी नहीं है कि वह अपने बच्चों को बाहर जाकर शिक्षक ग्रहण करवाएं ।

सूरज शर्मा ने कहा की हाल ही में अध्यापकों की बैच वाइज भर्ती हुई है अतः जल्द प्राथमिकता के आधार पर इन स्कूलों में अध्यापकों व प्रवक्ताओं सहित तमाम पदों को भरा जाए ताकि गांव में बच्चे अच्छी वह गुणवत्ता सहित शिक्षा ग्रहण कर सके। स्टाफ की कमी को के लिए अभिभावक व एसएमसी कमेटी कई बार सरकार के पास गुहार लगा चुकी है, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते यहां शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा रही है।

### सूडोकु 0037

******* मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0036 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

19 अप्रैल, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** एकादशीः (8:07) : **नक्षत्र :** मघा (10:57), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** वृद्धि (01:44) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:46), **राहुकाल** (10:43 -12:20)।

**विशेष दिन**

- कामदा एकादशी आज।
- 20 अप्रैल 1889 को जर्मन तानाशाह अडोल्फ हिटलर का जन्म हुआ था।

**मेष :** व्यापार में परिश्रम अधिक और लाभ कम होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सूझ-बूझ से धनलाभ होगा। पूछ परख बढ़ेगी।

**वृषभ :** परिवारिक कार्यों में भागदौड़ रहेगी। आत्मसम्मान बढ़ेगा। तेल तिलहन में निवेश से लाभ होगा। संतान के कारण तनाव रहेंगे।

**मिथुन :** पहले अपने आप को व्यवस्थित करें। छोटी मानसिकता से आप कभी आगे नहीं बढ़ सकते है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क :** शांत रहें, व्यय वृद्धि से तनाव रहेगा। अकारण झंझटों से दूर रहें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। अध्ययन में अवरोध आ सकता है।

**सिंह :** दिन अनुभवपूर्ण रहेगा। जीवनसाथी से मतभेद संभव है। बकाया वसूली होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या :** खुद को सही साबित करने में मेहनत करनी होगी। थकान व अस्वस्थता रहेगी। व्यावसायिक नई योजना लागू होगी।

**तुलाः** रुक-रुक कर कार्य होंगे। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। नेत्र पीड़ा संभव है।

**वृश्चिकः**संतान के विवाह मामलों में जल्दबाजी न करें, गलत निर्णय जीवन बदल सकता है। जोखिम भरे कार्य टालें। किसी कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी।

**धनु :** जीवनसाथी के साथ विवाद संभव है। गृहस्थी के मामले आपसी सहमति से हल होंगे। राजनैतिक मामलों में विरोध होगा।

**मकरः** आपकी निर्णय शक्ति कमजोर है, इसलिए पिछड़ रहे है। अस्वस्थता रह सकती है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

**कुंभ :** दूसरों की मजबूरी को समझें और सहयोग करें। क्रोध की अधिकता से आप अशांत रहेंगे। पिता से मतभेद समाप्त होंगे।

**मीनः** नौकरी के लिए प्रयास अधिक करने पड़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। पहनावे में गुलाबी रंग का प्रयोग ज्यादा करें।



# शिंकुला में नहीं दौड़ सके वाहन

## सात दिनों से बंद है मनाली जंस्कार मार्ग पर वाहनों की आवाजाही, बर्फ के फाहे गिरने का क्रम जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**




सुबह मौसम ने फिर से करवट बदल ली है। सुबह ही रोहतांग सहित सभी दर्रों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। मौसम के बाधा बनने से शिंकुला में वाहन नहीं दौड़ पाए। हिमपात के चलते मनाली जंस्कार मार्ग पर वाहनों की आवाजाही गत शनिवार से बंद है। वीरवार को शिंकुला दर्रे के बहाल होने की उम्मीद थी, लेकिन सुबह से शिंकुला व रोहतांग सहित समस्त दर्रों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। हालांकि बीआरओ के जवान शिंकुला दर्रे की बहाली में जुटा है, लेकिन मौसम बाधा बनने से अब मनाली जंस्कार सड़क के शुक्रवार को बहाल होने की उम्मीद है। लाहौल घाटी सहित मनाली में हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम फिर से ठंडा हो गया। मौसम खराब रहने से लाहौल घाटी में बिजाई का कार्य प्रभावित हुआ है। दूसरी ओर बीआरओ शिंकुला सहित रोहतांग, बारालाचा व कुंजम दर्रे की बहाली में जुटा हुआ है। बीआरओ की मानें तो बारालाचा व कुंजम दर्रों को इसी महीने बहाल कर लिया जाएगा। रोहतांग दर्रे की बहाली भी मई के पहले सप्ताह होने की उम्मीद है। बीआरओ योजक परियोजना के निदेशक ने बताया कि मनाली जंस्कार मार्ग की बहाली हो गई है, लेकिन हिमपात होने से वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो पाई है। शुक्रवार को मौसम साफ रहा तो आवाजाही शुरू हो जाएगी।

# मतदान को लेकर जागरूकता फैला रही प्रदेश ब्राह्मण सभा : मनमोहन

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

हिमाचल ब्राह्मण सभा के प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से शिष्टाचार भेंट की। प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन गौतम ने डीसी को सभा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से अवगत करवाया।

राज्य ब्राह्मण सभा सामाजिक दायित्व को मजबूती से निभा रही है। मनमोहन गौतम ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकसभा चुनाव में ब्राह्मण सभा सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक कर रही है। लोगों की मतदान में ज्यादा भागीदारी से न केवल हमारा लोकतंत्र सुदृढ़ होगा, बल्कि सरकार निर्माण में भी सभी की भागीदारी सुनिश्चित होगी। ब्राह्मण सभा दान करवाने और दान करने में विश्वास रखती है। प्रदेश ब्राह्मण सभा ने अपने


प्रदेश ब्राह्मण सभा का प्रतिनिधिमंडल डीसी कुल्लू से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

सदस्यों से आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं से निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करवाएं। शास्त्रों में बताया कि दान करने से बहुत बड़े पुण्य का फल मिलता है व मतदान करना तो महान पुण्य का कार्य है, इसलिए कोई भी मतदाता इस पुण्य से वंचित न रहे। ब्राह्मण की मजबूती यजमानों की मजबूती पर निर्भर है। यजमान मजबूत है तो ब्राह्मण स्वतः की मजबूत है। प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन शर्मा व महासचिव लीला गोपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण सभा चौमुखी विकास पर चिंतन करती है। चुनाव के उपरांत विकास कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा।

# कांग्रेस की अंतर्कलह से हो रही टिकट आवंटन में देरी: गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की ओर से अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की जा रही है।

विस उपचुनावों को लेकर कांग्रेस की ओर से टिकट आवंटन में जो देरी हो रही है वह सिर्फ पार्टी की अंतर्कलह के कारण हो रही है। आपसी इस खींचतान के चलते कांग्रेस असमंजस की स्थिति में है और वरिष्ठ नेता अपनी ही बेटी को चुनाव लड़ने पर जोर दे रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा ने अपनी सभी विस व लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही प्रचार भी शुरू कर दिया है। प्रदेश में भाजपा एकजुट है और सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। गोविंद ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में गरीबों के कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान, अन्नदाता के कल्याण पर फोकस किया गया है और मध्यम वर्ग परिवारों पर ध्यान केंद्रित कर यह संकल्प पत्र में कई बातें लिखी गई हैं। भारत देश में अब कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी के प्रचंड लहर से घबरा गई है और भाजपा के संकल्प पत्र के वादों से कांग्रेस पार्टी की नींदे उड़ गई हैं।

### प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का चल रहा दौर



इसके अलावा हिमाचल में भी व्यवस्था परिवर्तन का दौर चल रहा है और महिला, युवा, किसान, बागवान, जनता सब प्रदेश में विकास के नाम पर धोखा खा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी अपनी गारंटी पूरी नहीं कर पा रही, बल्कि झूठे सपने ही जनता को दिखा रही है। कांग्रेस सरकार ने लोन लिया और घी की तरह पिया और अब भाजपा को इस मामले में दोष दे रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने 15 महीने में 18000 करोड़ रुपए का ऋण लिया है। गोविंद ने कहा कि महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की बात कर कांग्रेस पार्टी ने उन्हें गुमराह किया।

# भाजपा में नहीं वरिष्ठ नेताओं की कद्र : सेसराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कांग्रेस कुल्लू के अध्यक्ष सेसराम आजाद ने कहा कि भाजपा में वरिष्ठ नेताओं की कद्र नहीं है। वीरवार को कुल्लू के ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण कुल्लू का है, जहां पर भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद और पूर्व विधायक रहे महेश्वर सिंह जिनका पार्टी के साथ कुल्लू व मनाली में काफी योगदान रहा है उनको तक दरकिनार किया गया।

भाजपा ने वरिष्ठ नेताओं की जगह एक सेलिब्रिटी को टिकट दिया है और सेलिब्रिटी को देखने शुरू में सब आते हैं, लेकिन जिनको भारत के पहले के प्रधानमंत्री के बारे में ज्ञान नहीं है उनके बारे में और क्या कहा जा सकता है। उन्होंने भाजपा मंडी लोकसभा क्षेत्र की कंगना रनौत पर



जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेसराम आजाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

निशाना साधते हुए कहा कि कंगना रनौत ने भारत को 2014 में आजाद होने की बात कही थी, जोकि शर्मनाक है और आजादी की लड़ाई में शहीद हुए हमारे जवानों और उनकी विधवाओं का भी अपमान है। सेलिब्रिटी के तौर पर कंगना की इज्जत करते हैं, लेकिन राजनीति के क्षेत्र में उन्हें संयम रखना चाहिए ज्ञान देने से उन्हें परहेज करना चाहिए। वहीं, उन्होंने भाजपा की प्रत्याशी सहित पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेता अनाप-शनाप बयान बाजी कर रहे हैं। भाजपा ने कुल्लू में अनुसूचित जाति मोर्चा का सम्मेलन किया गया, जिसमें भाजपा प्रत्याशी कंगना भी शामिल हुई, लेकिन इस सम्मेलन में एससी मोर्चा के अध्यक्ष को बोलने तक का मौका नहीं दिया गया। भाजपा लोगों को अपने मतलब के लिए इस्तेमाल करती है। हमारा प्रत्याशी सशक्त और लोगों की सेवा करने के साथ जनसेवा की भावना वाले नेता है।

# 'छाप तिलक सब छीनी रे' भजन से भक्तिमय हुआ बनोगी देहूरी

**अनंत ज्ञान, सैंज**

दुर्गा माता मंदिर बनोगी देहूरी में इस बार नवरात्र में बनोगी कोठी के समस्त महिला मंडल माता दुर्गा व पंडीर ऋषि के हारियान व देवता कमेटी बनोगी देहूरी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रथम दिन आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दूसरे दिन से कालरात्रि महिला मंडल रैंह, त्रियांबिका महिला मंडल मंडी, महिला मंडल मनैशी, महिला मंडल मनहम ने अपनी भक्ति की छाप छोड़ी। नौवें दिन अंतिम नवरात्र व राम नवमी पर महिला मंडल जिल्हीनही व वीजल ने 'छाप तिलक सब छीनी रे तो से नैना मिलाई के' भजन से पूरी देहूरी के वातावरण को भक्तिमय बनाया। सभी ने पूरे नौ दिन तक माता रानी का सच्ची श्रद्धा से गुणगान किया।


दुर्गा माता मंदिर बनोगी देहूरी सैंज में कार्यक्रम के दौरान महिलाएं।

# विक्रमादित्य सिंह की राजनीति में अच्छी पकड़ : दीपक ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह को चुनाव मैदान में उतारने से कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है।

विक्रमादित्य सिंह एक पढ़े-लिखे और नौजवान युवा हैं और राजनीति में भी अच्छी पकड़ रखते हैं। जब लोग प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे थे, तो प्रदेश के लोनिवि मंत्री क्षेत्र में डटे रहे। उन्होंने आपदा से हुए नुकसान को प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के समक्ष भी मजबूती से उठाया और लोगों की मूलभूत सुविधा जैसे पुल, बिजली,

### मंडी से लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह को टिकट मिलने से युवाओं में जोश

सड़क और पानी की समस्याओं का समाधान भी रिकॉर्ड समय में पूरा करवाया। इनके प्रयासों से ही केंद्रीय मंत्री ने आपदा के समय हिमाचल का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान की जानकारी ली। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनावों में अपने चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को 1500 रुपए की राशि की शुरुआत भी लाहौल-स्पीति से कर अपना चुनावी वादा पूरा किया। इसके साथ ही ओपीएस का चुनावी वादा भी प्रदेश सरकार ने पूरा किया।

# पूजा और अमर ने मचाया धमाल

## मां काली दुर्गा के आगमन से शुरू हुआ पतलीकूहल मेला

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मां काली दुर्गा के सम्मान में मनाए जाने वाले राम नवमी दुर्गा अष्टमी मेले का शुभारंभ माता के पतलीकूल पार्क में पहुंचने के साथ हुआ।

माता के बाजा नवाज व कारकों सहित पतलीकूहल की समस्त जनता कुल्लवी संस्कृति अनुसार पतलीकूहल पार्क में पहुंची, जहां कुल्लवी नृत्य का आयोजन हुआ। वहीं, इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। राम नवमी दुर्गा अष्टमी मेला पतलीकूहल की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली लोकगायिका पूजा आर्या व लोकगायक अमर पोकू ने खूब समां बांधा। पूजा आर्या


मां काली दुर्गा के आगमन से शुरू हुए मेले के शुभारंभ मौके पर मुख्यातिथि व अन्य।

ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत कुल्लवी भजन गाकर की। उनके गाए गीत लाल सूट नई लाणा , मामा अंगता गाकर वाहवाही लूटी। लोकगायक अमर पोकू ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत भोले नाथ के भजन से की। उन्होंने देर शाम तक दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर कटराई पंचायत प्रधान गीता ठाकुर सहित पंचायत सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

# नव दुर्गा माता के भंडारे में उमड़े 22 हजार से अधिक श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में वीरवार को नव दुर्गा माता में भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे में घाटी के 22 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दुर्गा मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित इस भंडारे के सफल आयोजन में शहरवासियों सहित मनाली गांव व ढुंगरी, सियाल के सैकडों लोगों ने अपना योगदान दिया। वीरवार सुबह ही मनाली माल रोड स्थित दुर्गा मंदिर देव वाद्ययंत्रों से गूंज उठा। अराध्य देवियों माता हिडिंबा व माता दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद भंडारे की शुरूआत हुई। दिनभर हजारों सैलानी भक्तों सहित स्थानीय लोगों ने माता के दरबार में


पर्यटन नगरी मनाली में भंडारे के आयोजन पर प्रसाद ग्रहण करते लोग।

हाजरी लगाई और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। व्यापार मंडल ने मनाली बाजार बंद रखने का निर्णय लिया था। दवाई और जरूरी सामान की कुछ एक दुकानों को छोड़कर अन्य सभी दुकानें बंद रही। सभी दुकानदारों ने व्यापार मंडल का सहयोग किया और बाजार बंद रखा। व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ने भंडारे में सहयोग करने के लिए सभी कारोबारियों का आभार जताया। माता दुर्गा प्रबंधन समिति के मुखिया एवं कारदार रघुवीर नेगी, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मीने राम ठाकुर, कोषाध्यक्ष मैन चंद, मंदिर प्रभारी तारा चंद और कार्यकारिणी सदस्य हेमराज आदि ने भंडारे के सफल आयोजन में सहयोग देने वालों का आभार जताया।

# शर्मा ब्रदर्स के गानों पर झूमा पंडाल

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी क्षेत्र के एकमात्र श्रीकृष्ण मंदिर बटाला में भजन संध्या के छठे दिन यानी मंगलवार को रिवालसर के 'शर्मा ब्रदर्स हम हिमाचली हैं' म्यूजिकल ग्रुप ने अपने मधुर भजनों की दमदार प्रस्तुति से संध्या में धूम मचा दी। श्रीमद्भागवत की अंतिम भजन संध्या में आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकिंद्र कुमार, व्यापार मंडल आनी के अध्यक्ष विनोद चंदेल, भक्त कृष्ण ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर तथा गुलाब सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

भजन संध्या का आगाज सात बजे से शुरू हुआ, जिसमें भजन



शर्मा ब्रदर्स 'हम हिमाचली है' म्यूजिकल ग्रुप अपनी प्रस्तुति देते हुए।

मंडली व स्थानीय महिलाओं की भजनमंडली ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जबकि साढ़े नौ बजे 'शर्मा ब्रदर्स हम हिमाचली हैं म्यूजिकल ने जैसे ही स्टेज संभाला और अपना पहला भजन सुनाया तो पंडाल में एकत्रित हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ ने गर्मजोशी से इनका स्वागत किया और फिर इनकी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति ने जलोड़ी क्षेत्र की फिजाओं में भक्ति का खूब रस घोला। शर्मा ब्रदर्स हम हिमाचली हैं म्यूजिकल ग्रुप के पांचों भाइयों ने अपने-अपने मधुर कंठ से ऐसा जादू चलाया कि पंडाल में बैठा हर भक्त भक्तिरस में डूबकर थिरकने पर मजबूर हो गया।

# बास्केटबॉल के लिए 21 को होगा ट्रायल

**कुल्लू।** अंडर-19 की 45वीं राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति की टीम का ट्रायल 21 अप्रैल को कटराई में आयोजित किया जाएगा।

बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया कि 2024 की राज्य स्तरीय 19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता 26 अप्रैल से 28 तक जिला हमीरपुर में आयोजित होगी, जिसमें लाहौल-स्पीति की लड़कों एवं लड़कियों की टीम भाग लेंगी। जिला बास्केटबॉल संघ के महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि यह ट्रायल जिला बास्केटबॉल संघ के चेयरमैन मदन बौद्ध की देखरेख में किया जाएगा। इस ट्रायल में 1-1-2006 के जन्मे बच्चे भाग ले सकते हैं।

# जो उपलब्ध करवाए रोजगार उसे देंगे वोट

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

इस बार लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में पहली बार मतदान करने को लेकर युवा-युवतियां काफी उत्साहित हैं। साथ ही उनका यह भी कहना है कि जो रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने का वादा करेगा ऐसे प्रत्याशी को वोट देंगे।

इसके अलावा प्रत्याशी युवा, ईमानदार व शिक्षित होना चाहिए। युवा लोगों को भी मतदान करने बारे प्रेरित कर रहे हैं साथ ही पहली बार मताधिकार का प्रयोग कर रहे युवा मतदाताओं ने वोट के लिए अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर रखी हैं। युवाओं का मानना है कि इस महापर्व में उसी के पक्ष में मतदान करेंगे जो शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के मुद्दों पर ध्यान देगा। अनंत ज्ञान की प्रतिनिधि ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से इस बारे की चर्चा। (अनंत ज्ञान)



पहली बार वोट देने का अधिकार मिल रहा है। ऐसे प्रत्याशी का चयन करूंगा जो क्षेत्र की समस्याओं को हल करने, रोजगार मुहैया करवाने की बात करेगा। दूसरों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करूंगा।
**गोपाल ठाकुर, बंजार।**



रोजगार परक शिक्षा आज युवा पीढ़ी की जरूरत है, युवाओं की बेरोजगारी भी बड़ी समस्या है। शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के मुद्दों पर जो प्रत्याशी ध्यान देगा उसी को वोट दूंगी। **तमन्ना, बंजार।**



मेरा पहला वोट उस उम्मीदवार को जाएगा, जो युवाओं के लिए रोजगार के साधन मुहैया करवाने का वादा व दावा करे। अन्य युवाओं को भी इसी मुद्दे पर वोट देने के लिए प्रेरित कर रहा हूं।
**यशपाल, बंजार।**



पहली बार वोट देने को लेकर खुश हूं। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने, युवाओं के हित में काम करने वाले, जनता के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करवाने वाला प्रत्याशी पहली पसंद है।
**घनू भारद्वाज, बंजार।**

**परेशानी** आठ पंचायतों के हजारों लोगों का स्वास्थ्य एक बाबू और पार्ट टाइम कर्मी के हवाले

# निथर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं चिकित्सक

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निथर में चिकित्सकों के सभी पद रिक्त पड़े हैं।

निथर उपतहसील की आठ पंचायतों की जनता का स्वास्थ्य एक बाबू और पार्ट टाइम कर्मचारी के हवाले हैं। निथर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मेडिकल ऑफिसर, एक डेंटल मेडिकल ऑफिसर सहित फार्मासिस्ट, सीनियर लैब टेक्नीशियन, डेंटल मैकेनिक, स्टाफ नर्स, ड्राइवर, ट्रेंड दाई, चतुर्थ श्रेणी कर्मी और सफाई कर्मियों के कुल 11 स्वीकृत में से 10 पद खाली चल रहे हैं, जिसको


निथर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

लेकर क्षेत्र की जनता में रोष है। क्षेत्र की निथर, लोट, दुराह, पलेही , देहरा, शिल्ली पंचायतों के अलावा एक्स सर्विस मैन यूनियन आउटर सिराज की निथर इकाई ने चुनाव आयोग से निथर उपतहसील की हजारों जनता के स्वास्थ्य के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के दौरान निथर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की तैनाती करने के जनहित में आदेश जारी करने की मांग की है। निथर, लोट, दुराह, पलेही , देहरा, शिल्ली आदि पंचायतों ने बाकायदा सदन में प्रस्ताव पारित कर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम आनी के माध्यम से प्रस्ताव भेज कर चुनाव आयोग से गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

### 100 किलोमीटर दूर रामपुर अस्पताल जाना पड़ता

पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्र की जनता का कहना है कि करीब डेढ़ माह पहले निथर अस्पताल से एकमात्र डॉक्टर का तबादला कर दिया गया था, जिसके बाद सिविल अस्पताल मनाली से एक डॉक्टर के तबादला आदेश निथर को हुए थे, लेकिन इससे पहले ही डॉक्टर मनाली से रिलीव होकर निथर अस्पताल में ज्वाइनिंग देते, आदर्श आचार संहिता लागू हो गई और तबादला आदेशों पर रोक लग गई। अस्पताल में डॉक्टरों के सभी पद रिक्त पड़े हैं और क्षेत्र की हजारों आबादी का स्वास्थ्य राम भरोसे है। लोगों का कहना है कि डॉक्टर न होने के कारण उन्हें इलाज के लिए करीब 100 किलोमीटर दूर रामपुर के अस्पताल जाना पड़ता है। ऐसे में चुनाव आयोग से लोगों ने गुहार लगाई है कि निथर अस्पताल में जल्द डॉक्टर का रिक्त पद भरने की जनहित में अनुमति प्रदान की जाए।

यह चुनाव आयोग के क्षेत्राधिकार का मामला है, जिसे हम निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कुल्लू को आगामी कार्रवाई के लिए भेज देंगे।
**नरेश वर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम आनी।**

# मॉकड्रिल कर स्टूडेंट्स को किया जागरूक

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय अग्निशमन दिवस के उपलक्ष्य में कुल्लू जिले में अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। 14 से चल रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह को 20 अप्रैल तक चलाया जा रहा है और इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी जिले के विभिन्न क्षेत्रों, संस्थानों और स्कूलों का दौरा कर आपदा के समय क्या करना है इस बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

वीरवार 18 को इसी कड़ी में स्नोर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा के परिसर में आगजनी की घटना के दौरान सुरक्षा के इंतजामों ओर उपायों को कैसे ओर किस तरह से अपनाना है इस बारे में जागरूक किया। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस-2024 इस बार के थीम 'राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें' विषय के तहत अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाकर आपदा प्रबंधन के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। स्कूल बजौरा के परिसर में आयोजित मॉकड्रिल में स्कूल के करीब 860 विद्यार्थियों सहित 70 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों के लिए अग्नि सुरक्षा विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई। (अनंत ज्ञान)


बजौरा स्कूल में अग्निशमन विभाग के कर्मचारी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए।

वीरवार 18 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर स्नोर वैली पब्लिक स्कूल बजौरा में आपदा और आगजनी की घटना के संदर्भ में अपनाए जाने वाले सुरक्षा के इंतजामों और उपायों के बारे में जागरूकता फैलाई गई, अग्निशमन विभाग हमेशा से ही आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए तत्परता से कार्य करता आ रहा है और आगे भी ऐसे ही लोगों को जागरूक करने के लिए इस तरह के मॉकड्रिल आयोजित करते रहेगी।
**एसडीओ कुल्लू प्रेम सिंह, अग्निशमन विभाग।**

# 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने किए नयना देवी जी के दर्शन

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

शक्तिपीठ श्री नैना देवी जी में 9 दिवसीय नवरात्रि संपन्न हो गए। इस नवरात्रों में रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। आंकड़ों के अनुसार 9 दिन शक्तिपीठ श्री नैना देवी जी में 3 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर में अपना शीश झुकाया है।

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में चैत्र नवरात्रों में डेढ़ करोड़ का चढ़ावा चढ़ा जबकि लगभग 13 किलो चांदी और 85 ग्राम के करीब सोना श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में अर्पित किया।

इसके अलावा काफी संख्या में विदेशी मुद्रा भी श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में चढ़ाई। चैत्र नवरात्रों के दौरान पंजाब, हिमाचल, हरियाणा दिल्ली और अन्य प्रदेशों से लगभग साढे तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने बताया कि मेला के दौरान व्यवस्थाएं पूर्णतया सुचारू रही और किसी भी अप्रिय घटना का समाचार प्राप्त नहीं मिला। श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता जी के दर्शन करवाए।




मंदिर परिसर में हवन करते पुजारी तथा (दाएं) मंदिर को चढ़ाए गए चढ़ावे को गिनते मंदिर न्यास के पदाधिकारी।

**डेढ़ करोड़ का चढ़ावा, 13 किलो चांदी और 85 ग्राम सोना चढ़ा**

**काफी संख्या में विदेशी मुद्रा भी श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में चढ़ाई**

मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु डटे रहे और समय-समय पर मंदिर क्षेत्र में निरीक्षण करते रहे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मेला के दौरान इस बार पेयजल व्यवस्था विद्युत व्यवस्था लोक निर्माण विभाग स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद की व्यवस्था बेहतर रही जिसके चलते मेला पूरी तरह से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ

इस बार मेला के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पर भी डीएसपी विक्रांत ने पूरी नजर बनाकर रखी और शहर की कानून व्यवस्था पूरी तरह से सुचारु रही श्रद्धालु आराम से लाइन में दर्शन करके अपने घरों को लौटे। मंदिर के अंदर जहां पर मंदिर के सुरक्षाकर्मी एक्स सर्विसमैन फौजियों ने नियंत्रण बनाए रखा वहीं पर मंदिर के बाहर होमगार्ड के जवानों पुलिसकर्मियों ने छोटे-छोटे जत्थों में श्रद्धालुओं को रोककर आराम से माता जी के दर्शन करवाएं।

# धूमधाम से मनाया रामनवमी का पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**अयोध्या** में श्रीराम मंदिर बनने के बाद पहली बार आई राम नवमी का पर्व बिलासपुर जिला मुख्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व पर शिव मंदिर समिति, यूथ क्लब बिलासपुर व श्रीराम नाटक समिति रौड़ा सेक्टर के संयुक्त तत्वावधान में बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर के वार्ड नंबर-2 में स्थित शिव मंदिर (बाबा बंगाली पार्क) के पास भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक अभिषेक सोनी व गायक लक्ष्मण दास लच्छू ने प्रभु श्रीराम का गुणगान किया।

भजन संध्या का आगाज गायक लक्ष्मण दास लच्छू ने गणेश वंदना के साथ किया। उन्होंने 'मैं माई नू मनावन चली, शेरांवाली मां' व 'चलो बुलावा आया है' आदि भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद भजन गायक अभिषेक सोनी ने एक से बढ़कर एक श्रीराम भजन सुनाकर भक्तों को भक्ति रस का पान करवाया।



रामनवमी पर भजन संध्या पर भजन प्रस्तुत करते गायक।

अभिषेक सोनी ने 'मुख से राम राम गाए जा', 'राम नाम के हीरे मोती', 'राम नाम गुण गाई लो', 'शबरी संवारे रास्ता', 'मेरी झोपड़ी के भाग', 'तुम्हें श्री राम बुलाते हैं', 'राम जी की निकली सवारी' आदि भजन प्रस्तुत किए।

वहीं, अमन त्रिवेदी ने नन्हें प्रभु श्रीराम और भ्राता लक्ष्मण के साथ वीर बजरंगबली की मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जगदीश कौंडल, कमल शर्मा, रामेश्वर गौतम, संजीव शर्मा, परवेश राणा, अनु राणा, अमित कुमार, दिनेश कौंडल, श्याम कौंडल, ईशान गौतम, राघव शर्मा, निशांत कपूर, महेश बंसल व अजय राणा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिविल सर्विसेज परीक्षा में चयन पर आर्यन को बधाई



**घुमारवीं।** प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ जिला बिलासपुर की बैठक संघ के प्रधान परमजीत शर्मा की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्रा घुमारवीं में आयोजित की गई। संघ द्वारा आर्यन शर्मा पुत्र अश्विनी शर्मा प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र घुमारवीं के सिविल सर्विसेज परीक्षा 2024 में चयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में जिला प्रधान के अलावा संघ के सचिव सुखलाल ठाकुर प्रेस सचिव तिलक राज शुक्ला, अश्विनी शर्मा, निर्मल चौहान, सुखदेव रतन, कमल देव, रूप लाल, रवि बैंस, राजपाल व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### भगतपुर पंचायत में दंगल का आयोजन



**झंडूता।** बाबा बालक नाथ की तपोभूमि शाहतलाई के साथ लगती भगतपुर पंचायत में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विधिवत रूप से टमक बजाकर और लखदाता पीर को झंडा चढ़ाकर दंगल का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने रामनवमी पर्व पर अपनी पंचायत के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हुए माथा टेका। इसके अलावा भदोल जंगल में सिद्ध कैलूराम मंदिर में भंडारे में भाग लेने के साथ ही झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। वहीं, बीते कल कंदरौर में देलग के पास कार हादसे का शिकार हुए गेहड़वीं के झज्जर गांव निवासी सुभाष व उनकी धर्मपत्नी रंजना के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर झंडूता भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनिल चंदेल व अमरनाथ कौंडल, कोषाध्यक्ष राकेश ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय शर्मा, उपाध्यक्ष, सचिव अमित चंदेल, आईटी संयोजक रजनीश शर्मा तथा कैप्टन रघुवीर, कैप्टन सुभाष, पवन चंदेल, नीलम चंदेल व चंपा चंदेल आदि भी उनके साथ थे।

### वीआर भाटिया पांचवीं बार बने प्रधान

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर इकाई की मासिक बैठक डियारा सेक्टर में हुई जिसकी अध्यक्षता इं. वीआर भाटिया ने की। भाटिया ने कार्यकारिणी को भंग किया और रछपाल सिंह की अध्यक्षता में कार्यकारिणी का पुनः गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पांचवीं बार इ. वीआर भाटिया को प्रधान चुना गया। पुरानी कार्यकारिणी के सदस्य जैसे पहले थे उसी प्रकार अपने-अपने पदों पर रहेंगे। बैठक में हिमाचल सरकार और बोर्ड प्रबंधक से अनुरोध किया गया कि विद्युत कर्मचारियों और पेंशनर्स की छठे वेतन आयोग की बकाया किस्तों को शीघ्र जारी किया जाएं। बैठक में सचिव बंसी राम ठाकुर बृज लाल, चेतराम, सीताराम ठाकुर, गुरुदेव कौशल, धर्मपाल, सरदार रछपाल, रोशन लाल, अनिल कुमार, कमल गौतम और अन्य उपस्थित रहे।

### फोटोयुक्त मतदाता सूचियों की जांच पड़ताल करें

**बिलासपुर।** एक जून को हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी- एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) सदर बिलासपुर अभिषेक कुमार गर्ग (सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 48-बिलासपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र) ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे अपने मतदान केंद्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों की जांच पड़ताल करके अपने नामों के दर्ज होने की पुष्टि अवश्य कर लें। इन फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का निरीक्षण कोई भी व्यक्ति निर्वाचन कार्यालय सदर बिलासपुर तथा संबंधित मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यालय में कर सकते हैं। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम फोटोयुक्त मतदाता सूची में दर्ज न हो तो वह शीघ्र फार्म नं. 6 पर आवेदन करे।

### भाजपा का संकल्प पत्र ऐतिहासिक : धर्मानी

**घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने कहा कि देश के आम आदमी के विकास की गारंटी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। देश में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ किसान, युवा, महिला और गरीब के उत्थान व तरक्की की गारंटी है मोदी की गारंटी। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व व नीतियों पर विश्वास करके जनता एक बार पुनः देश में अबकी बार 400 पर के मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबध दिख रही है। महेंद्र धर्मानी ने कहा कि भाजपा द्वारा जारी किया गया संकल्प पत्र देश को विकसित भारत बनाने का रोड मैप है। भाजपा का संकल्प पत्र ऐतिहासिक है और भारत के भविष्य की मजबूत नीवं रखने वाला है। इस संकल्प पत्र में देश के युवा, महिला, किसान और गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठने के के साथ-साथ देश की निर्णय प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क नहीं घुमारवीं से नहीं भरे सैंपल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

सरकार के निर्देशों के बाद भी खाद्य सुरक्षा विभाग मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर सतर्क नहीं हो पा रहा है जबकि सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए जिले में धड़ल्ले से मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही है, लेकिन इस सभी पर अभी तक विभागीय कार्रवाई न के बराबर है।

बताते चले कि बीते रविवार को घुमारवी तथा आसपास के क्षेत्र में तीन-चार जगह अलग-अलग मामलों में व्रत के चावलों से बनाई गई खीर खाने से कई लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए थे। इसके बाद इन में से कुछ लोगों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा था। जहां पर उपचार करने के बाद उनकी तबीयत में सुधार हुआ था। हालांकि इस मामले से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था क्योंकि नवरात्रों में ज्यादातर लोग व्रत के दौरान ऐसे चावलों की खीर कहते हैं लेकिन इस घटना के बाद लोगों के मन में डर बैठ गया था।



वहीं ऐसा माना जा रहा था कि इस सारे घटनाक्रम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग तुरंत सक्रिय होकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक शहर में किसी भी तरह की कोई भी विभागीय कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। जबकि पुलिस द्वारा एक दुकान से ऐसे ही चावलों की एक बोरी अपने कब्जे में ले ली थी, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की तरफ से अभी तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। जिससे साफ जाहिर होता है कि खाद्य सुरक्षा विभाग मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई करने को लेकर कतई गंभीर नहीं है क्योंकि क्षेत्र में इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी विभाग हरकत में नहीं आ पाया है जबकि जहीर है कि इस घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद ऐसे लोगों द्वारा मिलावटी सामान को ठिकाने लगा दिया गया होगा।

> विभाग के पास इससे संबंधित शिकायत आई है। शिकायत 1100 नंबर हेल्पलाइन के माध्यम से की गई थी। छुट्टियों के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई थी, लेकिन इस घटना को ध्यान में रखते हुए विभाग जल्द ही कार्रवाई शुरू करेगा।
>
> **महेश कश्यप, असिस्टेंट कमिश्नर फूड सेफ्टी बिलासपुर।**

वहीं लोग उम्मीद कर रहे थे कि ऐसे लोगों पर विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा लेकिन किसी भी तरह की कोई कार्रवाई न होने के चलते विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर विभाग की ऐसी क्या मजबूरी है कि विभाग ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने से कतरा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के सहारे प्रदेश में सत्ता हासिल की : गर्ग



भाजपा में शामिल हुए लोगों के साथ राजेंद्र गर्ग।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को लोकसभा चुनाव-2024 में बढ़त दिलाने के लिए घुमारवीं भाजपा ने अभियान तेज कर दिया है। भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग जहां बैठकों का आयोजन कर रहे हैं, वहीं कार्यकर्ताओं में भी जोश भर रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री ने घुमारवीं में एससी सम्मेलन, हटवाड़, घंडालवीं, भराड़ी व दधोल सेक्टर में बैठकों का आयोजन कर चुनावों के लिए रणनीति तय की। घुमारवीं में आयोजित एससी सम्मेलन में परस राम, बख्शी राम, नंद लाल, बलदेव, होशियार सिंह, चैन सिंह, रूप लाल, हंस राज, हेम राज, मीरा देवी, परषोतम चंद, सोहन लाल, कंचन, अंजू देवी, सरिता देवी, सावित्री देवी, बाला देवी, देवराज, वीर प्रकाश व मोहित जबकि हटवाड़ सेक्टर में बैठक के दौरान सेवानिवृत एडीपीओ दिला राम व देवराज शर्मा तथा भराड़ी-लढयानी में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्रवक्ता देशराज शर्मा, देश राज डोगरा व सेवानिवृत पंचायत इंस्पेक्टर अनिल पठानिया सहित अन्यों ने भाजपा का दामन थामा जिन्हें पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया।

बैठकों के दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के सहारे प्रदेश में सत्ता हासिल की है।

## सेवन बर्द्रज मेमोरियल कप संपन्न

**रिकांगपिओ।** सांस्कृतिक युवक मंडल ठंगी द्वारा आयोजित छः दिवसीय सेवन बर्द्रज मेमोरियल कप 2024 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बतौर मुख्य अतिथि जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य डॉ. सूर्या बोरस ने किया। मुख्यतिथि डॉ बोरस ने युवक मंडल को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी व कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन युवक मंडल के स्वर्गीय सात सदस्यों की याद में किया गया जो उन के लिए श्रदांजलि है।

बोरस ने कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगीं के अर्शीवाद से क्लब को एक लाख व मैदान निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की सहायता मिल चुकी है। जिस के लिए राजस्व मंत्री का आभार व्यक्त किया बोरस ने कहा कि बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगीं के आशीर्वाद से ठंगी गांव के लिए संपर्क सड़क व कंडे के लिए सड़क का निर्माण, सिंचाई नहरों का निर्माण किए जा रहे है।

इस प्रतियोगिता में शंकर इलेवन ठंगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को एक लाख, जबकि रनरअप रारंग क्रेजी बॉयज की टीम को पच्चास हज़ार, टीम तीसरे स्थान पर रहीपांगी की टीम को पच्चीस हजार रुपए नकद ईनाम तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## पंचायतीराज विभाग यह कैसा कर रहा विकास

# 2019 में लगा कंक्रीट का डंगा, अब निकल रहे पत्थर

**अनिल छांगू, ज्वाली**

उपमंडल ज्वाली के गांव बाड़ा में पंचायत द्वारा 2019 में निर्माण करवाया एक डंगा आज बड़ी धांधली को लेकर सामने आ गया। है। आपको बता दें कि पहले ये कार्य जब करवाया गया तो ये गांव त्रिलोकपुर पंचायत के अधीन था लेकिन अब के गांव नियांगल पंचायत के अधीन आता है।

उस समय बाड़ा निवासी मनोहर कुमार के घर के समीप एक डंगा लगाया गया, लेकिन एक बरसात में जब ड़ंगे से पानी निकलना शुरू हुआ तो पता चला कि ड़ंगे में कंक्रीट की बजाय पत्थर डाल रखें लेकिन जब इसकी आरटीआई ली तो इस ड़ंगे को केवल कंक्रीट बताया गया है पत्थरों का कोई जिक्र नहीं है।

शिकायतकर्ता मनोहर लाल ने बताया कि पानी की मार से मेरे घर का एक हिस्सा नीचे धंसने से मकान में दरारें आ गई। उन्होंने कहा कि इस समस्या के बारे में करीबन दो साल से उपायुक्त, जिला पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड अधिकारी व विजिलेंस में शिकायत दें चुके है, लेकिन आज तक सभी मुझे सिर्फ गुमराह करते रहे। न तो किसी ने कोई सही तरीके से जांच की ओर न ही मेरी समस्या का कोई हल निकाला। उन्होंने बताया कि पूर्व पंचायत ने तो डंगा लगाने से पहले हमारे कोई एफेडेविट भी नहीं लिए, लेकिन जब आरटीआई डाली तो किसी दूसरी जगह के व्यक्ति से एफिडेविट लेकर ये काम किया गया। उन्होंने बताया कि जांच कमेटी ने वर्तमान पंचायत को आदेश दिए थे कि पक्की नाली निकाली जाए। वो काम भी अभी तक नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि अगर उसके मकान का कोई भी नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा। इस बारे में पंचायत प्रधान कैप्टन चुन्नी लाल में बताया कि ये कार्य त्रिलोकपुर पंचायत ने करवाया था। पिछली बरसात में मैं मौके पर गया था तथा 2023 में शैल्फ में डाले गए कार्य अभी स्वीकृत नहीं हुए है। इनका पक्की नाली का कार्य डाला गया है। कार्य जैसे ही स्वीकृत होगा आचार संहिता के तुरंत बाद शुरू करवा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)




जानकारी देता शिकायतकर्ता मनोहर लाल तथा (दाएं) डंगे से दिखाई देता पत्थर।



डंगे के कारण घर में आई दरारे।

## 15 00 रुपए के फॉर्म भरने की प्रक्रिया फिर शुरू होगी : सुनील

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस सरकार की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए बेहतर कार्य किया गया है। महिलाओं को सरकार की ओर से 1500 रुपए की देने की जो योजना शुरू की गई है, उसका लाभ प्रदेश भर की मातृ शक्ति को मिलेगा।

यह बात राज्य सहकारी बैंक के निदेशक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव के सुनील शर्मा ने बिलासपुर में कही। उन्होंने कहा कि एक और जहां प्रदेश कांग्रेस सरकार महिलाओं को 1500 रुपए की योजना का लाभ पहुंचाने के लिए लग रहा लगातार कार्यरत थी, वहीं दूसरी ओर भाजपा के नेताओं ने इस योजना का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के पास भाजपा नेताओं की ओर से विरोध जताया गया, लेकिन अब चुनाव आयोग की ओर से जो फैसला दिया गया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर अब प्रदेश में 15 00 रुपए की योजना को लेकर फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसका लाभ प्रदेश भर की महिलाओं को मिलेगा। प्रदेश सरकार की ओर से हर वर्ग को लेकर कल्याणकारी नीतियां चलाई हैं।

**राजनीति** | प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ने कहा-पेंशन रोकने के लिए चुनाव आयोग क्यों गई भाजपा

# महिलाओं को हर हाल में दिए जाएंगे 1500 रुपए : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा है कि भाजपा नेता महिला हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बार-बार यह दोहरा रहे हैं कि भाजपा महिलाओं की हितैषी है,, लेकिन हिमाचल प्रदेश की जनता यह अच्छी तरह से जानती है कि 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए कौन चुनाव आयोग के पास गया।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को महिलाओं को दिए जा रहे अधिकार में अड़ंगे लगाने के लिए प्रदेश की जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए क्योंकि भाजपा नेता ही 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए चुनाव आयोग के पास गए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जितना मर्जी जोर लगा लें, लेकिन प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन हर हाल में दी जाएगी।

नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने बेनक़ाब हो गया है। भाजपा सिर्फ महिला विरोधी ही नहीं बल्कि कर्मचारी विरोधी भी है। पुरानी पेंशन माँगने पर भाजपा नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों को मजाक बनाया और उन्हें चुनाव लड़ने की चुनौती दी गई।

जबकि राज्य में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान की, ताकि बुढ़ापे में उन्हें किसी के आगे हाथ फैलाने को मजबूर न होने पड़े और वह आत्म सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें।



भाजपा नेताओं को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन को क्यों बंद कर दिया, जबकि अशोक गहलोत के नेतृत्व में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान की थी।

उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा नेता सिर्फ प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए मीडिया में झूठे बयान दे रहे हैं, लेकिन हिमाचल में लोग पढ़े लिखे हैं, समझदार हैं और सत्य-असत्य के बीच अंतर भली-भांति करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मात्र सवा साल के कार्यकाल में महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीना पेंशन प्रदान की, सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी, 20 हजार से अधिक सरकारी क्षेत्र में रोज़गार के अवसर पैदा किए हैं।

यहीं नहीं युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपये स्टार्ट अप फंड तैयार किया है और सवा साल में ही पांच गारंटियां पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गारंटियों से आगे बढ़कर जनकल्याण का एक नया अध्याय लिखा है।

# संजौली में स्वीप टीम ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा 63-शिमला शहरी में 'सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षण एवं निर्वाचक सहभागिता' (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संजौली, शिमला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, प्रवक्ताओं एवं अध्यापकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर निर्वाचक साक्षरता क्लब व नोडल अधिकारी द्वारा 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांग जनों के लिए घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था के बारे में विद्यार्थियों के मध्य जानकारी दी गई। साथ ही सर्विस वोटर,

एन.आर.आई.वोटर, बैलट पेपर वोट से जुड़ी जानकारी भी बच्चों के मध्य सांझा की गई जिससे घर-घर तक चुनाव आयोग का संदेश पहुंच सके।

63-शिमला शहरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों व विद्यार्थियों को कार्यक्रम की आवश्यकता और महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। प्रत्येक पात्र युवा मतदाता को सूची में सम्मिलित करने के साथ-साथ लोकतंत्र की मजबूती के लिए जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करना ही कार्यक्रम का ध्येय है।

# पिंजौर–नालागढ़ फोरलेन निर्माण कार्य में देरी

## दो साल में सिर्फ 25 फीसदी कार्य, 30 माह में करना था पूरा, सितंबर 2024 का लक्ष्य, लोगों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पिंजौर–नालागढ़ फोरलेन प्रोजेक्ट का काम धीमी गति से चल रहा है।

फोरलेन प्रोजेक्ट की अवधि पांच अप्रैल 2022 से शुरू हुई थी, जिसे सितंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है, लेकिन 24 माह का समय बीत जाने के बाद भी सिर्फ 25 फीसदी कार्य पूरा हुआ है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी धीमी गति से प्रोजेक्ट चल रहा है अगर ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले दो वर्षों तक भी कार्य पूरा नहीं हो सकेगा। हालांकि हरियाणा सीमा में फोरलेन का कार्य तेजी से चला हुआ है पिंजौर से बद्दी तक अधिकतम मार्ग को फोरलेन के मुताबिक चौड़ा कर दिया गया है, जबकि बद्दी से नालागढ़ तक कई जगह–जगह पैच वर्क पर चौड़ा किया गया है और अधिकतम जगह स्ट्रक्चर न तोड़ पाने के कारण कार्य लटका पड़ा है। प्रोजेक्ट में लेटलतीफी का खामियाजा रोजाना अप–डाउन करने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा प्रभावित इंडस्ट्री मूवमेंट हो रही है जो सुबह व शाम के समय मार्ग पर जगह–जगह जाम से परेशान हो रही है।



अधूरा पड़ा पिंजौर–नालागढ़ फोरलेन निर्माण का कार्य।

### रफ्तार पकड़ेगा निर्माण कार्य : एसडीएम

एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल का कहना है कि भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसे आगामी कार्रवाई के लिए भेजा है और अधिकतम स्ट्रक्चर भी तोड़े जा चुके हैं मात्र कुछ बचे हैं, जिन्हें एनएचएआई के हवाले कर दिया है। बद्दी से नालागढ़ तक कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए जाएंगे।

**पांच अप्रैल 2022 से शुरू हुई अवधि**

पिंजौर से नालागढ़ तक फोरलेन के कार्य का जिम्मा गुजरात की पटेल इंफ्रा को दिया गया है। अब तक तय अवधि के मुताबिक 24 माह का समय निकल चुका है और मात्र छह माह का समय बचा है। अभी तक सिर्फ 25 फीसदी काम पूरा हो पाया है। ऐसे में छह माह में किसी भी हालत में प्रोजेक्ट पूरा नहीं होगा।

### प्रशासन की लेटलतीफी से लटका प्रोजेक्ट

फोरलेन प्रोजेक्ट में देरी का सबसे बड़ा कारण प्रशासन की लेटलतीफी नजर आ रहा है। अभी तक प्रशासन बद्दी से नालागढ़ तक स्ट्रक्चरों को नही तोड़ पाया है, जिससे कार्य धीमा पड़ चुका है। इसके साथ ही बीते वर्ष हुई भारी बरसात से भी एक से डेढ़ माह तक कार्य प्रभावित हुआ। वहीं, ठेका कंपनी दावा कर रही है अगर समय पर मार्ग खाली मिल जाता तो अधिकतम काम पूर्ण कर लिया जाता।

# चुनावों में सुक्खू सरकार को सबक सिखाने को तैयार महिला शक्ति : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रवक्ता शैलेंद्र ने कहा कि महिलाओं से 1500 रुपए और बेरोजगारों को रोजगार के नाम पर विश्वासघात करने वाली सुक्खू सरकार के दिन पूरे हो गए हैं।



न महिलाओं को हर माह 1500 रुपए मिले हैं, न ही बेरोजगारों को बेरोजगार। ऐसे में बेरोजगारों और महिला शक्ति का सुक्खू सरकार को श्राप लगेगा और आगामी चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ेगी। पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान इन्हीं कांग्रेस नेताओं ने एक नीले फॉर्म भरवाकर महिलाओं को हर माह 1500 रुपए देने की घोषणा की थी। नीयत में खोट था इसलिए जीतने के बाद 1500 रुपए महिलाओं को देने का वादा पूरा नहीं किया। इस बार भी सुक्खू सरकार ने इसी तरह के फार्म भरवाकर महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए देने के वादा किया, लेकिन इस दफा महिलाओं को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता।


लोकसभा चुनावों और विधानसभा उपचुनावों में 26 लाख महिलाएं सरकार को सबक सिखाने को तैयार हैं। युवाओं को रोजगार देने की बात करने वाली सरकार परीक्षाओं का परिणाम तक नहीं निकल रही। वहीं, रोजगार सृजन करने में सरकार नाकाम रही है। बेरोजगार भी सुक्खू की दुख वाली सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे हैं। चारों लोकसभा सीटों और छह विधानसभा सीटों में भाजपा जीत का परचम लहराकर रिकॉर्ड जीत हासिल करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### आग की घटनाओं को रोकने के लिए दिए आदेश

**सोलन।** जिला सोलन में ग्रीष्म ऋतु, 2024 के दौरान जंगलों में लगने वाली आग के कारण सार्वजनिक संपत्ति और जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत डीसी सोलन ने हिमाचल ग्राम एवं लघु नगर गश्त अधिनियम, 1964 की धारा तीन के तहत आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार 15 अप्रैल से सोलन के समस्त गांवों के निवासी सभी सक्षम पुरुष जंगलों में आग से बचाव के लिए गश्त लगाने के लिए उत्तरदायी होंगे। यह आदेश 15 जुलाई तक लागू रहेंगे।

### काली स्थान मंदिर में मां भगवती की चौकी 21 को



**नाहन।** शहर के प्राचीन मंदिर काली स्थान में 21 अप्रैल को महामाया भगवती की विशाल चौकी का आयोजन किया जा रहा है। चौकी में मनमोहन एंड पार्टी महामाया का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रामकिशन शर्मा ने बताया कि 21 अप्रैल को 6 बजे सायं से मां का गुणगान शुरू होगा। मंदिर के उस भाग में चांदी की परत लगाया जाना प्रस्तावित है, जिस छोटे मंदिर में मां पिंडी स्वरूप विराजमान हैं। ऐसे में भक्तों से अनुरोध है कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए अपना सहयोग दें।

### छात्रों को दी विश्व धरोहर दिवस की जानकारी



**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में प्रातः कालीन सभा में विश्व धरोहर दिवस पर विस्तार पूर्वक बताया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने बताया कि वर्ष 1982 से यूनेस्को ने विश्व के महत्वपूर्ण स्मारकों और स्थलों के संरक्षण को बढ़ावा देने की वजह से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की। यह स्थल पर्यटकों के आकर्षण केंद्र है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देते हैं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित रखने की इन्हें अत्यधिक आवश्यकता है।

### दाड़लाघाट का वार्षिक संगीत उत्सव 21 को

**दाड़लाघाट।** शारदा संगीत कला केंद्र दाड़लाघाट इस बार अपना वार्षिक संगीत उत्सव 21 अप्रैल रविवार को अपराह्न तीन बजे मनाने जा रहा है। शारदा संगीत कला केंद्र के संचालक एवं मुखिया टेकचंद ने बताया कि यह कार्यक्रम शिव मंदिर दाड़लाघाट के परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि माकपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रामकृष्ण शर्मा होंगे। इस बार कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शाम ए गजल होगा। इसके अतिरिक्त इस कला केंद्र में संगीत शिक्षा ग्रहण कर रहे नन्हे मुन्ने कलाकार गीत-भजन और स्वतंत्र तबले की विभिन्न तालों की ओर से लोगों का मनोरंजन करेंगे। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वह अधिक से अधिक पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# चेक बाउंस और धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

थाना धर्मपुर के तहत दर्ज चेक बाउंस और धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार तुषार गुप्ता निवासी डाकघर धर्मपुर तहसील कसौली जिला सोलन हिमाचल ने थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई कि 15 को सुबह के समय इन्हें एक मोबाइल नंबर से फोन आया। बात करने वाले ने इनको झांसे में लेकर इन्हें एक दूसरे मोबाइल नंबर पर गूगल–पे के माध्यम से करीब 57000 रुपए की राशि ट्रांसफर करने के लिए कहा, जिस पर इन्होंने अपने मोबाइल नंबर से अपने एचडीएफसी बैंक खाता से गूगल–पे के माध्यम से इतने ही रुपए ट्रांसफर कर दिए। पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त मोबाइल धारक ने इन्हें उपरोक्त रकम ट्रांसफर करने के लिए धोखा दिया है, जिस पर थाना धर्मपुर में 15 अप्रैल को धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अंवेषण के दौरान 17 अप्रैल 2024 थाना धर्मपुर की टीम ने धोखाधड़ी की इस वारदात में संलिप्त दो आरोपी जिनमें से एक मोहमद तौसीफ रजा पुत्र नौशाद निवासी गांव, डाकघर चौसा बाजार, जिला मदीपुरा बिहार उम्र 38 साल को दिल्ली से गिरफ्तार किया है, जबकि इस वारदात में संलिप्त दूसरा आरोपी उत्तर प्रदेश निवासी एक नाबालिग है, जिससे भी पूछताछ की जा रही है। जांच में ज्ञात हुआ है कि आरोपी मोहम्मद तौसीफ रजा के खिलाफ दिल्ली में धोखाधड़ी 420 आईपीसी चेक बाउंस केस इन नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स और मारपीट का एक मामला दर्ज है।



# नालागढ़ में सट्टा लगाने के लिए लोगों को उकसाने वाले दो काबू

**बीबीएन।** पुलिस स्टेशन नालागढ़ के तहत दो स्थानों पर दो लोगों को सट्टा खिलाने के लिए लोगों को उकसाने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जुआ अधिनियम में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक घोड़ा चौक नालागढ़ में पुलिस चैकिंग कर रही थी, तो उन्हें सूचना मिली कि चौंकीवाला नजदीक ट्रक यूनियन के पास एक व्यक्ति एक रुपए के बदले 90 रुपए देने का लालच आवाजे लगा कर रहा था।

इस पर पुलिस ने उसे मौके से दबोचा और उससे 2220 रुपए की नकदी और पर्चियां बरामद की। आरोपी की पहचान विक्की निवासी उत्तराखंड से हुई। वहीं, इसके अलावा झिड़ीवाला में भी एक व्यक्ति एक रुपए के बदले 90 रुपए देने का लालच दे रहा था। पुलिस ने इस मामले में रेड करके रविंद्र सिंह को काबू किया, उससे 920 रुपए की नकदी और पर्चियां बरामद की।

# टोल बैरियर पर लोकल वाहनों को राहत न मिलने का विरोध

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बघेरी टोल बैरियर पर स्थानीय वाहनों को राहत न देने का मामला गर्माता नजर आ रहा है। वीरवार को बघेरी ग्राम पंचायत प्रधान की अगुआई में ग्रामवासियों ने एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल से मुलाकात करते हुए अपनी समस्या बताई।

बघेरी पंचायत के प्रधान बलदेव सिंह, गोल जमाला के दर्शन सिंह, मस्तानपुरा के छोटू राम, कुंडलू के उपप्रधान रोशन लाल, उपप्रधान विक्रम सिंह व सुरेंद्र सिंह ने कहा कि बघेरी पंचायत में वर्ष 2006 में टोल बैरियर लगा है, लेकिन स्थानीय लोगों ने इसका विरोध जताया था। विरोध के बाद आज तक उनके वाहन से कोई भी टोल बैरियर का ठेकेदार पर्ची नहीं काटता था, लेकिन इस वर्ष से उनके वाहनों पर 550 टोल लगना शुरू हो गया है। उनके पास ट्रक हैं, जिनका अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी आना–जाना लगा रहता है। बीच में टोल बैरियर होने से उनके वाहनों को आज तक कोई भी टोल नहीं लगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनका जबरन टोल वसूलना बंद नहीं किया, तो वह चोर रास्तों से अपने घर आएंगे। बघेरी के प्रधान बलदेव सिंह ने बताया कि टोल बैरियर का प्रबंधक अवगत कराने के बाद भी इसे बंद नहीं कर रहे हैं, जिससे वाहन चालकों में रोष है। गोल जमाला के प्रधान दर्शन सिंह ने बताया कि अगर टोल संचालक नहीं माने, तो वह खेतों से अपने वाहन घर लाएंगे। ट्रक चालक पहले ही घाटे में चल रहे हैं और प्रति दिन बिना काम से टोल देना पड़ा तो उन्हें अपने ट्रक बेचने पड़ेंगें। एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल ने बताया कि मामले को लेकर बातचीत की जाएगी।



# लोकतंत्र के पर्व में अवश्य करें मतदान

## एसडीएम अर्की यादविंद्र पाल की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, अर्की**

लोकसभा आम चुनाव–2024 के दृष्टिगत आज सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम (ना.) अर्की यादविंद्र पाल की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) अर्की में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

यादविंद्र पाल ने इस अवसर पर कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के पर्व में अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया, आम मतदाता, दिव्यांगजनों और 85 वर्ष से अधिक के आयु के मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर दी जाने वाली विशेष सुविधाओं आदि विषयों पर जानकारी दी। स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से आने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़–चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। मतदान केवल अधिकार नहीं यह हर एक मतदाता का कर्तव्य भी है। निर्वाचन कानूनगो कुलदीप मेहता ने इस अवसर पर ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से मतदाता पंजीकरण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वोटिंग हेल्पलाइन पोर्टल, सी विजिल और सक्षम पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं की भी चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम, शिक्षक और गैर शैक्षिक वर्ग के कर्मचारी तथा स्वीप टीम के सदस्य डॉ. हेमराज सूर्य, प्रो. योगेश व विद्यार्थी उपस्थित थे।



एसडीएम की अध्यक्षता में मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता को लेकर आयोजित शिविर।

# फार्म 12डी का वितरण कार्य आरंभ

**सोलन।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम (ना.) डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुपस्थित मतदाताओं की विभिन्न श्रेणियों को मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए फार्म 12डी का वितरण एवं एकत्रण का कार्य आरंभ कर दिया गया है। इस संदर्भ में 53–सोलन (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) तथा बूथ स्तर अधिकारी पर्यवेक्षकों को अपने–अपने क्षेत्र के 85 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के तथा दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करने के आदेश जारी किए गए हैं। 18 से 24 अप्रैल तक घर–घर जाकर 85 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के तथा दिव्यांग मतदाताओं, कोविड–19 संदिग्ध व प्रभावित मतदाताओं के 12 डी फार्म एकत्रित करेंगे।

# सिरमौर की बेटी ने बिना कोचिंग पास की यूपीएससी की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

संघ लोक सेवा आयोग की ओर से जारी किए गए परीक्षा परिणाम में हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की गुर्जर समुदाय से संबंध रखने वाली बेटी ने यूपीएससी की परीक्षा क्रेक की है।



सिरमौर मुख्यालय नाहन से करीब 22 किलोमीटर दूर त्रिलोकपुर की रहने वाली 25 वर्षीय निधि चौधरी ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। निधि चौधरी ने यूपीएससी की परीक्षा में देश भर में 691 रैंक हासिल किया है। जानकारी के अनुसार निधि चौधरी ने बताया कि उसने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा चौथे प्रयास में साफ की है। निधि ने बताया कि उसने न तो कहीं कोचिंग ली है और न ही किसी निजी शिक्षण संस्थान में शिक्षा हासिल की है। निधि चौधरी चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित पीजी कॉलेज से बायोटेक्नोलॉजी में बीएससी की है। बीएससी पास करने के बाद निधी यूपीएससी की तैयारी में जुट गई थी, जिसके चलते उसने यह सफलता हासिल की है।

निधि के पिता चंडीगढ़ में आईटीबीपी में बतौर सहायक कमांडेंट कार्यरत हैं। निधि ने बताया कि पिछले चार वर्षों से वह लगातार तैयारी कर रही हैं। सफल होने के लिए जरूरी नहीं कि कहीं ट्यूशन या फिर कोचिंग ही ली जाए। सफलता का मूल मंत्र सेल्फ स्टडी है, जिसके चलते वह मुकाम हासिल कर सकता है।

# मेले हमारी परंपरा के प्रतीक : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने गत सायं सोलन के धर्मपुर में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय माता मनसा देवी मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

अजय यादव ने समस्त क्षेत्रवासियों को माता मनसा देवी मेले की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में आयोजित होने वाले मेले हमारी समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा के प्रतीक हैं। इन मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी यह अहम भूमिका निभाते हैं। इस तीन दिवसीय मेले के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिसके लिए मेला आयोजन समिति बधाई की पात्र है। यहां आयोजित दंगल एवं कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध होता है। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक कलाकारों की सहभागिता से उन्हें भी प्रोत्साहन मिलता है। इससे पूर्व एसडीएम (ना.) कसौली एवं अध्यक्ष माता मनसा देवी मेला नारायण सिंह चौहान ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा समस्त क्षेत्रवासियों को माता मनसा देवी मेले की बधाई दी। मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या पर पंजाब के लोकप्रिय गायक कंवर ने गीतों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।



माता मनसा देवी मेले के समापन समारोह में मुख्यातिथि पहुंचे एडीसी प अन्य अतिथि।

# कुरुगण देव मंदिर बथालंग में गुंबद का कार्य प्रारंभ

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की उपमंडल के अंतर्गत बथालंग में देव कुरुगण मंदिर के गुंबद का कार्य स्थानीय देवी–देवताओं की पूजा और कड़ाह प्रसाद वितरण के उपरांत प्रारंभ कर दिया गया है।

मंदिर समिति बथालंग ने बताया कि आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने और पुरोहितों से मंत्रणा और देवी–देवताओं के कल्याणों के मार्गदर्शन उपरांत ही मंदिर के गुंबद को बनाने का निर्णय लिया गया। समिति सचिव हेमराज शर्मा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मंदिर पर गुंबद बनवाने का कार्य लंबित था, परंतु अब मंदिर समिति ने बावजूद इसके इस कार्य को शुरू करने का निर्णय लिया है। मंदिर पर तीन गुंबद बनाए जाएंगे, जिसमें दो गुंबद 21 फुट और एक गुंबद 31 फुट का बनेगा। प्राक्कलन अनुसार इन गुंबदों पर लगभग 12 से 14 लाख का खर्च आएगा। समिति के प्रधान बाबूराम वर्मा ने समस्त स्थानीय जनता से निवेदन किया कि वे देव कुरुगण मंदिर पर बन रहे गुबंदों के निर्माण मे बढ़–चढ़कर सहयोग करें।



# 80 बच्चों का करवाया यज्ञोपवीत संस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

चामत–भड़ेच पंचायत स्थित विजेश्वर महादेव व देव दयारश मंदिर में मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में 80 बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार करवाया गया।

इसमें बच्चे एक साथ गुरु से दीक्षा प्राप्त कर ब्रह्मचर्य के पालन का प्रण लेंगे। इस दौरान इन बच्चों को नित्य संध्या वंदन व नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। पहले दिन इन बच्चों को बिजली मंडली की देखरेख में शास्त्रानुसार तेल डाले गए और बटणा लगाने के बाद हवन किया गया। विजेश्वर महादेव व देव दयारश मंदिर प्रबंधन सेवा समिति की ओर से पहले भी कई बार इस तरह के सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जा चुका है। इसमें दूर–दूर के क्षेत्रों के सैकड़ों बच्चों को यज्ञोपवीत धारण करवाए गए हैं व उन्हें सनातन धर्म की शिक्षा दी जाती है।

इस बार इस आयोजन में तारिणी संस्कृत महाविद्यालय सोलन से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. लेखराम शर्मा बच्चों को दीक्षित करेंगे। इस आयोजन के यज्ञाचार्य दिनेश शर्मा हैं व अन्य कई विद्वान इस धार्मिक आयोजन को संपन्न करवाने में जुटे हैं। सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश दत्त शर्मा ने बताया कि आयोजन में 80 बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार किया जा रहा है। सुबह 10 बजे पूर्वांग पूजन व तेल–बटणा किया गया। वीरवार को यज्ञोपवीत धारण संस्कार व बटुकों को उपदेश दिया जाएगा।



चामत–भड़ेच पंचायत स्थित विजेश्वर महादेव में आयोजित यज्ञोपवीत संस्कार।

**परेशानी** नालियों और टॉयलेट का ड्रेनेज सिस्टम ठीक न होने से बदबू का आलम

# पांवटा साहिब बस अड्डे का हाल बेहाल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

गुरु नगरी पांवटा साहिब का बस अड्डा इन दिनों गंदगी से अटा है। जहां कहीं भी देखो गंदगी ही नजर आती है।

नालियों और टॉयलेट का ड्रेनेज सिस्टम ठीक नहीं होने से बस अड्डे में बदबू का आलम रहता है। इससे यात्रियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कहने को तो पांवटा साहिब के बस अड्डा सिरमौर के बड़े बस अड्डों में से एक है। जहां से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली आदि के लिए बसें आती जाती हैं। हजारों की संख्या में प्रतिदिन लोग बस अड्डे से होते हुए निकलते हैं, लेकिन बस अड्डे की दुर्दशा देख सभी यात्रियों की हालत खराब हो रही है। बस स्टैंड पांवटा साहिब में चारों ओर गंदगी फैली है। बदबू और मच्छर के कारण लोग परेशान हैं। यहां तक कि पीने के पानी के आस–पास भी मच्छर जमा रहते हैं। आने–जाने वाले यात्री अकसर परेशान नजर आते हैं। साथ ही बस अड्डे पर जो शौचालय बने हैं, वो भी बंद रहते हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा रहती है। आस–पास सुलभ शौचालय की भी कोई सुविधा नहीं है। वहीं, बस अड्डे पर कई बार नशेड़ी भी देखे जाते हैं, लेकिन अब तक न तो प्रशासन और न ही अड्डा इंचार्ज तक ये बात पहुंच पाई।



पांवटा साहिब का बस अड्डा।

# पातालेश्वर महादेव मंदिर में 21 से 28 तक श्रीराम कथा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

स्थानीय प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर ग्राम पतलियों में 21 से 28 अप्रैल तक श्री राम कथा का आयोजन धूमधाम के साथ किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक का रहेगा। 23 अप्रैल यानी मंगलवार को श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर विशेष महोत्सव का आयोजन होगा।

श्रीराम कथा का गुणगान उत्तर भारत के प्रसिद्ध और जाने माने कथा व्यास आचार्य सुखदेव महाराज कुरुक्षेत्र हरियाणा वाले अपने मुखारविंद से करेंगे। 28 को कथा का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक होगा। दोपहर 12 बजे श्रीराम कथा संपूर्ण होने की मंगल बेला पर भोग एवं प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए मंदिर समिति के अध्यक्ष दाताराम चौहान, सरदार कीर्तन सिंह, जगदीप सिंह आदि ने श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में आने के लिए ज्यादा संख्या में शामिल होने की अपील की। यह जानकारी मंदिर समिति के प्रचार मंत्री एवं मीडिया प्रभारी धर्मवीर सिंह राठौड़ ने दी।



# नशा तस्कर अपना रहे हाईटेक तरीके

## कूरियर से आ रही सामग्री के बीच भेजा जा रहा नशा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिला में नशे पर लगाम लगाने के लिए पुलिस सख्त है और आए दिन नशा तस्करों को पकड़ रही है, लेकिन जैसे-जैसे पुलिस हाईटेक होती जा रही है, नशा तस्कर भी तस्करी को लेकर नए-नए तरीके अपना रहे है। अब चिट्टा विदेश से व्हाट्सऐप के जरिए शिमला में भेजा जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में खुलासा किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में कुरिअर से चिट्टे भेजने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि 3 अप्रैल को पंजाब से शिमला शहर के होटल के पते पर भेजे कुरिअर में पार्सल में एक जुराब के भीतर करीब 15 ग्राम चिट्टा अलग-अलग पैकेटों में पैक था।

दोनों आरोपियों ने चिट्टे को आपस में बांटा दिया था। अब दोनों आरोपियों से पूछताछ और इनके मोबाइल फोन की जांच के बाद पुलिस को मामले में विदेश के कॉलिंग कोड का एक व्हाट्सऐप नंबर और स्कैनर हाथ लगा है। इसकी जांच के लिए पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है।

एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि चिट्टा तस्करी मामले में पुलिस जांच में अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर एवं पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर दिल्ली निवासी संदीप शाह का नाम सामने आया है। इसे पूरे नेटवर्क का मास्टर माइंड बताया जा रहा है।



### मामले में ये आरोपी हो चुके गिरफतार

09 अप्रैल को पुलिस ने 7.98 ग्राम चिट्टे के साथ उत्तरप्रदेश के बांदा निवासी वीर सिंह (23) को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 8 ग्राम चिट्टे को उसने अपने पास रखा जबकि 7 ग्राम दूसरे साथी आरोपी संतोष कुमार को बेचा था। इसके बाद 12 अप्रैल को पुलिस ने दुर्गापुर निवासी अभियुक्त संतोष कुमार (26) उर्फ गप्पा को गिरफ्तार किया था।

### व्हाट्सऐप नंबर से इस गोरखधंधे को कर रहे ऑपरेट

वाट्सअप कुरिअर मामले का मास्टर माइंड संदीप शाह वाट्सअप नंबर के जरिये राजधानी में चिट्टा बेचता था। चिट्टे की सप्लाई किस जगह और किसे देनी है यह सिर्फ उसको पता है। नौ अप्रैल को 7.98 ग्राम चिट्टे के आरोपी वीर सिंह और संतोष तो सिर्फ चिट्टे की खेप को उसकी बताई जगह पर रखने का काम करते थे और उपरोक्त जगह पर रखे चिट्टे की फोटो खींचकर उसे भेजते थे। अब पुलिस मानकर चल रही है कि मास्टर माइंड वाट्सअप के जरिये इस गोरखधंधे को आपरेट कर रहा है।

### पूरे नेटवर्क की परतें उखाड़ रही पुलिस

फिलहाल, मामले के दूसरे आरोपी संतोष को मंगलवार को अदालत में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में कैबू जेल भेजा है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्याम सिंह तोमर की अगुवाई में जांच टीम मामले इस पूरे नेटवर्क की परतें उधेड़ने में जुटी है। पुलिस का दावा है कि जल्द की पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

## उच्च शिक्षा निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश हाईकोर्ट ने संशोधित वेतनमान के अनुसार ग्रेच्युटी की बकाया राशि जारी न करने पर उच्च शिक्षा निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने उच्च शिक्षा निदेशक डॉ अमरजीत कुमार शर्मा को नोटिस जारी कर पुछा है कि क्यों न उनके खिलाफ अदालती आदेशों की अवमानना का मुकद्दमा चलाया जाए। कोर्ट ने प्रार्थियों को संशोधित वेतनमान के आधार पर ग्रेच्युटी जारी करने के आदेश दिए थे।

4 जनवरी 2024 को साफतौर पर हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक की उपस्थिति में आदेश जारी किए थे कि 15 मार्च तक प्रार्थियों के सेवानिवृति लाभ जारी कर दिए जाए। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने याचिकाकर्ता गज राज ठाकुर और अन्य प्रार्थियों को संशोधित वेतनमान के आधार पर संशोधित ग्रेच्युटी की बकाया राशि जारी नहीं की।

## सुन्नी में सफाई व्यवस्था ठप

### वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी खफा



सुन्नी के मेला ग्राउंड में डटे वेतन की मांग कर रहे समस्त सफाई कर्मचारी।

**महेन्द्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी खफा है और पिछले दो दिनों से सुन्नी में सफाई का कार्य भी बंद पड़ा है।

नगर पंचायत सुन्नी में लगभग सफाई व्यवस्था में ड्राइवर के तौर पर सेवा दे रहे राजेश कुमार और सफाई कर्मचारी बृज लाल, अर्जुन, संजना तथा किरना देवी ने बताया की नगर पंचायत सुन्नी में ठेकेदार के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों को मार्च माह का वेतन नहीं मिल पाया है और उन्हें मिलने वाली ईपीएफ की राशि उनके खाते में भी जमा नहीं हो पाई है जबकि नगर पंचायत सुन्नी कार्यालय द्वारा दिए जाने वाले ईपीएफ का इंप्लॉय शेयर जारी कर दिया गया है,

कर्मचारियों ने बताया की सन्नी की सफाई का टेंडर टाग्रेट ग्रीन प्लांट के नाम हुआ है तथा ठेकेदार के माध्यम से उक्त सफाई कार्य में लगभग 20 कर्मचारी लगे है, लेकिन वेतन न मिलना परेशानी का विषय बना हुआ है।

इस संदर्भ में नगर पंचायत सन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया की कर्मचारियों को समय पर वेतन न देना एक गंभीर समस्या है और इस विषय में नगर पंचायत सुन्नी द्वारा समस्त पदाधिकारियों के साथ आपातकालीन बैठक भी की गई थी और ठेकेदार को पत्र के माध्यम से कर्मचारियों के वेतन जल्द देने के लिए बाध्य किया गया है और ऐसा न करने पर ठेकदार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जुब्बल-कोटखाई में जनसंपर्क करेंगे सुरेश कश्यप

कोटखाई। शिमला लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद सुरेश कश्यप 20 और 21 अप्रैल को दो दिवसीय जुब्बल-कोटखाई दौरे पर रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी जुब्बल नावर कोटखाई के महामंत्री अशोक जस्टा ने बताया कि 20 अप्रैल को सुरेश कश्यप जुब्बल क्षेत्र के सारी-मटासा, सावड़ा, कुड्डु, मादल, बॉली, धार, जुब्बल और खड़ापत्थर में जनता से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा 21 अप्रैल को कोटखाई क्षेत्र के कोटखाई (छोल), देवरी- खनेटी, क्यारी, गुम्मा, रावलाक्यार (मेलठ),चमैन, रतनाड़ी और बाघी जाकर जनसंपर्क कर फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प पूर्ण करने की दिशा में जनता का सहयोग समर्थन की मांग करेगें। जस्टा ने कहा सांसद सुरेश कश्यप के साथ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं जुब्बल नावर कोटखाई से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी चेतन बरागटा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेगे।



### भाजपा लोगों में भ्रम फैला रही : डॉ. बोरस

**रिकांगपिओ।** जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य व प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट डॉ. सूर्या बोरस ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल के किन्नौर दौरे में कार्यकर्ता के सिवा कोई बड़ी जनसभा नहीं थी। भाजपा लोगों में भ्रम फैला रही है कि इस बार देश में 400 के पार व प्रदेश मे चारों सीट जीतेंगे। डॉ. बोरस ने दावा किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में लोकसभा के चारों सीटों के साथ सभी विधानसभा के उपचुनाव कांग्रेस जीतेगी। बोरस ने कहा कि बिंदल जी का यह कहना कि जिला में सांसद निधि नहीं बांटी गई जो बेबुनियाद है। मंडी लोकसभा क्षेत्र सहित किन्नौर में समान सांसद निधि बांटी गई है

### परिवर्तित मौसम में सतर्कता बरतें : डॉ. प्रताप

**शिमला।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश प्रताप ने कहा कि मौसम परिवर्तित होते ही पीलिया, अतिसार (दस्त, उल्टी और आंत्रशोथ ) इत्यादि बीमारियां होने का अंदेशा रहता है। इन रोगों से हम सही जानकारी और सतर्कता बरतते हुए निजात पा सकते हैं। डॉक्टर राकेश प्रताप ने बताया कि दूषित खाद्य व दूषित पेय पदार्थ के सेवन से अतिसार, आंत्रशोथ, पीलिया व टाइफाइड होने का खतरा बढ़ जाता है। इन स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनसाधारण से आवाहन किया कि व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। पानी उबालकर पिए, हमेशा ताजा भोजन खाए और भोजन को ढक कर रखें।

### सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान आवश्यक

**कोटखाई।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत आज कोटखाई उपमंडल के ग्राम पंचायत पनोग के ग्राम बड़व में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। तहसीलदार कोटखाई ललित ने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ किशोर जोधा ने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने हेतु मत का प्रयोग करने की अपील की।

### लोगों को वोट देने के लिए किया प्रेरित



**रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पेखा में वीरवार को स्वीप एक्टिविटीज के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोंगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, रंगोली और भाषण के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया और कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान के पुरस्कार वितरित किए गए, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सयुंक्त रूप से पल्लवी व अमन और द्वितीय स्थान रक्षित, तीसरा स्थान अक्षु ने प्राप्त किया जबकि रंगोली में वंशिका और उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# मिड-डे मील कर्मियों को मई से मिलेगा बढ़ा हुआ मानदेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नर्सरी से आठवीं कक्षा के 5 लाख 42 हजार 798 छात्रों के दोपहर के भोजन यानि मिड-डे मील के लिए प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने 20 करोड़ 67 लाख 92 हजार करोड़ रुपए का बजट जारी किया है। इसी के साथ 21 हजार मिड-डे मील कर्मियों के मानदेय के लिए भी विभाग ने 8 करोड़ 59 लाख 8 हजार रुपए का बजट जारी किया है।

सरकार की बजट घोषणा के मुताबिक अप्रैल से इन कर्मियों का मानदेय बढ़ाया जाएगा। इन्हें 4500 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। सरकार ने वर्ष 2024-25 में इनके मानदेय में 500 रुपए की बढ़ौतरी की है, जो इन्हें मई महीने से दिया जाएगा। यानि मई महीने में इन्हें बढ़ा हुआ मानदेय दिया जाएगा।

### हर महीने की 7 तारीख को मिलेगा मानदेय

जानकारी के मुताबिक विभाग ने योजना के तहत जिलों को 29 करोड़ 27 लाख रुपए का बजट जारी किया है। इसमें छात्रों के दोपहर के भोजन और कर्मियों का मानदेय शामिल है। हाल ही में विभाग को केंद्र से मिड-डे मील यानि पीएम पोषण अभियान के लिए 25 करोड़ 95 लाख रुपए की तीसरी किस्त मिली थी। इसके अलावा इस राशि में प्रदेश सरकार का भी 10 प्रतिशत का शेयर शामिल किया गया, जिसे अब जिलों को जारी कर दिया गया है, ऐसे में इस बार स्कूलों में मिड-डे मील के बजट में कमी नहीं आएगी।

इसके साथ मिड-डे मील कर्मियों को भी समय पर मानदेय मिलेगा। सरकार के आदेशों के अनुसार कर्मियों को हर महीने की 7 तारीख को मानदेय दिया जाएगा।

मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

### सरकार ने कुकिंग कॉस्ट में नहीं की बढ़ोतरी

इस बार केंद्र सरकार ने कुकिंग कॉस्ट में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। ऐसे में पूर्व की दरें ही जारी रहेंगी। प्री-प्राइमरी व प्राथमिक स्कूलों के छात्रों के लिए 5.45 रुपए और मिडल स्कूलों के छात्रों के लिए 8.17 रुपए प्रति छात्र प्रतिदिन कुकिंग कॉस्ट रहेगी। इसी कॉस्ट के तहत जिलों को यह बजट जारी किया गया है।

## राज्य के अधिकांश भागों में आज बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के सभी क्षेत्रों में आज बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आने का पूर्वानुमान है। 23 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब रहेगा।

इस दौरान तापमान में भी कमी आने की संभावना जताई गई है। बुधवार को राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। ऊना में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 19 अप्रैल तक के लिए ऑरेंज और 20 से 23 अप्रैल तक बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है।

किन्नौर और लाहौल-स्पीति समेत शिमला, मंडी, कुल्लू और चंबा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इस दौरान बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में बारिश, ओलावृष्टि व अंधड़ की संभावना है। उधर, अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ न्यूनतम पारे में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

### राज्य के कई क्षेत्रों में बढ़ रहा अधिकतम तापमान

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ऊना | 33.4 | कांगड़ा | 31.0 | शिमला | 24.2 |
| बिलासपुर | 32.9 | भुंतर | 30.6 | मनाली | 23.6 |
| मंडी | 31.9 | चंबा | 29.8 | कल्पा | 20.9 |
| नाहन | 31.4 | सोलन | 29.5 | केलांग | 12.0 |
| सुंदरनगर | 31.1 | धर्मशाला | 27.4 | | |

## कांग्रेस ने अपनी गारंटियों को पूरा नहीं किया : देष्टा



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा व अन्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने आरोप लगाया कि सरकार आज चुनाव को सामने देख फिर लोक लुभावनी गारंटी दे रही हैं जबकि आज तक सत्ता में आने के लिए जो गारंटीयां दी थी उन्हें पूरा नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा किसान-बागवान अपनी फसल का खुद दाम तय करेगा परंतु यह कितना सफल रहा और कितना धरातल पर उतरा इसका भुक्तभोगी हर किसान और बागवान है। कांग्रेस ने यह गारंटी दी थी कि किलो के हिसाब से सेब बिकेंगे परन्तु उचित व्यवस्था न मिलने के कारण किसान बागवान प्रदेश के बाहर की मंडियों की ओर रुख करना पड़ा।

उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा जिस तरह पिछले वर्ष सरकार ने तय घोषणा की थी कि बागवान अपने सेबों का मूल्य स्वयं तय करेंगे उसका क्या हुआ? जो अव्यवस्था पिछले वर्ष मंडियों में देखने को मिली उससे बेहतर किसानो ने प्रदेश से बाहर का रुख करना ही उचित समझा।

उन्होंने कहा कि सरकार यदि सही मायनो में यूनिवर्सल कार्टन को लागु करना चाहते हैं तो इस संबंध में सारी स्थिति समय रहते स्पष्ट करनी चाहिए ताकि प्रदेश का बागवान पिछले वर्ष की तरह सरकार की बातों से गुमराह न हो व अपना नुकसान न कर बैठे।

## कांग्रेस पार्टी पर्यटन, गरीब, महिला, युवा किसान, बागवान विरोधी : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, कल्पा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने बालट्रांग में कल्पा मंडल जिला किन्नौर की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस पार्टी विकास, पर्यटन, गरीब, महिला, युवा, किसान, बागवान विरोधी है।



उन्होंके कहा की इस सरकार ने जनता का विश्वास अपने 15 महीने के छोटे से कार्यकाल में ही खो दिया। इस सरकार ने हिमाचल प्रदेश में महंगाई, कुप्रबंधन, फजुलखर्ची लाई। इस सरकार ने प्रदेश की भोली भाली जनता को ठगने का प्रयास किया। एक बार तो कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावो में जनता को ठग कर वोट प्राप्त कर लिया पर इस प्रकार की ठगी इन लोकसभा के चावन में नहीं चलेगी जनता सब जानती है कि सरकार में किन का कल्याण हुआ और किन का नहीं। अगर कल्याण हुआ तो इस सरकार में केवल मुख्यमंत्री के मित्रों का हुआ।

उन्होंने कहा की वर्ष 2019 के चुनाव में मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी स्व रामस्वरूप शर्मा ने 4,05459 मतों के अंतर से कांग्रेस को हराया था और इस बार भी भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से हिमाचल प्रदेश में चारों के चारों लोकसभा सीटों को जीतेगी, हम केवल लोकसभा सीटें नहीं जीतेंगे, हम हिमाचल प्रदेश में होने वाले 6 या 9 उपचुनाव भी जीतेंगे जनता में सरकार के प्रति बहुत रोष है।

## लोकसभा चुनाव-2024 के लिए लोगों की राय

### सोच समझ कर करना मतदान



देश के प्रत्येक आम आदमी सहित किसान बागवान और युवा बेरोजगारों के बारे में उपयुक्त दिशा में जो कदम उठाए जाने चाहिए वह नहीं उठाए जा रहे। ऐसे में सोच समझ कर देना मतदान तभी होगा।

-अभिजीत शर्मा शिमला

### भ्रष्टाचार मुक्त नेता होना जरूरी



राजनीति देश के विकास का महतपूर्ण स्तंभ है। चुनाव में स्वस्छ छवी और भ्रष्टाचार मुक्त राजनीतिज्ञों का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में देश के विजनरी राजनीतिक संगठन और उनके कार्यो को देखकर ही वोट करना देश हित में होगा।

-सौरभ शर्मा शिमला

## स्टेट एलीजिबिलिटी टेस्ट की परीक्षा दो सत्रों में होगी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट-2023 (सैट) का फाइनल शेड्यूल जारी कर दिया है। यह परीक्षा 28 अप्रैल को आयोजित होगी। दो सत्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा का पहला पेपर सुबह 11 से 12 बजे तक होगा। इस पेपर के लिए उम्मीदवारों को सुबह 10 बजे परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। इसके बाद दूसरा पेपर दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित होगा। इस परीक्षा के लिए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं।

एडमिट कार्ड लोक सेवा आयोग की संबंधित वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड किए जा सकते हैं। परीक्षा की सूचना जारी करते हुए लोक सेवा आयोग ने साफ किया है कि एक बार परीक्षा केंद्र आबंटित करने के बाद उसे बदला नहीं जाएगा। लोक सेवा आयोग के सचिव देवेंद्र कुमार रत्तन ने कहा कि स्क्रीनिंग टैस्ट में बैठने से पहले उम्मीदवार एडमिट कार्ड डाऊनलोड कर इसके साथ जारी दिशा-निर्देशों को पढ़ लें।

**चिंताजनक** 60 प्रतिशत मरीज तब अस्पताल आते हैं जब कैंसर उन्नत चरण में पहुंच जाता है, 17,212 हुई कैंसर रोगियों की संख्या

# हिमाचल में 10 साल में 800 प्रतिशत बढ़े कैंसर के मामले

**अरविंद शर्मा, शिमला**

शिमला स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से पता चला है कि राज्य में 2013 से 2022 के बीच कैंसर के मामलों में 800 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। हिमाचल में विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पंजीकृत कैंसर रोगियों की संख्या 2013 में 2,149 से बढ़कर 2022 में चिंताजनक रूप से 17,212 हो गई है।

सरकार कैंसर रोगियों में वृद्धि का श्रेय राज्य के ग्रामीण और दूर-दराज के स्थानों में बेहतर निदान सुविधाओं और अधिक जागरूकता को देती है।

सीएम सुक्खू ने खुलासा किया कि हर साल लगभग 8,500 मामलों का पता लगाया जाता है, जबकि दूरदराज के इलाकों में कई मामलों का पता नहीं चल पाता है। उन्होंने कहा, राज्य के हर कोने में सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना मेरी प्राथमिकता है और यह राज्य सरकार का मुख्य फोकस क्षेत्र है। (अनंत ज्ञान)

### प्रारंभिक चरण में ही हो जाता है कैंसर का निदान

**विशेष** रूप से, राज्य सरकार हमीरपुर में केंद्र वित्त पोषित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान स्थापित करने की संभावना भी तलाश रही है। हिमाचल में मरीजों की संख्या बहुत अधिक है। इसके अलावा, राज्य में मरीजों के पास अधिक नैदानिक सुविधाएं हैं इसलिए वे अब अधिक सामने आते हैं और मामलों का प्रारंभिक चरण में ही निदान हो जाता है।

### क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल में रोगियों की भारी भीड़

राज्य के पहले कैंसर अस्पताल, इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल में रोगियों की भारी भीड़ देखी जाती है। अस्पताल में अभी तक पीईटी स्कैन की सुविधा नहीं हो, जो कैंसर का पता लगाने में एक इमेजिंग परीक्षण कुंजी है, जिससे मरीजों को कहीं और यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### फेफड़ों के कैंसर की संख्या में हो रही बढ़ोतरी

प्रदेश में फेफड़ों के कैंसर के बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं। फेफड़े के कैंसर के मरीज राज्य भर से आते हैं। शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में रेडियोथेरेपी विभाग के प्रमुख मनीष गुप्ता ने कहा, अधिक मुश्किल बात यह है कि 60 प्रतिशत मरीज तब अस्पताल आते हैं जब कैंसर उन्नत चरण में पहुंच जाता है।

### महिलाओं में बढ़ रहे स्तन कैंसर के मामले

स्तन कैंसर के मामले भी अधिक संख्या में हैं, विशेषकर 25 से 35 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं में आनुवंशिक कारक और स्तन कैंसर का पारिवारिक इतिहास जोखिम को बढ़ाता है। यह कारक हमारे नियंत्रण से बाहर हैं लेकिन कई अध्ययनों में मोटापा, खराब जीवनशैली, धूम्रपान और शराब पीने जैसे कारकों की पहचान की गई है।

### सर्वाइकल कैंसर से 10 प्रतिशत महिलाएं पीड़ित

राज्य के एकमात्र मातृ-शिशु अस्पताल शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में सहायक प्रोफेसर ज्योति महाजन ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर का प्रचलन बढ़ रहा है और लगभग 10 प्रतिशत महिलाएं इससे पीड़ित हैं। क्षेत्रवार कोई अध्ययन नहीं हुआ है, लेकिन उपलब्ध जानकारी के अनुसार, चंबा और कुल्लू जिलों से अधिक मामले सामने आए हैं।

### हिमाचल में पांच प्रतिशत मरीज गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर से पीड़ित

**एचपीवी** एक सामान्य वायरस है जो संभोग के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यौन रूप से सक्रिय कम से कम आधे लोगों को अपने जीवन में किसी न किसी समय एचपीवी होगा, लेकिन केवल कुछ ही सर्वाइकल कैंसर की रिपोर्ट करते हैं। कमला नेहरू अस्पताल में सहायक प्रोफेसर ज्योति महाजन कहते हैं हिमाचल में अन्य 5 प्रतिशत मरीज गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर से पीड़ित हैं, जो पाचन तंत्र के साथ विकसित होता है। मांसाहारी भोजन की आदत वाले क्षेत्रों से अधिक मामले सामने आए।



### साल दर साल बढ़ते मामले

| वर्ष | टोटल केस |
|---|---|
| 2013 | 2,149 |
| 2014 | 2,258 |
| 2015 | 2,315 |
| 2016 | 2,494 |
| 2017 | 7,101 |
| 2018 | 8,807 |
| 2019 | 11,604 |
| 2020 | 8,385 |
| 2021 | 13,248 |
| 2022 | 17,212 |

## रेंडमाइजेशन के बाद होगी मतदान कर्मियों की रिहर्सल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की उपस्थिति में मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के कुल 1,058 मतदान केंद्रों में तैनात किए जाने वाले पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 7231 कर्मियों के डाटा की पहली रेंडमाइजेशन में कर्मियों के डाटा को मिक्स करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया और अंत में उसे लॉक कर दिया गया।

इसके पश्चात कर्मियों की चुनाव ड्यूटी कहां लगी है और कहां उनकी रिहर्सल होनी है, इस संबंध में आदेश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव कर्मियों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 24 अप्रैल 2024 से रिहर्सल आरम्भ हो रही हैं जिसके अनुसार जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 24 अप्रैल को ठाकुर राम लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में होगी और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 25 अप्रैल को राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली के सभागार में दो बैच में होगी।

चौपाल विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 26 अप्रैल को तहसील ग्राउंड चौपाल तथा ठियोग विधानसभा क्षेत्र में 28 अप्रैल को राजकीय आईटीआई ग्राउंड ठियोग स्थित जैस में होगी।

कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के सभागार में और शिमला विधानसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डेवोन कॉनवे चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। पिछले दो आईपीएल सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करने वाले कॉनवे ने 23 मैच खेले और 924 रन बनाए, जिसमें 9 अर्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 92 है। सीएसके ने टाटा आईपीएल 2024 के शेष मैच के लिए इंग्लिश क्रिकेटर रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है।

### पंत की गतिशीलता टीम प्रबंधन के लिए अच्छा संकेत: पीटरसन

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में ऋषभ पंत की गतिशीलता उनके और भारतीय टीम प्रबंधन के लिए टी20 विश्व कप से पहले अच्छा संकेत हैं। पंत ने इस मैच में दो कैच लपके, एक स्टंपिंग की और 16 रन भी बनाए। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हराया और पंत को उनकी विकेट कीपिंग के लिए 'प्लेयर आफ द मैच' चुना गया।

### मैनचेस्टर सिटी को हराकर रीयाल मैड्रिड सेमीफाइनलस में



**मैनचेस्टर।** रीयाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4 - 3 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही रीयाल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया। इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैंपियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया।

### बुमराह को छोड़कर, एमआई की गेंदबाजी काफी कमजोर: फिंच

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ मुंबई इंडियंस (एमआई) के मैच से पहले, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली मुंबई टीम की गेंदबाजी की आलोचना करते हुए गहराई और निरंतरता की कमी पर प्रकाश डाला। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले के दौरान एमआई गेंदबाजों का हाल बेहद खराब नजर आया। केवल जसप्रीत बुमराह को छोड़कर टीम की गेंदबाजी काफी कमजोर नजर आई।

### भारत से दुबई के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने रद्द की उड़ानें

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया है। दुबई का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी इससे अछूता नहीं रहा। देश के विभिन्न शहरों से दुबई के लिए उड़ानों का संचालन करने वाली एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। टाटा की अगुआई वाली एयर इंडिया और इंडिगो हफ्ते में दुबई समेत संयुक्त अरब अमीरात के विभिन्न शहरों लिए करीब 72 उड़ानों का संचालन करती हैं।



### रामनगर में फिर बढ़ा गुलदार का आतंक, युवक को बनाया शिकार

**रामनगर।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में वन्य जीवों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रामनगर और उसके आसपास के इलाकों में आए दिन गुलदारों के हमले सामने आ रहे हैं। एक बार फिर रामनगर के कॉर्बेट क्षेत्र से लगे बासीटीला गांव में खेत की रखवाली कर रहे युवक को गुलदार ने हमला कर मार डाला। आक्रोशित ग्रामीणों ने गुलदार को मारने की मांग की। बुधवार देर रात मनोरथपुर बासीटीला में 35 वर्षीय प्रमोद तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी घर के पास खेतों की देखभाल के लिए निकले थे। पप्पू को ढूंढ रहे ग्रामीणों को 50 मीटर दूर उसका चश्मा और चप्पल मिला, फिर कुछ दूरी पर उसका शव। युवक के कान से लेकर गर्दन तक गहरे घाव थे।

### भूकंप के तेज झटकों से हिला जापान, कोई बड़ा नुकसान नहीं

**टोक्यो।** पश्चिमी जापान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गई। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने गुरुवार सुबह पत्रकारों से कहा कि भूकंप के बाद किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनएचके ने बताया कि 'भूकंप से एहिमे और कोची में सात लोगों को हल्की चोटें आई हैं। कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जिसमें पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन शामिल है। समाचार एजेंसी शिंहुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम एजेंसी ने शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी। लेकिन बाद में तीव्रता 6.6 बताई गई।

### महबूबा, अल्ताफ व जफर ने भरा अनंतनाग से नामांकन

**जम्मू।** अनंतनाग-राजोरी लोकसभा सीट पर चुनावी रण शुरू हो गया है, क्योंकि एक तरफ यहां गुलाम नबी आजाद इस सीट से पीछे हट गए हैं, वहीं वीरवार को पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उम्मीदवार मियां अल्ताफ और जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के प्रत्याशी जफर मन्हास ने वहां से आपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नेकां उम्मीदवार मियां अल्ताफ के साथ पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जीए मीर, अजय सडोत्रा, रतन लाल गुप्ता व अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उमर ने मियां अल्ताफ को इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी बताया।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

**एजेंसी, लखनऊ**



लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी, तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी, जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हैं, जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं।

यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं, मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है, जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन देखना यह है कि वह शुक्रवार को खेल पाते हैं या नहीं। स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं, लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके। बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी।

लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। उनका पूरा इस्तेमाल नहीं करने का खामियाजा भी टीम को भुगतना पड़ा है। कप्तान राहुल भी 204 रन ही बना सके और अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। निकोलस पूरन ने छह मैचों में 19 छक्के लगाए हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद होगी।

## कैंडिडेट्स शतरंज

# गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे



**एजेंसी, टोरंटो**

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा।

प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोंनियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूर्नामेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोंनियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली। कारूआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5 – 5 और गुजराती के पांच अंक हैं।

महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढ़त मिल गई है, जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर है। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया, जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

## हमवतन साचिया विकेरी को हराकर कोको गॉ स्टटगार्ट टेनिस के क्वार्टरफाइनल में

**एजेंसी, जर्मनी**



अमेरिका की कोको गॉ ने हमवतन साचिया विकेरी को 6 – 3, 4 – 6, 7 – 5 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज विकेरी ने 19 ब्रेक प्वाइंट बनाए, लेकिन सात को ही भुना सकी।

दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉ ने मैच में 15 दोहरी गलतियां की, लेकिन तीसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पहले दौर में गॉ को बाय मिला था। अब उनका सामना झेंग किनवेन और मार्टा कोस्टियुक के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई जब उनकी करीबी मित्र और प्रतिद्वंद्वी पाउला बाडोसा तीसरे सेट में स्कोर 3–3 रहने के बाद पैर की चोट के कारण रिटायर हो गई। उस समय दोनों ने एक एक सेट जीत रखा था। एम्मा राडुकानू ने एंजेलिक कर्बर को पहले दौर में 6 – 2, 6 – 1 से हराया। वहीं, ओंस जबाउर ने रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2 –6, 6–3, 7– 6 से मात दी।

## डब्ल्यूसीपीएल 2024: 21 से 29 अगस्त तक त्रिनिदाद और टोबैगो करेगा मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) 2024 का आयोजन 21 से 29 अगस्त तक त्रिनिदाद और टोबैगो में किया जाएगा। टूर्नामेंट में तीन टीमें बारबाडोस रॉयल्स, गुयाना अमेजन वॉरियर्स और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स शामिल होंगी। टूर्नामेंट में छह ग्रुप मैच होंगे और फाइनल मुकाबला 29 अगस्त को खेला जाएगा।

यह पहली बार होगा कि डब्ल्यूसीपीएल पुरुषों की रिपब्लिक बैंक कैरेबियन प्रीमियर लीग से पहले होगा, जिसमें पूरे क्षेत्र और दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। कैरेबियन प्रीमियर लीग के सीईओ पीट रसेल ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हम इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए सहमत होने के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो को धन्यवाद देना चाहते हैं और हम पुरुषों के टूर्नामेंट शुरू होने से पहले डब्ल्यूसीपीएल के आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो सरकार ने महिलाओं के खेल के प्रति जो प्रतिबद्धता दिखाई है। वह अभूतपूर्व है और हम 21 से 29 अगस्त तक इन सात मैचों में विश्व स्तरीय क्रिकेट की एक और शानदार प्रदर्शनी की उम्मीद कर रहे हैं।

खेल और सामुदायिक विकास मंत्री, शम्फा कुडजो–लुईस ने कहा, हमें एक बार फिर महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है, जहां पूरे क्षेत्र से खेल में महिलाओं की असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट हमारी महिला क्रिकेटरों के अविश्वसनीय कौशल को उजागर करता है।

## अमेठी में कांग्रेस को झटका राहुल गांधी का चुनाव प्रचार संभालने वाले नेता ने छोड़ा साथ

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच उत्तर प्रदेश स्थित अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के प्रदेश सह समन्वयक विकास अग्रहरि ने भारतीय जनता पार्टी की नेता, केंद्रीय मंत्री और प्रत्याशी स्मृति ईरानी की मौजूदगी में बीजेपी का दामन थामा। भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने विकास अग्रहरि को पार्टी में शामिल किया। विकास राहुल गांधी का चुनाव प्रचार संभालते थे। जगदीशपुर के रहने वाले विकास अग्रहरि को कांग्रेस ने प्रदेश सह समन्वयक बनाया था। विकास को बुधवार को ही यूपी कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश सह समन्वयक बनाया गया था।



## मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचा: अनुराग

**एजेंसी, जामनगर**



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वीरवार को गुजरात के जामनगर में पार्टी के चुनावी प्रचार कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी ने भारतवर्ष के चारों अमृत स्तंभ यानी युवा, महिलाएं, किसान और गरीब को जो विकास और सम्मान दिया है, वह कांग्रेस ने 60 वर्षों में भी नहीं दिया। आज भारत तेजी से गरीबी को मिटाकर आत्मनिर्भर तो बन ही रहा है, इसके साथ ही मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल, यानी मोदी 3.0 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अभी से ब्लूप्रिंट पर काम करना चालू कर दिया है।

अगले तीन वर्षों में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के कुशासन के बाद मोदी के 10 वर्षों का यह सुशासन देश के लिए बेहद जरूरी था।

## पर्चा दाखिल करने से पहले साणंद में अमित शाह का शक्ति प्रदर्शन

**एजेंसी, साणंद (गुजरात)**

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। उससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने साणंद में रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया। अमित शाह के रोड शो में हजारों की तादाद में लोग उमड़े। गृह मंत्री खास तौर पर डिजाइन किए गए रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवादन करते रहे।

रोड शो में शामिल भाजपा नेता–कार्यकर्ता के साथ ही आमलोग अमित शाह और भाजपा के समर्थन में नारे लगाते रहे। बता दें कि अमित शाह गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र से बतौर भाजपा प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे। अमित शाह गांधीनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं। गुरुवार को उन्होंने रोड शो किया और देर शाम जनसभा को भी संबोधित किया। इसके बाद अमित शाह शुक्रवार 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे। बता दें कि 19 अप्रैल को पर्चा दाखिल करने का आखिरी दिन भी है।




साणंद में रोड शो करते गृह मंत्री अमित शाह।

# 300 अंक उछला सेंसेक्स, निफ्टी 22 हजार के पार

## तीन दिन बाद लौटी बाजार की रौनक, ग्लोबल मार्केट में दिखे मिले-जुले संकेत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



शेयर बाजार की गुरुवार को तेजी के साथ शुरुआत हुई। बाजार में करीब बीते तीन कारोबारी दिनों में बिकवाली का माहौल था, लेकिन वीरवार को बाजार में खरीददारी देखने को मिली। बाजार के प्रमुख इंडेक्स ने हरे निशान में कारोबार किया।

सेंसेक्स करीब 300 अंक उछलकर 73,200 के पार पहुंच गया। वहीं, निफ्टी भी 100 अंक ऊपर 22250 के पार ट्रेड किया। हालांकि ग्लोबल मार्केट में मिले जुले संकेत देखने को मिले। गिफ्ट निफ्टी 22150 के नीचे फिसल गया है। ग्लोबल मार्केट की बात करें तो अमेरिकी शेयर बाजारों में भी बिकवाली जारी है। बुधवार को रामनवमी के मौके पर बाजार बंद था। इससे पहले मंगलवार को ईरान–इसराइल युद्ध का असर देसी शेयर बाजार पर लगातार तीसरे दिन भी हावी रहा। मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के कारण इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही। मंगलवार को बीएससी सेंसेक्स 456 अंक कमजोर हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 124 अंक की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक बाजारों में, स्मॉलकैप की मांग थी। एनएसई पर स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि मिडकैप इंडेक्स कारोबार के उतार–चढ़ाव भरे दिन के बाद 0.1 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

### सेंसेक्स में भी गिरावट

**बीएसई** का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 456.10 अंक, यानी 0.62 फीसदी की बढ़त के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में वीरवार को 72,685.03 और 73,135.43 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 124.60 अंक, यानी 0.56 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 22,079.45 और 22,213.75 के रेंज में कारोबार हुआ।

## बृजभूषण बोले- जब महिला पहलवान का यौन उत्पीड़न किया, तब नहीं था दिल्ली में

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना आदेश टाल दिया, क्योंकि उन्होंने मामले में आगे की जांच की मांग की थी।

उन्होंने वीरवार को अपनी दलील का बचाव करते हुए अदालत को बताया कि वह उस समय दिल्ली में नहीं थे, जब उनके खिलाफ शिकायत करने वाली एक पहलवान का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने इस संबंध में सिंह द्वारा दायर आवेदन पर आदेश सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने कहा कि उनकी अर्जी पर फैसला 26 अप्रैल को सुनाया जाएगा।

## सर्राफा बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक सोना और चांदी में मामूली गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रामनवमी बीतने के बाद वीरवार घरेलू सर्राफा बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक लगता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि वीरवार की गिरावट के बावजूद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 74,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर ही कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 68 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब बना हुआ है। सोने की तरह ही चांदी में भी मामूली गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण वीरवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 86,400 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना वीरवार को 74,120 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,940 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,120 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,940 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

**चिंता** बाबा वेंगा की भविष्यवाणी डरा रही, 9/11 और कोरोना संकट हो चुका है सच

# इसराइल और ईरान की लड़ाई से शुरू होगा तीसरा विश्व युद्ध?

**एजेंसी, तेल अवीव**

नेत्रहीन बाबा वेंगा ने दुनिया भले नहीं देखी, लेकिन उन्होंने इसके भविष्य के बारे में जो बातें बताईं, उसने उन्हें दुनियाभर में मशहूर कर दिया। फिर चाहे वह अमेरिका पर 9/11 का भीषण हमला हो या कोविड वायरस की महामारी, बाबा वेंगा ने जो भी बताया था वह सच साबित हुआ।

ऐसी ही एक भविष्यवाणी बाबा वेंगा ने साल 2024 में तीसरे विश्व युद्ध को लेकर की थी। ईरान के इसराइल पर हमले के बाद अब लोगों को डर लगने लगा है कि क्या बाबा वेंगा की यह भविष्यवाणी भी सच होने जा रही है। बाबा वेंगा का जन्म बुल्गारिया में 1911 में हुआ था। बचपन में ही अपनी आंखों की रोशनी खोने वाली बाबा वेंगा ने दुनिया का भविष्य जितना साफ देखा, उसके चलते उन्हें बाल्कन का नास्त्रेदमस कहा जाता है। उन्होंने 5000 से ज्यादा भविष्यवाणियां की थीं, जिनमें कई आश्चर्यजनक रूप से सही साबित हुईं। उन्होंने दुनिया के अंत की तारीख भी बताई है। बाबा वेंगा का 1997 में निधन हो गया था, लेकिन उनकी भविष्यवाणियां मौत के बाद भी सच साबित होती रहीं हैं।



बाबा वेंगा की सबसे महत्वपूर्ण भविष्यवाणी जो सच हुई वह थी अमेरिका न्यूयार्क में 11 सितंबर 2001 में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला, जिसमें 3000 से ज्यादा लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा था कि स्टील के पक्षियों के हमले में दो अमेरिकी भाई गिर जाएंगे।

इसमें निर्दोषों का खून बह रहा होगा। इस भविष्यवाणी में स्टील बर्ड को आसमान में प्लेन से समझा गया था और दो भाई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के टॉवर थे, जो जहाज टकराने के बाद गिर गए थे। बाबा वेंगा ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को लेकर भी पहले ही बता दिया था। उन्होंने कोरोना वायरस महामारी के आने के बारे में भी अपनी भविष्यवाणी की थी।